सूर्योदय 5:53 सूर्यास्त 6:53

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,307 |
| निफ्टी | 24,870 |

सोना 99,358 चांदी 1,13,906

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट से लिया संन्यास

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 25 अगस्त 2025 | 10 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 237, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### अब यूरोपीय देशों ने रोकी अमेरिका की डाकसेवा

**एजेंसी, लंदन/पेरिस।** भारत के बाद कई यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। इनमें भारत, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया समेत कई देश शामिल हैं। सर्विस सस्पेंड होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ नियम हैं। दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने इसी साल 30 जुलाई को आदेश जारी किया था, जिसमें 800 डॉलर (70 हजार रुपए) तक के सामान पर मिलने वाली टैरिफ छूट को खत्म कर दिया गया है। यह छूट 29 अगस्त से खत्म हो जाएगी। यूरोपियन डाक संगठन पोस्ट यूरोप और दूसरे डाक विभागों के मुताबिक नए नियमों पर अब तक साफ जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए फिलहाल डाक से सामान भेजने की सेवाएं रोकी जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### पुतिन के बाद जेलेंस्की भी आ सकते हैं भारत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरा जोर लगाए हुए हैं। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के भारत आने की उम्मीद है। यह यात्रा पिछले साल कीव यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए निमंत्रण के बाद हो रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के भारत आने के बाद जेलेंस्की भारत का दौरा कर सकते हैं। भारत में यूक्रेनी राजदूत ओलेक्सांद्र पोलिशचुक ने इसकी पुष्टि की है। दोनों पक्ष तारीखों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पोलिशचुक ने रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने में भारत से और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन भारत को मास्को के साथ अपने दीर्घकालिक संबंधों के कारण संभावित शांति वार्ता में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में देखता है। (अनंत ज्ञान)

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने बदली दंपती की फांसी की सजा

**एजेंसी, कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक सनसनीखेज मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। आंध्र प्रदेश के रहने वाले एक दंपती को, जिन पर एक साल के मासूम बच्चे की हत्या का दोष साबित हुआ था, मिली फांसी की सजा को घटाकर उम्रकैद कर दिया गया है। अदालत ने साफ कहा कि यह मामला सबसे दुर्लभ मामलों में से दुर्लभ की श्रेणी में नहीं आता, इसलिए मृत्युदंड की बजाय आजीवन कारावास उपयुक्त होगा। अदालत ने आदेश दिया कि उनकी उम्रकैद का मतलब कम से कम 40 साल की जेल, जिसमें किसी तरह की छूट या रियायत नहीं मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मुख्यमंत्री ने झूठ बोलने में की पीएचडी: इंद्रदत्त लखनपाल -पेज 2
- सपरून में कूड़े के अंबार सीवरेज-निकासी की मार -पेज 3
- एम्स में सुविधाओं के अभाव से मरीज व परिजन परेशान -पेज 9
- फ्रांटी सेंटर में बरसात पड़ी भारी, दर्जनों मकानों में आई दरारें -पेज 11
- सोलन हॉस्पिटल पर 3.72 करोड़ रुपए की देनदारी -पेज 12


# डलहौजी में फटा बादल, वाहन बहे

## घरों में घुसा पानी और कीचड़; तलाई में जंजघर बहा, बिजली के खंभे टूटे

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिले के डलहौजी उपमंडल के डलहौजी-तलाई मार्ग पर रविवार सुबह बादल फटने की घटना सामने आई है। इस मार्ग पर बादल फटने से साथ बहते नाले में पानी का बहाव इतना तेज हो गया कि उसका जलस्तर बनियाला गांव तक पहुंच गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पानी और सैलाब में कई वाहन बह गए। बनीखेत में भी नालों ने रौद्र रूप धारण कर लिया। यहां पानी और कीचड़ घरों के भीतर तक घुस आया, जिससे पूरे इलाके में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

वहीं, तलाई क्षेत्र में बाढ़ की चपेट में एक जंजघर बह गया तथा बिजली के खंभे और तार भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। भारी भूस्खलन के कारण गांधी चौक से सुभाष चौक तक जाने वाला मार्ग भी पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है। उधर, चंबा के तरेलू, सरोल और ब्रेही क्षेत्रों में भी बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे प्रशासन के सामने राहत और बचाव कार्य की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द राहत सामग्री उपलब्ध करवाने और मार्गों को बहाल करने की गुहार लगाई है।



चंबा जिले के डलहौजी में बादल फटने से हुआ नुकसान।

## कुल्लू की लगघाटी की 4 पंचायतों का संपर्क अन्य क्षेत्रों से कटा

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** कुल्लू जिले में जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है, जिससे राहगीरों की समस्या बढ़ गई है। मनाली के धुंधी में लगातार जारी भूस्खलन से रास्ता एक तरफा हो गया है। जिले में शनिवार रात से लगातार हो रही बारिश के कारण दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कई गांवों को जहां भूस्खलन के कारण खतरा पैदा हो गया है, वहीं जिले में अभी तक कुल 101 सड़क मार्ग बाधित हैं, जबकि 25 डीटीआर अभी भी बंद होने के कारण कई गांव अंधेरे में डूबे हैं। जिला मुख्यालय के साथ लगती लगघाटी की चार पंचायतों का संपर्क शेष दुनिया से पूरी तरह से कटा हुआ है। घाटी को जाने वाली सड़कें कई जगह से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### मणिमहेश यात्रा पर लगी अस्थायी रोक

**भरमौर।** हिमाचल की पवित्र मणिमहेश यात्रा एक बार फिर प्रकृति के प्रकोप के चलते थम गई। रविवार दोपहर होते-होते तेज बारिश और लगातार गिरते पत्थरों ने हालात बिगाड़ दिए, जिसके बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है।

# भारत-चीन शिपकी-ला से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारत और चीन ने 2026 से सीमा व्यापार पुनः शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। यह व्यापार तीन प्रमुख दर्रों लिपुलेख, शिपकी-ला और नाथू-ला के माध्यम से होगा। साथ ही कैलाश पर्वत, मानसरोवर झील तथा गंग रेनपोछे की तीर्थयात्रा भी पुनः शुरू की जाएगी। कांग्रेस सरकार लंबे समय से शिपकी-ला दर्रे (किन्नौर) के माध्यम से चीन के साथ व्यापार बहाल करने के लिए प्रयासरत थी। इस दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में लगातार संवाद जारी रहा।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए भी खुलेगा नया मार्ग

हाल ही में भारत दौरे पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग यी और भारत के केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के बीच इस विषय पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के व्यक्तिगत प्रयासों से केंद्र सरकार ने भारत-तिब्बत ऐतिहासिक व्यापार मार्ग को बहाल करने पर सहमति जताई और चीन के समक्ष औपचारिक प्रस्ताव रखा। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक सहमति बनी।

### सीएम ने जताया केंद्र सरकार का आभार



**मुख्यमंत्री** ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है कि उसने द्विपक्षीय वार्ता में हिमाचल के हितों को प्रमुखता दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिपकी ला, जो कभी प्रसिद्ध सिल्क रूट का हिस्सा था, वर्ष 1994 में भारत-चीन द्विपक्षीय समझौते के तहत एक औपचारिक व्यापारिक बिंदु बना। इसका ऐतिहासिक महत्व रहा है और यह ट्रांस-हिमालयी आर्थिक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र रहा है। सरकार को विश्वास है कि इस व्यापार बहाली से पर्यटन, सांस्कृतिक संपर्क और आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

विदेश मंत्री ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में सूचित किया है कि पांच वर्षों के अंतराल के बाद लिपुलेख और नाथू-ला मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा पुनः शुरू की जा चुकी है। शिपकी-ला को अतिरिक्त मार्ग के रूप में जोड़ा जाना एक सराहनीय उपलब्धि है।

# विस अध्यक्ष पठानिया ने दिल्ली में गृहमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

दिल्ली यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ कई महत्वपूर्ण शिष्टाचार भेंट और विचार-विमर्श किए। रविवार को दिल्ली विधानसभा में आयोजित पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भारत के गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट के दौरान उन्होंने संसदीय परंपराओं, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं तथा राज्यों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया।

इससे पहले शनिवार रात्रि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा आयोजित भोज के अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के मध्य अगले दिन होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई थी इस दौरान हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार भी उपस्थित रहे। भोज के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया एवं उपाध्यक्ष विनय कुमार ने शिष्टाचार भेंट भी की तथा राज्य स्तरीय विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा की।



## लाहौल-स्पीति और कुल्लू की पहाड़ियों पर ताजा बर्फबारी

**अनंत ज्ञान, कुल्लू/ केलांग।**

लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिले की ऊंची पहाड़ियों पर अगस्त माह के तीसरे सप्ताह में बर्फ के फाहे गिरने से ठंड ने दस्तक दे दी है। 14 हजार फुट ऊंची पहाड़ियों पर रविवार को बर्फ के फाहे गिरे। जहां चोटियों पर बर्फबारी हुई तो मैदानी क्षेत्रों में बारिश हुई, जिससे मौसम ठंडा हो गया। हालांकि अभी बर्फबारी ऊंची पहाड़ियों पर ही हुई है, लेकिन मौसम के तेवर ऐसे ही रहे तो बर्फबारी निचले इलाकों में भी हो सकती है। इस कारण भेड़ पालकों की दिक्कत बढ़ सकती है। मौसम ने करवट बदलकर इन भेड़ पालकों की चिंताओं को भी बढ़ा दिया है। वहीं, डीएसपी केलांग रश्मि शर्मा ने बताया कि हल्के हिमपात के बीच रविवार को सभी दर्रों से वाहनों की आवाजाही सुचारु रही।

# 9वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों के व्यक्तित्व की होगी परख

## प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड बनेगा आधार, जल्द लॉन्च होगा कार्ड

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** प्रदेश में 9वीं से 12वीं के बच्चों के व्यक्तित्व का आकलन हो सकेगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा लॉन्च किया जाने वाला होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (एचपीसी) इसके लिए जरिया बनेगा। जानकारी के अनुसार एचपीसी को डिजिटल फॉर्म में लॉन्च किया जाएगा। इसके माध्यम से 9वीं से 12वीं कक्षा तक बच्चे की चार साल की उपलब्धियों व कमियों को जानना भी आसान हो जाएगा।

### चार साल में बच्चों की उपलब्धियों व कमियों का भी लग सकेगा पता

शिक्षा बोर्ड प्रशासन के अनुसार, पूर्व में बच्चे के प्रोग्रेस कार्ड में बच्चे के अकादमिक प्रदर्शन का ब्योरा दिया जाता था, जबकि अब नई शिक्षा नीति के तहत इस पर जोर दिया जा रहा है कि बच्चे के पहलू का मूल्यांकन किया जाए। होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड में बच्चे की बेसिक, हेल्थ, अकादमिक व अन्य गतिविधियों की जानकारी होगी।

होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड में बच्चों के व्यक्तित्व का 360 डिग्री आकलन किया जा सकेगा। गौरतलब है कि एचपीसी, परख की ही पहल है। एचपीसी चार अलग तरह का है, जिसमें फाउंडेशन स्टेज, मिडल और सेकंडरी स्टेज शामिल हैं। एचपीसीए को बोर्ड द्वारा फिजिकल के बजाए डिजिटल फॉर्म में लॉन्च किया जाएगा।

### प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आज से, 200 शिक्षक लेंगे हिस्सा

**प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड में 25 से 31 अगस्त तक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर के 200 शिक्षक भाग लेंगे। कार्यशाला के पहले दिन होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (एचपीसी) पर मंथन किया जाएगा। वहीं, शेष तीन दिनों में कंपीटेंसी आधारित प्रश्न और लर्निंग पर कार्यशाला होगी।

**अनंत ज्ञान विशेष**



"प्रदेश में 9वीं से 12वीं कक्षाओं तक के बच्चों का होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड बनाया जाएगा, जिसमें बच्चों की 4 साल की हर प्रकार की गतिविधि की जानकारी उपलब्ध रहेगी। बच्चों की उपलब्धियों व कमियों का भी आकलन इस कार्ड के माध्यम से किया जा सकेगा। इस कड़ी में शिक्षा बोर्ड मुख्यालय में 25 से 31 अगस्त तक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।"

**डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड**

# गगनयान : पहला एयर ड्रॉप टेस्ट सफल

## परीक्षण में इसरो की सशस्त्र बलों ने भी की मदद

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इसरो ने गगनयान मिशन की तैयारी तेज कर दी है। इसरो ने रविवार को पैराशूट आधारित डीसेलेरेशन सिस्टम का प्रदर्शन किया। इसके तहत एयर ड्रॉप सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया। इसमें सशस्त्र बलों ने भी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) की मदद की। इसरो ने एक्स पर लिखा कि गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित डीसेलेरेशन सिस्टम के संपूर्ण प्रदर्शन के लिए पहला एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। यह परीक्षण इसरो, भारतीय वायु सेना, डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल का संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। (अनंत ज्ञान)

### इस मिशन से भारत को होंगे ये फायदे

- **स्पेस** एक बढ़ती हुई इकोनॉमी है, जो 2035 तक 1.8 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 154 लाख करोड़ रुपए की हो जाएगी। इसलिए भारत का इसमें बना रहना जरूरी है।
- **रूस,** अमेरिका और चीन के बाद भारत स्पेस में इंसान भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा।
- **स्पेस** के जरिए सोलर सिस्टम के अन्य पहलुओं की रिसर्च का रास्ता खुलेगा।
- **भारत** को खुद का स्पेस स्टेशन बनाने के प्रोजेक्ट में मदद मिलेगी।
- **रिसर्च** और डेवलपमेंट के क्षेत्र में नए रोजगार बनेंगे।
- **निवेश** बढ़ेगा, जिससे इकोनॉमी को बूस्ट मिलेगा।
- **स्पेस** इंडस्ट्री में काम करने वाले दूसरे देशों के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

### आखिर क्या है भारत का गगनयान मिशन?

गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। यान को इसी साल लॉन्च करने की योजना है। पहले मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।

# जेएंडके के स्कूलों में सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी बढ़ी

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों ने कई स्कूलों में निगरानी बढ़ा दी है। इसकी वजह प्राइवेट स्कूलों की लड़कियों के बीच धार्मिक कट्टरपंथी विचारधाराओं को फैलाने की कोशिशें होना है। स्कूलों में नशीली दवाओं का इस्तेमाल भी बढ़ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ प्राइवेट स्कूलों में कट्टर विचार फैलाए जाने की खबर मिली थी। इसके बाद उनको चेतावनी दी गई है। यह कार्रवाई युवाओं को चरमपंथी विचारों से बचाने के लिए की जा रही है। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घाटी में युवाओं और लड़कियों के बीच अखिल-इस्लामी विचारधारा अचानक बढ़ रही है। कट्टरपंथी मौलवी उन्हें इस्लाम की सख्त व्याख्या सिखा रहे हैं। इसमें सूफी संतों और ऋषियों के दरगाह पर जाना और वहां चढ़ावा चढ़ाना गैर-इस्लामी बताया जा रहा है। कुछ पूर्व अलगाववादी भी इस बढ़ते धार्मिक कट्टरपंथ से परेशान हैं। उन्हें डर है कि पाकिस्तान की ओर से थोपे जा रहे धार्मिक उग्रवाद से कश्मीर की सदियों पुरानी सूफी परंपरा कमजोर हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

### लड़कियों के बीच कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने की आशंका

# अनिल अंबानी का बैंक ऑफ इंडिया का अकाउंट फ्रॉड घोषित

**एजेंसी, मुंबई**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद बैंक ऑफ इंडिया ने भी अनिल अंबानी की रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के लोन खाते को फ्रॉड घोषित किया है। बैंक ऑफ इंडिया ने फाइलिंग में बताया है कि हमसे लिए फंड का गलत इस्तेमाल किया गया था। लोन का यह मामला 2016 का है। बैंक का कहना है कि अनिल अंबानी और उनके कुछ पूर्व डायरेक्टर्स ने फंड्स को डायवर्ट कर दिया। इसलिए बैंक ऑफ इंडिया ने अनिल अंबानी का नाम भी इस फ्रॉड केस में लिया है। बैंक ऑफ इंडिया ने आरकॉम को 700 करोड़ रुपए का कर्ज दिया था। इस मामले में रिलायंस कम्युनिकेशंस ने कहा कि उसे 22 अगस्त को बैंक ऑफ इंडिया से 8 अगस्त का एक लेटर मिला है। इसमें बैंक ने अनिल अंबानी (कंपनी के प्रमोटर और पूर्व निदेशक) और मंजरी अशोक कक्कड़ (कंपनी की पूर्व निदेशक) के लोन अकाउंट को फ्रॉड घोषित करने के बारे में बताया है। (अनंत ज्ञान)

### एक दिन पहले सीबीआई ने दर्ज किया है केस

**23** अगस्त को सीबीआई ने अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ 2,929 करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में केस दर्ज किया था। सीबीआई ने मुंबई में रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के ऑफिस और अनिल अंबानी के घर पर छापेमारी भी की थी। यह फ्रॉड स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ा है।



### 700 करोड़ के गलत इस्तेमाल का आरोप

# डीआरडीओ ने किया भारतीय एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का परीक्षण

## सुदर्शन चक्र मिशन का हिस्सा, ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच

**एजेंसी, चांदीपुर**

भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट पर इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (IADWS) का पहला टेस्ट किया है। यह एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसमें सभी स्वदेशी क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल, एडवांस्ड वैरी शॉर्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें और हाई पावर लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा- इस परीक्षण ने हमारे देश की मल्टी लेयर एयर डिफेंस कैपेबिलिटी बढ़ाई है। यह सिस्टम दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ रीजनल डिफेंस को मजबूती देगा। IADWS सुदर्शन चक्र मिशन का एक हिस्सा माना जा रहा है। यह स्वॉर्म (एक साथ छोड़े गए कई ड्रोन्स) ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच बनेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। (अनंत ज्ञान)

### सिस्टम ने एक साथ मार गिराए तीन टारगेट

**सिस्टम** ने 2 हाई स्पीड फिक्स विंग अनमैन्ड ड्रोन, मल्टी कॉप्टर ड्रोन समेत तीन अलग-अलग टारगेट को एक साथ निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया। सिस्टम का कॉन्सेप्ट इस तरह से तैयार किया गया है कि पहले रडार यूनिट आने वाले खतरों पर नजर रखती है और उन्हें क्लासिफाई करती है। इसके बाद कमांड सेंटर ज्यादा ऊंचाई से आने वाले तेज खतरों के लिए क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल को निर्देश देता है।



**साइबर सुरक्षा** आसान टिप्स आजमा कर करें बचाव, दुकानों की बजाए अधिकृत सर्विस सेंटरों पर करवाएं रिपेयर

# फोन रिपेयर में अब डेटा चोरी होने का नहीं होगा खतरा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के हर नागरिक के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। राज्य सीआईडी, साइबर क्राइम ने एक ऐसी महत्वपूर्ण पहल की है, जो आपके सबसे बड़े डिजिटल डर को हमेशा के लिए खत्म कर देगी। यह एक ऐसा कदम है, जो साइबर अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर देगा और आपको एक सुरक्षित डिजिटल जीवन का भरोसा देगा।

प्रदेश साइबर क्राइम के डीआईजी मोहित चावला ने सलाह दी है कि लोग लोकल या अनधिकृत दुकानों के बजाए केवल अधिकृत सर्विस सेंटरों पर ही अपने फोन रिपेयर कराएं। स्थानीय रिपेयर की दुकानों पर प्रशिक्षित तकनीशियनों की कमी होती है और डेटा की गोपनीयता बनाए रखने का कोई निश्चित प्रोटोकॉल नहीं होता। वहीं, अधिकृत सर्विस सेंटर एक स्थापित प्रक्रिया का पालन करते हैं, जिससे डेटा चोरी का जोखिम कम हो जाता है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी सलाह दी है कि अगर संभव हो तो ग्राहक को फोन की जांच के दौरान मौजूद रहना चाहिए। यह जागरूकता न सिर्फ शहर के लोगों के लिए, बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों के लिए भी आवश्यक है, जहां अक्सर लोग बिना सोचे-समझे किसी भी दुकान पर अपना फोन दे देते हैं।





### डेटा सुरक्षा के लिए अपनाएं ये छह उपाय



**प्रदेश** साइबर क्राइम के डीआईजी मोहित चावला ने उन छह महत्वपूर्ण उपायों का उल्लेख किया है, जिन्हें हर व्यक्ति को फोन रिपेयर से पहले अपनाना चाहिए। सबसे पहले, अपने सभी डेटा जैसे तस्वीरें, वीडियो, कॉन्टैक्ट्स और मैसेजेस का बैकअप लेना अनिवार्य है। इसके बाद, फोन में मौजूद सिम कार्ड और एसडी कार्ड को बाहर निकाल लेना चाहिए, क्योंकि इनमें भी कई संवेदनशील जानकारियां और बैंकिंग लिंक्स हो सकते हैं। तीसरा, फोन में मौजूद सभी संवेदनशील ऐप्स, जैसे बैंकिंग, सोशल मीडिया, ई-मेल से लॉगआउट करना बेहद जरूरी है। चौथा, किसी भी तरह की निजी फाइलों को फोन से हटा देना चाहिए या उन्हें सुरक्षित जगह पर ट्रांसफर कर देना चाहिए। पांचवां, एंड्रॉइड और सैमसंग उपयोगकर्ताओं को फोन रिपेयरिंग से पहले 'गेस्ट मोड' या 'मेंटेनेंस मोड' का इस्तेमाल करना चाहिए, ताकि निजी जानकारी पूरी तरह से लॉक हो जाए। अंत में, फोन रिपेयर के दौरान अपने मूल पासवर्ड की जगह एक अस्थायी पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए और बायोमेट्रिक्स अनलॉक को बंद कर देना चाहिए। इन सभी सुझावों का उद्देश्य हिमाचल के हर नागरिक को डिजिटल रूप से सुरक्षित और सशक्त बनाना है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. बिंदल ने पूर्व सीएम धूमल से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बीती देर शाम को पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर औपचारिक मुलाकात की। प्रदेश भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष और पार्टी के सबसे सम्मानित वरिष्ठ नेताओं में से एक के बीच इस मुलाकात का विशिष्ट महत्व है। प्रो. धूमल, जिनके दशकों लंबे योगदान ने राज्य के राजनीतिक विमर्श को आकार दिया है, पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता के बीच खासी लोकप्रियता रखते हैं। उनके नेतृत्व और अनुभव ने हिमाचल प्रदेश में भाजपा नेतृत्व की अगली पीढ़ियों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह बैठक भाजपा की संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, जहां वर्तमान नेतृत्व अपने वरिष्ठ नेताओं को सर्वोच्च सम्मान देता है और भविष्य की रणनीतियां बनाते समय अपनी विरासत से शक्ति प्राप्त करने की पार्टी की परंपरा को भी दर्शाता है। राजनीतिक परिदृश्य में इस मुलाकात से भाजपा की सामूहिक भावना और एकता, अनुशासन तथा वैचारिक दृढ़ता का प्रमाण मिलता है।



### निर्माणाधीन भाजपा कार्यालय का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से पांचवीं बार के सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को हमीरपुर के महलसिद्ध में निर्माणाधीन भाजपा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ठेकेदार कंपनी के प्रतिनिधियों को जरूरी दिशानिर्देश दिए। उनके साथ जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला महामंत्री अजय रिंटू, समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीक्षित गौतम, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश चोपड़ा व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### कृषि सखियों ने प्राकृतिक खेती का लिया प्रशिक्षण

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर स्थित धनपुर में 19 से 23 अगस्त तक राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें बमसन, सुजानपुर और भोरंज तहसील की 37 कृषि सखियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं, पोषण, कीट और रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई। मुख्य प्रशिक्षकों में डॉ. विशाल डोगरा, डॉ. नवनीत जरियाल, डॉ. दीपा शर्मा, डॉ. शिवानी चौहान सहित मास्टर ट्रेनर ललित कालिया व प्रमोद सिंह पठानिया शामिल रहे। प्रतिभागियों को कृषि प्रसार सामग्री भी प्रदान की गई। अब तक जिले में 72 कृषि सखियां पंजीकृत की जा चुकी हैं, जिनके माध्यम से 36 क्लस्टरों में 155-155 किसानों को जोड़ा गया है। इस मिशन का उद्देश्य गांव-गांव तक प्राकृतिक खेती पहुंचाना और किसानों को प्रति एकड़ 4000 वार्षिक मानदेय देकर प्रेरित करना है।

### विद्यार्थियों को दी एआई की अहम जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में आईबीएम स्किल्सबिल्ड कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग सेशन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में ऑफलाइन मोड में हुआ, जिसमें लगभग 2000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन आईबीएम के मास्टर ट्रेनर्स सुश्री रश्मि वोहरा और श्री नयन राज भारद्वाज ने किया। उन्होंने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल स्किल्स और रोजगार अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सत्र के दौरान इंटरैक्टिव गतिविधियों और चर्चाओं ने विद्यार्थियों को नए दृष्टिकोण दिए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आईबीएम टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के करियर-ओरिएंटेड आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे। रजिस्ट्रार गुलशन संधु ने बताया कि सीपीयू ने अपने हर कोर्स में एआई को शामिल किया है और यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान के साथ रोजगार के नए अवसरों के लिए सशक्त बनाएगा। सफल प्रतिभागियों को आईबीएम की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

### सरेड़ी में 65 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** सरेड़ी में ब्रह्माकुमारी संस्थान की राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश सचिव वंदना योगी ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। संदेश ने भाई बहनों को दादी प्रकाशमणि की जीवनी की जानकारी देते हुए कहा कि दादी का लौकिक नाम रमा था। रमा का जन्म उत्तरी भारतीय प्रांत हैदराबाद, सिंध में 1 सितंबर 1922 को हुआ था। उनके पिता विष्णु के बड़े उपासक थे। 952 से माउंट आबू से पहली बार ईश्वरीय सेवा शुरू की गई। 25 अगस्त 2007 को दादी ने अपना शरीर छोड़ा। मुख्यतिथि वंदना योगी ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। आपका रक्त दूसरों का जीवन बचा सकता है। रक्तदान शिविर में 65 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर भरकर दुर्गेश कैप्टन, गलोड़ राकेश कुमार, एन जी ओ गलोड़ के अध्यक्ष देश राज शर्मा, जसविंद्र सिंह, रवि ठाकुर, विनोद, सुनील, सरोज देवी, विनोद, पंकज, भूपिंद्र सोनी, तारा देवी, नीलम, संतोष, तारो देवी, सुनीता, पवन, शकुंतला, प्रकाश चंद, सुमना देवी, अंजना कुमारी, रजनी, सहित अन्य ने रक्तदान किया।

### अणु चौक पर निस्वार्थ भाव सेवा संगठन की पहल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के अणु चौक पर लंबे समय से पड़े गड्ढों और अधूरी नालियों की वजह से राहगीरों को भारी परेशानी हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए निस्वार्थ भाव सेवा संगठन ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए आज इन गड्ढों को रेता, बजरी, सीमेंट और पत्थरों से भरकर दुर्घटना संभावित क्षेत्र को सुरक्षित बनाया। संगठन के अध्यक्ष मोहन सिंह डोगरा ने कहा कि जब तक नागरिक अपनी नैतिक जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, देश का विकास संभव नहीं है। डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने इसे मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। इस कार्य में अनूप कुमार, निशांत शर्मा, विक्रांत ठाकुर, रंगीला राम सहित स्थानीय दुकानदारों ने भी सहयोग दिया। लोगों ने संगठन की इस पहल के लिए आभार जताया।

# ऑनलाइन कारोबार का किया विरोध

## व्यापार मंडल हमीरपुर का पहला जिला स्तरीय सम्मेलन सफल, सैकड़ों व्यापारियों ने की शिरकत

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** व्यापार मंडल हमीरपुर का रविवार को आयोजित पहला जिला स्तरीय सम्मेलन ऐतिहासिक और कामयाब साबित हुआ। झमाझम बारिश के बीच हुए इस सम्मेलन में जिले के करीब 20 अलग-अलग व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों व्यापारियों ने शिरकत की। सम्मेलन में प्रदेश व्यापार मंडल के पदाधिकारी अविनाश धवन विशेष तौर पर पहुंचे और आयोजन की सराहना की।

यह सम्मेलन इसलिए भी खास रहा क्योंकि लंबे समय से हमीरपुर में व्यापार मंडल कई हिस्सों में बंटा हुआ था। लेकिन सुमित ठाकुर के अध्यक्ष बनने के बाद व्यापारियों को एकजुट करने के प्रयास तेज हुए और रविवार का आयोजन इसी का परिणाम माना जा रहा है। अविनाश धवन ने कहा कि हिमाचल में उन्होंने पहली बार इतना बड़ा सम्मेलन देखा है,



व्यापार मंडल के सदस्य व पदाधिकारी।

जिसमें व्यापारी वर्ग इस स्तर पर एकजुट हुआ हो। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कारोबार ने व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं और अब समय की मांग है कि व्यापारी अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापार मंडल सरकार से इस मुद्दे पर कई बार बात कर चुका है। यदि कोई ठोस हल नहीं निकला तो संगठन सुप्रीम कोर्ट तक जाने से भी पीछे नहीं हटेगा। धवन ने कहा कि व्यापारियों को अब अपने अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए हर संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। सम्मेलन में विपिन शर्मा, सुशील सोनी, अश्विनी जगोता, नीरज वर्मा, नीरज भाटिया, सतीश, नरोत्तम आर्य सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### ट्रेड मेलों के आयोजन के लिए व्यापार मंडल से एनओसी लेना की जाए अनिवार्य: सुमित

**व्यापार** मंडल हमीरपुर के अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने सम्मेलन में शामिल हुए सभी 20 इकाइयों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समय की जरूरत था और व्यापारियों ने एकजुट होकर यह साबित कर दिया है कि वे अपने हितों की रक्षा के लिए साथ खड़े हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि जिला में लगने वाले ट्रेड मेलों के आयोजन से पहले व्यापार मंडल से एनओसी लेना अनिवार्य किया जाए, क्योंकि ये मेले स्थानीय व्यापारियों के लिए चिंता का कारण बन रहे हैं।

# नम आंखों से दी सूबेदार मेजर को अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**▶ बीमारी के चलते सेना के अस्पताल में थे भर्ती**

**नादौन** के भूंपल गांव के निवासी सूबेदार मेजर राजेश कुमार का बीमारी के चलते निधन हो गया है। उनका पार्थिव शरीर रविवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा तो माहौल काफी गमगीन हो गया। बारिश के बावजूद काफी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

सेना की टुकड़ी ने उन्हें पूरे सम्मान के साथ उन्हें सलामी दी। तहसीलदार रोहित कंवर प्रशासन व सरकार की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। 49 वर्षीय राजेश कुमार 8 जैक राइफल में सेवारत थे और आजकल मेरठ में 71 एनसीसी में तैनात थे। पंचायत के प्रधान हरीश कुमार ने बताया कि रविवार को राजेश कुमार कार्टिंग संस्कार उनके पैतृक श्मशान घाट में कर दिया गया है, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। उनके बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व ही राजेश छुट्टी पर अपने घर आए थे। राजेश कुमार अपने पीछे वृद्ध माता, पत्नी, बेटा और बेटी छोड़ गए हैं।



नम आंखों से सूबेदार मेजर राजेश कुमार को अंतिम विदाई देते हुए।

# आपदा प्रभावितों को सीनियर सिटीजन काउंसिल ने दी 10 लाख की सहायता



धर्मपुर के सेटी गांव के 20 परिवारों को संस्था ने चेक वितरित किए।

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** आपदा प्रभावित परिवारों को दुख दर्द जानने के लिए सीनियर सिटीजन काउंसिल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रविवार को आपदाग्रस्त क्षेत्र मंडी जिला के धर्मपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लौंगणी के सेटी गांव का दौरा किया। उन्होंने लोगों से मिलकर उनका हाल जाना। सीनियर सिटीजन काउंसिल ने आपदा से प्रभावित परिवारों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रधान विजय कुमार पुरी ने बताया कि संस्था की ओर से 20 परिवारों को 50 हजार व एक लाख रुपए तक के चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, सचिव कुलदीप कमल, भगवान दास शास्त्री, शंकर दास भारद्वाज, हेमराज शर्मा, सुरेश कुमार, बीसी शर्मा, रमेश चौहान, यशवीर पठानिया, अनिल कुमार, संजीव कुमार उपस्थित रहे।

**प्रभावित परिवारों में यह रहे शामिल:** सेटी गांव के कृष्ण सिंह, अशोक, ललित, जय सिंह, संजय कुमार, रमा देवी, गरदीता, दीप कुमार, विजय कुमार, डुमणु राम, ब्रह्मदास, कर्मदास, धनु राम, रवि कुमार, संतोष कुमार, देश राज, रजनीश, हलकू राम, शंनीचरू राम, रवि कुमार शामिल रहे।

# पीएम के फिट इंडिया अभियान को आगे बढ़ाना सपना: निखिल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन प्रोजेक्ट टीम मेंबर निखिल कानूनगो ने कहा कि जब तक मोटापे को तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने बताया कि अब तक वे लगभग 15 हजार लोगों को फिट और फाइन बना चुके हैं।

बस्सी पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में कानूनगो ने स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार, पर्याप्त पानी, नियमित व्यायाम और खेलकूद पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खानपान की आदतें बदलकर व न्यूट्रीशस फूड अपनाकर इंसान फिट और आकर्षक रह सकता है।

निखिल कानूनगो ने कहा कि उनका लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी के फिट इंडिया अभियान को आगे बढ़ाना है। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस अवसर पर सुजाता कानूनगो पल्लवी राजेंद्र कुमार सुनील वेंस नीतू कुमारी नेहा ज्योति, मंजू देवी सहित लगभग 500 के करीब लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने झूठ बोलने में की पीएचडी: लखनपाल

## बोले-सदन की गरिमा भुला चुके हैं सीएम, बाहर ही नहीं भीतर भी बोलते झूठ

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री पर तीखे शब्दों में हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने झूठ बोलने में पीएचडी की हुई है। यह मुख्यमंत्री केवल मंचों पर ही नहीं बल्कि सदन के भीतर भी जनता को गुमराह करने के लिए झूठ पर झूठ बोलते हैं।

विधायक लखनपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श अस्पताल स्थापित किए जाएंगे। लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश में एक भी आदर्श अस्पताल आज तक नहीं बन पाया। बड़सर नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों व विशेषज्ञों की भारी कमी है और मरीजों को रेफर करना सरकार की असफलता का जीता-जागता सबूत है।

लखनपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों से वादा किया था कि उनके लंबित डीए का भुगतान तुरंत किया जाएगा, लेकिन आज तक कर्मचारियों को यह हक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल भाषणों और घोषणाओं तक सीमित है।

बड़सर में बने मिनी सचिवालय के ठेकेदार को 4 करोड़ 95 लाख रुपए का भुगतान आज तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार ठेकेदारों को उनका हक देने में नाकाम रही है, जिससे विकास कार्य अधर में लटके हुए हैं। विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना से बड़सर क्षेत्र के कई शिक्षण संस्थान बंद कर दिए, जिससे गरीब और ग्रामीण इलाकों के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।



### बड़सर में कानून व्यवस्था ध्वस्त

**लखनपाल** ने कहा कि बड़सर क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। हाल ही में बड़सर महाविद्यालय में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ लेकिन कॉलेज प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने सवाल किया कि छात्रों द्वारा जब मारपीट की वीडियो फुटेज मांगी गई तो कॉलेज प्रशासन ने वह भी उपलब्ध नहीं कराई। आखिर कॉलेज प्रशासन और पुलिस किसके दबाव में काम कर रहे हैं? यह गंभीर प्रश्न है। बेरोजगार युवा ठगा महसूस कर रहे हैं

### जनता के मुद्दों पर नहीं बैठेंगे चुप: विधायक

**लखनपाल** ने कहा कि बड़सर क्षेत्र की सड़कें खस्ताहाल हैं, जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। कई गांवों में पीने के पानी की किल्लत है। विधायक ने कहा कि भाजपा जनता के मुद्दों पर किसी भी हाल में चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार का यही रवैया जारी रहा तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। जनता के हक की लड़ाई हम पूरी मजबूती से लड़ेंगे। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# लेखन स्पर्धा में दिव्यांशी और अयान ने मारी बाजी



भगवती पब्लिक स्कूल में लेखन प्रतियोगिता में पुरस्कार लेने के बाद विजेता विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**भगवती** पब्लिक स्कूल में अप्सरा और नटराज कंपनी के सहयोग से लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चौथी, पांचवीं और छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन निशा कटोच और सुनीता ने किया, जबकि संपूर्ण देखरेख अंकिता द्वारा की गई। प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

कनिष्ठ वर्ग में दिव्यांशी ने प्रथम, वान्या ने द्वितीय और अवलीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में अयान प्रथम, अनिका द्वितीय और अदिति तृतीय रही। प्रधानाचार्य आरती कटोच ने विजेताओं को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। इसी अवसर पर स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस भी मनाया गया। कक्षा अध्यापक शीतल और राजीव कुमार ने बच्चों को भाषण के माध्यम से इस दिवस का महत्व समझाया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि भारतीय वैज्ञानिकों की अथक मेहनत और लगन से देश अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी बना है। उन्होंने अतिथियों, विद्यार्थियों और अध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों से वैज्ञानिक उपलब्धियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# बलवीर चौधरी अध्यक्ष और कुलदीप बने सचिव

## क्षत्रिय घृत, बाहती, चाहंग महासभा की नादौन इकाई की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**क्षत्रिय** घृत, बाहती, चाहंग महासभा हिमाचल प्रदेश की नादौन इकाई की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बिरादरी की समस्याओं व मांगों बारे विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता महासभा के राज्य कोषाध्यक्ष कमांडेंट हरि सिंह ने की। बैठक में महासभा की इकाई नादौन का चुनाव करवाया गया। जिसमें बलवीर चौधरी को सर्व सम्मति से महासभा का अध्यक्ष चुना गया, जबकि कुलदीप कुमार चौधरी को सचिव, एडवोकेट वीरेंद्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, घनश्याम चौधरी को संयुक्त सचिव तथा आशीष डोगरा को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में रिटायर्ड प्रिंसिपल विजय चौधरी, डिप्टी कमांडेंट चंद्रलाल चौधरी, डॉक्टर कुलदीप गढ़वाल, डॉ विपिन चौधरी, रिटायर्ड एक्सईएन बलवीर चौधरी, जिला परिषद सदस्य आशीष डोगरा, जरनैल सिंह, प्रधान तिलकराज, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, संतोष कुमारी, जोगिंदर सिंह, संदीप कुमार चौधरी, अनिल कुमार चौधरी राहुल गढ़वाल, कुलदीप कुमार,घनश्याम चौधरी, राजेश चौधरी ,मदन गोपाल, रिटायर्ड प्रिंसिपल धर्मपाल, प्यार चंद, यशविंदर सिंह, अक्षय कुमार,सुरेश कुमार, प्यार चंद, अवनीत, भजन लाल, अशोक कुमार, बिहारी लाल,मोहन लाल, रामस्वरूप सहित काफी संख्या में बिरादरी के लोग उपस्थित रहे।

यह जानकारी देते हुए महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलवीर चौधरी व सचिव कुलदीप कुमार ने बताया कि कार्यकारिणी के सदस्यों की सूची शीघ्र ही जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्व समिति से पारित प्रस्ताव में सरकार से मांग की गई है कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय नारायण चंद पाराशर की प्रतिमा मिनी सचिवालय नादौन के परिसर में लगाई जाए तथा हिमाचल प्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।



नादौन में महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के साथ पदाधिकारी अन्य।

**▶ पूर्व मंत्री नारायण चंद पराशर की प्रतिमा लगाने की उठाई मांग**

# भोरंज में सैर उत्सव में विधायक करेंगे शिरकत: दिनेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल में कला एवं खेल मंच द्वारा 16 सितंबर को पारंपरिक सैर उत्सव भूमपल में मनाया जाएगा। इस संबंध में आयोजित बैठक में मंच के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। मंच के सचिव दिनेश संधू ने बताया कि यह रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन मिनी सचिवालय परिसर में होगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

उन्होंने कहा कि उत्सव का उद्देश्य लोक संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में लोक नृत्य, गीत-संगीत और अन्य सांस्कृतिक झलकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इस अवसर पर भोरंज के विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि होंगे।

मंच ने समस्त नागरिकों से उत्सव में शामिल होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया है। बैठक में अध्यक्ष कुलदीप डोगरा, देवराज, कैप्टन राकेश, देवेंद्र सिंह ठाकुर, संदीप कटना, आकाश, हेम राज और वीना देवी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# लड़के और लड़कियों की समानता से ही संभव है सशक्त समाज: विशेषज्ञ



**▶ डीएवी भड़ोली में जेंडर सेंसिटिविटी पर कार्यशाला आयोजित**

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में जेंडर सेंसिटिविटी विषय पर एक दिवसीय सीबीएसई कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता डीएवी स्कूल भड़ोली के प्रिंसिपल सरजीत कुमार राणा ने की। जिसमें कैंब्रिज पब्लिक स्कूल पालमपुर की प्रिंसिपल प्रिया कपिल और डीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा की शिक्षिका स्वाति कालरा ने संसाधन व्यक्ति के रूप में भाग लिया। कार्यशाला की शुरुआत गायत्री मंत्रोच्चारण और डीएवी गान से हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि लड़के और लड़कियों के बीच समानता ही एक सशक्त समाज की नींव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी की क्षमता, अवसर और अधिकार उसके लिंग से नहीं बल्कि उसकी योग्यता, मेहनत और व्यक्तित्व से तय होते हैं।

शिक्षकों के लिए आयोजित समूह चर्चाएं, गतिविधियां और व्यावहारिक अभ्यास इस कार्यशाला का मुख्य आकर्षण रहे, जिनसे उन्होंने लैंगिक संवेदनशीलता के सिद्धांतों को गहराई से समझा। विशेषज्ञों ने शिक्षकों को यह संदेश दिया कि वे इन मूल्यों को अपने व्यवहार और शिक्षण पद्धति में शामिल करें, ताकि विद्यार्थियों के बीच समानता और सम्मान की भावना विकसित हो। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

**कार्यक्रम** विपक्ष ने संसद को जनहित मुद्दों पर चर्चा की बजाय राजनीति का अड्डा बनाया

# राहुल गांधी अपनी ही हार के रिकॉर्ड तोड़ेंगे: अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**हमीरपुर** से पांचवी बार के सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कई सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया। बाद दोपहर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मुलाकात की, जहां उन्होंने आम जनता की समस्याओं को सुना और उनका निपटारा किया।

इससे पहले अनुराग ने उखली में स्वर्गीय बसंती देवी की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लिया, जहां उन्होंने रक्तदाताओं की भारी भागीदारी की सराहना की और इसे मानवता की एक महान सेवा बताया। साथ ही अनुराग सिंह ठाकुर ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने का आग्रह किया।

मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाओं पर बार-बार संदेह जताकर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी चुनाव आयोग और ईवीएम मशीनों पर निराधार आरोप लगाकर अपनी लगातार हार को छिपाने का प्रयास करते हैं। ठाकुर ने व्यंग्य करते हुए कहा कि बिहार चुनावों में ध्यान देने की बजाय राहुल गांधी बेकार का शोर मचा रहे हैं और संभव है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस 90 से ज्यादा चुनाव हारने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दे।



रक्तदान शिविर में हिस्सा लेते हुए सांसद अनुराग ठाकुर और अन्य।

अनुराग ने कांग्रेस के पुराने कार्यकालों को याद करते हुए आरोप लगाया कि इंदिरा गांधी ने 1971 के चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया था और जब अदालत ने उन्हें अयोग्य घोषित किया तो पूरे देश में आपातकाल थोप दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाने का काम किया, जबकि भाजपा ने इन्हें मजबूत किया है।

सांसद ने भ्रष्टाचार को लेकर भी कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में अनगिनत घोटाले हुए, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कड़े कदम उठाए गए हैं, ताकि कोई भी भ्रष्ट नेता चाहे वह प्रधानमंत्री हो या मुख्यमंत्री, जेल जाने के बाद पद पर बने न रह सके।

संसद के मानसून सत्र को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्ष ने संसद को चर्चा और बहस का मंच बनाने की बजाय नारेबाजी व तख्तियां दिखाने का अड्डा बना दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने न सिर्फ संसद का समय बर्बाद किया बल्कि देश के करदाताओं का भी अपमान किया है।

# आरक्षित वर्ग को एक बार ही मिले आरक्षण का लाभ: राजपूत महासभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**▶ जिला कार्यकारिणी के गठन की तैयारियां तेज: जोगिंद्र**

राजपूत महासभा हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर इकाई ने घोषणा की है कि जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाएगा। हाल ही में गसोता महादेव मंदिर परिसर में पदाधिकारियों के सर्वसम्मत चुनाव के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने चयनित प्रतिनिधियों को अधिकृत किया है। जिला महासचिव जोगिंद्र ठाकुर ने कहा कि महासभा समाज को संगठित कर सरकार और राजनीतिक दलों के सामने अपने मुद्दों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मजबूती से रखेगी।

उन्होंने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बाद भी सामान्य समाज और राजपूत समाज बद से बदतर हालात में जीने के लिए विवश है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि आरक्षण व्यवस्था ने सामान्य वर्ग को झुलसाने के साथ-साथ आरक्षित वर्ग को भी जलील ही किया है। आरक्षित समाज में भी 70 से 75 प्रतिशत लोग किसी भी सुविधा से वंचित हैं क्योंकि एक ही परिवार बार-बार इसका लाभ उठा रहा है।



उनका कहना है कि सरकार को यह प्रावधान करना चाहिए कि किसी भी परिवार को सरकारी नौकरी में आरक्षण का लाभ केवल एक बार ही मिले।


उन्होंने यह भी मांग की कि जैसे सामान्य वर्ग का व्यक्ति आरक्षित वर्ग की सीट पर नौकरी या चुनाव नहीं लड़ सकता, वैसे ही आरक्षित वर्ग का व्यक्ति सामान्य वर्ग की सीट पर अप्लाई न कर सके। ठाकुर ने सामान्य आयोग की स्थापना न होने पर भी नाराजगी जताई और कहा कि यह सामान्य वर्ग के साथ बड़ा अन्याय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजपूत समाज अब इस अन्याय के खिलाफ पूरी मजबूती से लड़ेगा।

# कैंसर के मामलों में हिमाचल नंबर-2 पर

## बढ़ते मरीजों से सरकार चिंतित, विधानसभा में उठे सवाल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** देश के नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में आबादी के अनुपात से कैंसर के मरीजों की संख्या में हिमाचल प्रदेश दूसरे स्थान पर है। यह तथ्य विधानसभा के मानसून सत्र में सामने आया, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बढ़ते कैंसर मामलों पर चिंता जताते हुए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।



मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में अत्याधुनिक पेट स्कैन सुविधा शुरू की जा रही है। इस साल शिमला के आईजीएमसी और टांडा मेडिकल कॉलेज से शुरुआत होगी, उसके बाद चरणबद्ध ढंग से अन्य कॉलेजों में भी यह सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा हमीरपुर में 300 करोड़ रुपए की लागत से कैंसर अस्पताल का निर्माण हो रहा है, जहां शुरुआती चरण में ही रोग की पहचान की जाएगी।

**कीटनाशक और मिलावटी खाद्य वस्तुएं हैं बड़ी वजह**

सदन में उठे सवालों के दौरान यह माना गया कि कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग, मिलावटी खाद्य पदार्थ और रसायनयुक्त खेती कैंसर के मामलों को बढ़ा रहे हैं। विधायक कुलदीप राठौर ने कहा कि प्रदेश में नॉन-ब्रांडेड कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल हो रहा है, जिस पर रोक जरूरी है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार इस पर कड़ी निगरानी रखेगी और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करेगी।

सरकार ने जिला स्तर पर भी कीमोथेरेपी केंद्र स्थापित किए हैं। मंडी और सरकाघाट में सुविधा पहले से शुरू है, जबकि धर्मशाला, पालमपुर, नूरपुर, बैजनाथ, जयसिंहपुर सहित कई क्षेत्रों में कैंसर मरीजों को नजदीकी स्तर पर ही कीमोथेरेपी और फॉलोअप सेवाएं दी जा रही हैं। जल्द ही रामपुर और रोहड़ू में भी यह सुविधा शुरू होगी।

### सरकार ने बनाई स्टेट लेवल कमेटी

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में कैंसर रोगियों की बढ़ती संख्या को रोकने और शुरुआती चरण में ही बीमारी पकड़ने के लिए सरकार ने स्टेट लेवल कमेटी बनाई है, जिसमें देश के प्रमुख कैंसर विशेषज्ञ शामिल हैं। इस बार सरकार 3000 करोड़ रुपए के मेडिकल उपकरण खरीदेगी, ताकि प्रदेश में कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों का आधुनिक इलाज उपलब्ध हो सके।

### कैंसर मरीजों को बेहतर उपचार की उम्मीद

**बहरहाल,** विधानसभा में हुई यह चर्चा साफ दर्शाती है कि हिमाचल में कैंसर अब एक गंभीर चुनौती के रूप में उभर रहा है। हालांकि सरकार के कदमों से उम्मीद है कि आने वाले समय में मरीजों को बेहतर इलाज के साथ-साथ इस बीमारी पर नियंत्रण पाने की दिशा में ठोस परिणाम देखने को मिलेंगे।

# हिमाचल में आज और कल को भारी बारिश की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में लगातार जारी बारिश के बीच मौसम ने और अधिक खतरनाक रुख अपना लिया है। मौसम विभाग ने 25 और 26 अगस्त के लिए शिमला, सिरमौर, ऊना और मंडी जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

**शिमला सिरमौर, ऊना और मंडी जिले में येलो अलर्ट**

विभाग ने इन जिलों के निवासियों को विशेष सावधानी बरतने की अपील की है, क्योंकि अगले 48 घंटे मौसम और अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। पहले से ही हो रही बारिश ने सड़कों, आवागमन और जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। मौसम विभाग शिमला के अनुसार, 27 से 29 अगस्त तक प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट संभव है, जिससे खासतौर पर ऊंचाई वाले इलाकों में ठंडक महसूस की जा सकती है। न्यूनतम तापमान में हालांकि, फिलहाल किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं जताई गई है।

# हिमाचल में 312 ड्राइंग शिक्षक नियुक्त 'एडस्क एक्सप्रेस' समाचार पत्र की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की दूर दृष्टि के अनुरूप समग्र शिक्षा के तहत प्रदेश में शिक्षा सुधारों की एक नई श्रृंखला शुरू की गई है। इसी क्रम में 312 चित्रकला अध्यापकों की नियुक्ति की गई, विद्यालयों में स्मार्ट उपस्थित प्रणाली जियो-फेंसिंग तकनीक के साथ आरंभ हुई, जिसमें सीएम तथा जिला स्तर पर त्वरित डाटा उपलब्ध कराने वाले डैशबोर्ड भी शुरू किए गए।

जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने छात्रों द्वारा तैयार किया गया एडस्क एक्सप्रेस एक्सप्रेस समाचार पत्र भी आरंभ कर दिया है। यह केवल एक प्रकाशन नहीं होगा, बल्कि छात्रों के लिए अपनी सोच, अनुभव और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। इस पत्र में वे अपनी लेखनी, विचारों और विद्यालयीन गतिविधियों को साझा कर सकेंगे। इससे छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी तथा उनमें लेखन, शोध और विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास होगा। इसके अलावा राज्य के पांच विद्यार्थियों को सकुरा विज्ञान कार्यक्रम के अंतर्गत जापान भेजा गया है। इससे उन्हें न केवल अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली को समझने का अवसर मिलेगा, बल्कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की नई दिशा में सीखने का अनुभव भी प्राप्त होगा।

### शिक्षा की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर फोकस

**इसके** साथ ही विद्यालयों की आधारभूत रैंकिंग और मान्यता प्रतिवेदन भी जारी किया गया, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और जवाबदेही पर अधिक बल दिया जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम इस तथ्य को दर्शाता है कि हिमाचल में शिक्षा अब केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि नवाचार, पारदर्शिता और वैश्विक अवसरों से जुड़ी हुई है।

# राजीव गांधी वन संवर्धन योजना को बढ़ावा देने के प्रयास तेज : विक्रमादित्य



घढेरी में उपस्थित लोगों को संबोधित करते लोक निर्माण मंत्री।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह जानकारी लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला जिले की घढेरी पंचायत में पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से वन संरक्षण और विकास को सशक्त बनाना है।

**अगले पांच वर्षों में खर्च होंगे 100 करोड़ रुपए**

मंत्री ने कहा कि महिला मंडलों, युवक मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को एक से 5 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण और पांच साल तक रख-रखाव की जिम्मेदारी दी जाएगी। प्रति हेक्टेयर पौधरोपण पर 1.20 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी, साथ ही 50 प्रतिशत से अधिक पौधों के जीवित रहने पर एक लाख रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। अब तक बसंतपुर खंड में 24 हजार पौधे लगाए जा चुके हैं, जबकि घढेरी पंचायत में 1600 पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पहल राज्य सरकार की दीर्घकालिक हरित नीति का हिस्सा है, जो वन क्षेत्र को बढ़ाकर जलवायु संतुलन और ग्रामीण सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# हमीरपुर की 'राह' में छिपी है सत्ता में लौटने की चिंता

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** संगठन के गठन के उपरांत भाजपा के भीतर अब नेताओं की 'चिंता' सत्ता में लौटने की शुरू हो गई है। क्या हार-जीत के इस 'खौफ' को लेकर इन दिनों भाजपा के सभी प्रमुख छोटे-बड़े नेताओं का रुख समीरपुर की ओर जिस अंदाज में फल-फूल रहा है, लगता है सत्ता में लौटने की चाहत में नेता वजूद के खौफ की असमंजस में फंसे हुए हैं।

**खौफ के वजूद में नेता संगठन के गठन के बाद धूमल से मिलने पहुंच रहे नेताओं की जमीनी हकीकत**

समीरपुर, यानी पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल के घर पर पहुंच रहे हैं। रोजाना, नेताओं के आने-जाने का यह सिलसिला समीरपुर की 'रौनक' लगातार बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राजीव बिंदल का जब ऐलान हुआ, उसके बाद केंद्रीय मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी समीरपुर पहुंचे थे। उसके बाद पालमपुर में पूर्व सीएम शांता कुमार से भी मिलने गए थे। यही नहीं, इस दरमियान नेताओं के आने-जाने का यहां सिलसिला लगातार बना हुआ है। अब कार्यकारिणी का जो गठन हुआ, उसके बाद तो कई नेता धूमल से मिलने समीरपुर पहुंच चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी आए और बीती रात अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी पुराने दिनों को 'ताजगी' देने के लिए धूमल से मिलकर शायद यह एहसास जताने का साहस भरा होगा कि भाजपा के दरमियान सब ठीक चल रहा है। भाजपा अब नए दौर की कहानी लिख रही है। मालूम नहीं, बिंदल की धूमल से क्या-क्या बातें हुईं, लेकिन इतना जरूरी है कि बिंदल धूमल के समय उनके खास हुआ करते थे। राजनीति में कोई दुश्मन और अपना नहीं होता। समय का तकाजा ही ऐसा है, जब खुद को बेहतर बनाए रखना के लिए सब कुछ करना पड़ता है।

बिंदल एक मर्तबा फिर प्रदेश के अध्यक्ष बने हैं, इसलिए अब आगामी विधानसभा चुनावों तक उनके नेतृत्व की भी 'परख' होनी है। केवल उन्हीं की ही परख नहीं होनी? विपक्ष के नेता के रूप में जयराम ठाकुर को भी इस दौर में सुक्खू सरकार के शेष 2 साल में विपक्ष की भूमिका के लिए बेहतर काम करने की खातिर संगठन के दरमियान भाजपा को फिर से सत्ता में लौटाने के लिए जिस तीखेपन को दिखाने की जरूरत है, उसी की बुनियाद पर धूमल समर्थकों को भी नजर अंदाज न करना अभी उतना ही जरूरी है। इसीलिए तो सत्ता में लौटने और सभी नेताओं को पूर्व में धूमल के समय भाजपा के रहे प्रभाव को नजरअंदाज कर पाना अभी भी खौफजदा बनाए हुए है। सभी की राहें समीरपुर की ओर कदमताल कर रही हैं। समीरपुर में इन दिनों माहौल गर्म है और नेता हाजिरी लगाने को मजबूर हैं।




*विकास खंड सोलन की सपरून पंचायत में जब अनंत ज्ञान की टीम ग्राउंड जीरो पर पहुंची तो पाया कि शहर से सटी होने के बावजूद इस पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सपरून, पॉवर हाउस, देऊ और पड़गल गांव में पिछले पांच वर्षों में उम्मीद से कम कार्य हुए। पंचायत उपप्रधान के मुताबिक, 15वें वित्तायोग के तहत 25 से 30 लाख रुपए रास्तों, सड़कों और टैंकों के निर्माण पर खर्च हुए हैं। हालांकि, बरसात से हुए नुकसान की भरपाई को फिलहाल पंचायत को बजट नहीं मिला है। पंचायत में रास्तों को पक्का करने के साथ सिंचाई टैंक बनाने की पहल हुई पर बारिश का मौसम आते ही रास्तों और सड़कों की हालत खस्ता हो गई। पंचायत में सीवरेज, पानी की निकासी और कूड़े की समस्या बांहे पसारे खड़ी है। सड़क से जुड़े क्षेत्रों में कूड़ा उठाने की व्यवस्था शुरू करने के प्रयास हुए पर लोगों से पैसे लेने के बावजूद नियमित तौर पर कूड़ा नहीं लिया जा रहा है। ऐसे में कई जगहों पर कूड़ा खुले में फेंका जा रहा है। देऊ और पडगल गांव में सड़क की हालत खस्ता होने के चलते किसानों को अपनी फसलें मंडी तक पहुंचाना चुनौती भरा है। सपरून क्षेत्र में पानी की समस्या के साथ सुबाथू रोड की खस्ता हालत ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है।*

# सपरून में कूड़े के अंबार सीवरेज-निकासी की मार

## सोलन शहर से सटी पंचायत में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव




**विशेष रिपोर्ट**
आर मोहन चौहान
अनंत ज्ञान ब्यूरो
स्थान : सपरून (सोलन)

### सार्थक नहीं हुए प्रयास : विधान शर्मा



**सपरून** पंचायत के देऊ गांव निवासी विधान शर्मा का कहना है कि पंचायत ने रास्तों पर पेवर तो लगाए पर बारिश ने रास्तों और सड़कों की हालत खस्ता कर दी। पडगल गांव की सड़क पर गड्ढे पड़े हैं सिंचाई के लिए बनी कूहल की भी मरम्मत नहीं हुई। गांव में स्ट्रीट लाइट की भी कमी है जबकि कूड़ा निष्पादन पर भी ध्यान नहीं दिया गया। युवाओं में बढ़ती नशावृत्ति को लेकर विधान शर्मा ने कहा कि नशा निवारण के लिए भी पंचायत में उचित इंतजाम होना चाहिए। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपना भविष्य सुधारने के साथ एक अच्छी नागरिक बनकर माता-पिता का नाम रोशन चाहिए।

### स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी : जय माला



**देउ गांव** निवासी जयमाला शर्मा का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों की तरफ से चुनाव के समय किए वायदे पुरे नहीं हुए। ग्रामीण क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं मिल पाई। ऐसे में शहर से देरी से घर लौटने वाले गांव के लोगों को दिक्कतें पेश आती हैं। गांव को जोड़ने वाली सड़क की हालत दयनीय है। बारिश के पानी की निकासी नहीं होने के चलते रास्तों और सड़कों को नुकसान हो रहा है।

### टैंक निर्माण को नहीं मिली राशि : सुंदर सिंह



**सपरून** निवासी सुंदर सिंह कहते हैं कि उन्होंने टैंक निर्माण की मांग सभा में डाली थी पर आज तक धनराशि नहीं मिल पाई। वहीं, पंचायत विभागों से तालमेल नहीं बिठा पाई, जिसके चलते पानी की समस्या हल नहीं पाई। सड़कों में नालियां का निर्माण नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर खड़ा हो जाता है। इससे वाहन चलाना जोखिमभरा हो जाता है।

### शुल्क देने पर भी नहीं उठ रहा कूड़ा : लेखराज



**तारफैक्टरी** निवासी लेखराज का कहना है कि पंचायत में कूड़ा के निपटान के लिए प्रबंध नहीं है। शुल्क देने के बावजूद घरों से कई दिनों तक कूड़ा नहीं उठाया जाता। इससे क्षेत्र में गंदगी का आलम रहता है। रास्तों और सड़कों की भी खस्ता हालत है।

### बरसात से हुआ नुकसान : प्रीतम राणा



**पंचायत** यूनिवर्सिटी प्रीतम राणा कामना है कि पिछले पांच वर्षों में चुनिंदा प्रतिनिधियों ने पंचायत के विकास कार्य करने का प्रयास किया। पर हर साल बरसात से हुए नुकसान के कारण रास्तों, नालियों और सड़कों की हालत खस्ता हो गई। पंचायत में पेयजल और सफाई के व्यवस्था के बेहतर इंतजाम की जरूरत है। प्रीतम राणा ने ग्रामीण क्षेत्र में नशे की प्रवृति पर भी अंकुश लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज के मुख्य धारा में आगे आकर विकास में सहयोग देना चाहिए। युवाओं को खेलों से जुड़कर अपना भविष्य संवारना होगा।

### बुढ़ापा पेंशन नहीं लगी : धर्मदास



**सपरून** निवासी कौशल का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में विफल रहे। उनकी उम्र 75 वर्ष हो चुकी है पर अभी तक बुढ़ापा पेंशन नहीं लगी। सपरून से होकर जा रहे सड़क में गड्ढे होने से वाहन दुर्घटनाएं हो रही है।

### टैंकर खरीदकर पानी का गुजारा : वीर जंग



**पंचायत** के चुने हुए पंचों से उम्मीद थी कि क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान होगा, पर छुटफुट कार्यों के अलावा कुछ नहीं हुआ। पानी की इतनी समस्या है कि टैंकर खरीदकर गुजारा करना पड़ता है।

### पेवर लगाकर पक्के किए सड़कें और रास्ते : उपप्रधान



**सपरून** पंचायत विक्रम मेहता ने कहा कि पिछले पांच वर्षों के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में ढांचा का सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास किया गया। रास्तों और सड़कों पर पेवर लगाकर पक्का किया गया। जिसमें वित्त आयोग के तहत 20 से 25 लाख रुपए खर्च किए गए। मनरेगा के तहत सिंचाई टैंक और खेत सुधार का कार्य भी हुए। कार्यकाल में शुरू के 2 साल कोरोना में खराब हो गए। अधिक बरसात के चलते रास्तों और सड़कों को खासा नुकसान हुआ है। विक्रम ने बताया कि पंचायत ने कूड़ा उठाने के लिए भी प्रयास किए हैं लोगों से कूड़ा लेकर बड़ोग संयंत्र भेजा जा रहा है, पर इसमें लोगों से कम सहयोग मिला। ऐसे में कूड़े की समस्या अभी चुनौती बना हुआ है। बरसात से हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रयास किया जा रहे हैं, लेकिन फंड के अभाव में अभी मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुए।

# हिमाचल के डिप्टी सीएम की बेटी बनेगी दुल्हन, आईएएस अफसर से करेगी शादी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की इकलौती बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। उसका विवाह हिमाचल प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा के साथ तय हुआ है। सचिन शर्मा मौजूदा समय में ऊना जिले के अंब उपमंडल में बतौर एसडीएम कार्यरत हैं। उनका पैतृक गांव हरियाणा के गुरुग्राम जिले के जहाजगढ़ गांव में है। उपमुख्यमंत्री ने अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर दोनों की फोटो डालकर जानकारी साझा की है। बता दें कि स्कूल समय से शिक्षा में मेधावी रहने वाले आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा ने अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी परीक्षा पास की थी। वहीं, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री की बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में बतौर सहायक प्रोफेसर सेवाएं दे रही हैं।




**मंथन** | दिल्ली पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

# विट्ठलभाई विधायी संस्थाओं के सशक्तिकरण के महानायक : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

दिल्ली विधानसभा द्वारा आयोजित दो दिवसीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के पहले दिन विधानसभा भवन में विट्ठलभाई पटेल भारत के संविधान और विधायी संस्थाओं को आकार देने में उनकी भूमिका विषय पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विट्ठलभाई पटेल केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि देश की विधायी संस्थाओं को मजबूती प्रदान करने वाले दूरदर्शी नेता थे। सम्मेलन का आयोजन विट्ठलभाई पटेल के केंद्रीय असेंबली के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष बनने के शताब्दी वर्ष तथा दिल्ली विधानसभा भवन के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने सम्मेलन का उद्घाटन किया, जबकि दिल्ली की मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, संसदीय कार्यमंत्री और विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों ने भी अपने विचार रखे।



पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि 1925 में निर्मित धर्मशाला स्थित 'कौंसिल चैंबर' भवन को देश का प्रथम केंद्रीय असेंबली भवन होने का गौरव प्राप्त है, जहां विट्ठलभाई पटेल ने दो मतों से ब्रिटिश प्रतिनिधि को पराजित कर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की थी। उन्होंने कहा कि विट्ठलभाई पटेल ने औपनिवेशिक विधायिका को भारतीय आत्म-अभिव्यक्ति के मंच में बदलने का कार्य किया। उन्होंने विधायी प्रक्रिया, स्वतंत्रता और सभा की स्वायत्तता को मजबूत करने के लिए अनेक प्रथाओं और प्रक्रियाओं की नींव रखी। गांधीवादी विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने स्वराज की भावना को सशक्त किया तथा ब्रिटिश नीतियों के विरोध में प्रभावी भूमिका निभाई।

### दिल्ली विस अध्यक्ष ने भी पठानिया के आतिथ्य को सराहा

**दिल्ली** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भी धर्मशाला में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन की चर्चा करते हुए पठानिया द्वारा किए गए आतिथ्य की सराहना की। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार और सचिव यशपाल शर्मा सहित विभिन्न राज्यों के पीठसीन अधिकारी उपस्थित रहे। कुलदीप पठानिया 25 अगस्त की सुबह नई दिल्ली से चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर में प्रस्तावित सदन की कार्यवाही में भाग लेंगे।

# कर्ण नंदा और संदीपनी ने की शांता कुमार से भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से उनके निवास स्थान पर प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा, वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर और प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने भेंट की। इस अवसर पर सभी नेताओं ने उनका आशीर्वाद लिया और मार्गदर्शन प्राप्त किया।



शांता कुमार से मुलाकात करते भाजपा के नेता।

शांता कुमार ने कहा कि आज़ादी के बाद से राजनीति में जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियां बनी रहीं, जिनसे देश की स्थिरता प्रभावित हुई, लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद राजनीति की दिशा बदली और परफॉर्मेंस आधारित राजनीति का नया युग शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में आंतरिक व बाहरी सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास को लेकर दूरगामी नीतियां बनी हैं और आज हर भारतीय के मन में भविष्य को लेकर विश्वास है कि भारत का कल उज्ज्वल है।

*हमारे आसपास कई ऐसे पौधे मिलते हैं, जिन्हें आम लोग बेकार समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के नजरिए से जब इन्हें करीब से देखा जाता है, तो अकसर यही तथाकथित बेकार पौधे हमारे भविष्य की खाद्य सुरक्षा और औषधीय आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम सिद्ध होते हैं। ऐसा ही एक बेकार सा दिखने वाला पौधा है-छूहीं, जो देखने में तो एक कांटेदार, दूधिया रस से भरा, बंजर भूमि पर उगने वाला एक साधारण- सा पौधा लगता है, पर वास्तव में पोषण, स्वास्थ्य और आजीविका का अद्भुत संगम। यह युभोर्बिईएसी परिवार का सदस्य है, जो स्नूह या थोहर आदि नामों से भी जाना जाता है।*

# छूहीं परंपरा, पोषण और औषधि का अद्भुत संगम





डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी



## छूहीं की पहचान और प्राकृतिक विशेषताएं

**छूहीं** कैक्टस जैसा दिखने वाला पौधा होता है, जिसकी हरी शाखाएं खंडों में बंटी हुई होती हैं। इन शाखाओं में एक सफेद दूध जैसा तरल पदार्थ भरा रहता है, जिसको लेटेक्स कहते हैं। यदि पौधे में कोई छोटी सी भी चोट लग जाए तो इस दूधिया लेटेक्स की बूंदें टपक कर गिरने लगती हैं। कहा जाता है कि छूहीं का दूध आंखों के लिए बहुत हानिकारक होता है, इसलिए छूहीं के आस-पास होने पर आंखों के बचाव की विशेष आवश्यकता होती है। ग्रामीण लोग जब भी इसे काटते हैं तो हाथों पर सरसों का तेल लगा लेते हैं, ताकि दूध का प्रभाव कम हो सके। बरसात के मौसम में इसकी हरी पत्तियां निकलती हैं, जो जल्द ही गिर जाती हैं। इसलिए अधिकतर समय यह पौधा बिना पत्तियों के ही देखा जाता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पौधा बंजर व चट्टानी भूमि पर भी पनप जाता है, जहां अन्य पौधे उगना मुश्किल समझते हैं। यही गुण इसे जलवायु परिवर्तन के दौर में जलवायु सहिष्णु पौधा बनाता है।

## बेकार नहीं, स्वादिष्ट भोजन का स्रोत

**ऐसा** नहीं है कि छूहीं का पेड़ बेकार है, बल्कि यह एक बहुमूल्य खाद्य, औषधीय, सजावटी एवं धार्मिक आस्था का पौधा है। इसका कोमल तना और शाखाएं पका कर खाने योग्य होते हैं और इनसे सब्जी के अलावा, एक बहुत ही विशिष्ट व्यंजन मिट्ठा भी तैयार किया जा सकता है। बस ध्यान रहे कि छूहीं को प्रयोग में लाते समय इसका दूध आपकी आंखों या त्वचा को न लगे इसके लिए आप हाथों पर सरसों का तेल लगा सकते हैं। पकाने के लिए छूहीं की कोमल शाखाएं छिलके के साथ ही वांछित आकार के छोटे टुकड़ों में काटी जाती हैं। फिर इन टुकड़ों को बहते पानी में या नल के नीचे अच्छी तरह से धोया जाता है, ताकि ये लेटेक्स से पूरी तरह मुक्त हो जाएं।

धोने के बाद अब ये मनचाहे तरीके से पकाने के लिए तैयार हैं। पकाने से पहले, छूहीं के ये टुकड़े चाकू से छील कर वर्गाकार आकार में काटे जात हैं, फिर इन्हें तीन-चार बार फिर से पानी में धोकर उबाला जाता है। उबाली हुइ छूहीं से सब्जी, मीठा या रायता बना सकते हैं।

## मीठा हिमाचली धाम का पहला व्यंजन

**हिमाचल** प्रदेश की धाम परंपरा का उल्लेख करते हुए मीठे का नाम लिए बिना चर्चा अधूरी है। शादी-ब्याह या अन्य मांगलिक अवसरों पर परोसी जाने वाली धाम की शुरुआत पहले प्रायः छूहीं के मीठे से ही होती थी, जिसे देसी घी, चीनी, सौंफ, हल्दी, नारियल और किशमिश के साथ इसकी कोमल शाखाओं को पकाकर तैयार किया जाता है। पकने पर इसके टुकड़े पारदर्शी और मुलायम हो जाते हैं और इसका अनोखा स्वाद लंबे समय तक स्मरणीय रहता है। छूहीं से बनने वाले अन्य व्यंजन भी लोकप्रिय थे, जैसे मंडी जिले के सरकाघाट क्षेत्र का खास रायता जो गर्मियों में ठंडक और ताजगी देता है तथा साधारण सब्जी जिसे ग्रामीण परिवार चावल या रोटी के साथ खाते हैं। लेकिन अब आधुनिकता के चलते छूही का मीठा और इससे बनने वाले व्यंजन गायब ही हो गए हैं और हम अकसर वही बनाते, खाते और परोसते हैं जो आसानी से बाजार में मिल जाए, जबकि सच्चाई यह है कि छूहीं सिर्फ बंजर भूमि की शोभा नहीं, बल्कि गांव की थाली का स्वाद और हमारी परंपरा की पहचान है।





## औषधीय महत्वः ग्रामीण उपचारों का आधार

**छूहीं** का महत्व सिर्फ भोजन तक सीमित नहीं है, यह एक औषधि भी है, जो ग्रामीण और जनजातीय चिकित्सा पद्धतियों में लंबे समय से उपयोग में लाई जा रही है। इसके पोषक तत्वों की बात की जाए, तो इसमें पोटैशियम, सोडियम, लोहा , तांबा, जस्ता सहित अनेक खनिज तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को आवश्यक पोषण प्रदान कर स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं। इसके अलावा फाइटोकैमिकल्स जैसे फिनोलिक्स, फ्लेवोनॉइड्स, टैन्निन्स, सैपोनिन्स और अल्कलॉइड्स शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट तथा एंटीमाइक्रोबियल गुणों से भरपूर हैं, जो शरीर को हानिकारक मुक्त कणों से बचाने, प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और रोगों से सुरक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। यही कारण है कि छूहीं को न केवल पारंपरिक आहार का हिस्सा माना जाता है, बल्कि आधुनिक अनुसंधान भी इसके औषधीय महत्व को प्रमाणित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि इसमें मेथनॉल, हैक्सेन, एंटीऑक्सीडेंट और एंटीट्यूमर तत्व पाए जाते हैं। यही कारण है कि इसका खाने में उपयोग कैंसर और बवासीर जैसी बीमारियों की रोकथाम में लाभकारी माना जाता है। त्वचा रोगों में आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में यह विशेष रूप से उपयोग की जाती है। इसके कई औषधीय गुण हैं ।

- **जोड़ों के दर्द में लाभकारी** छूहीं को सरसों के तेल के साथ मिलाकर लगाने से जोड़ों के दर्द और सूजन में आराम मिलता है।
- **त्वचा रोगों में उपयोगी** छूहीं का लेटेक्स फोड़ों, मस्सों और त्वचा के संक्रमणों में लगाया जाता है, लेकिन इसे अत्यधिक सावधानी से प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि यह त्वचा को जला भी सकता है।
- **मस्से व फोड़े :** मस्से या फोड़े पर दूध की 1 बूंद सीधे लगाएं, आसपास की स्वस्थ त्वचा पर न लगाएं।
- **दाद/खुजलीः** दूध को सरसों के तेल/घी/हल्दी में मिलाकर प्रभावित स्थान पर लगाएं।
- **फोड़े पकाने में :** दूध को तिल के तेल में मिलाकर लगाया जाता है।
- **सावधानी :** अधिक मात्रा में न लगाएं, यह त्वचा जलाता है।, आंख, मुंह और संवेदनशील भागों से दूर रखें।, बच्चों व गर्भवती महिलाओं में प्रयोग न करें।, वैद्य की सलाह से उपयोग करें ।
- **दांत दर्द में राहत :** इसकी डंठल से निकलने वाला दूध कुछ स्थानों पर दांत दर्द में लगाने के लिए भी प्रयोग किया जाता है।
- **पारंपरिक हड्डी जोड़ने में उपयोग** कुछ जनजातीय क्षेत्रों में इसका प्रयोग टूटी हड्डियों को जोड़ने में बाहरी लेप के रूप में किया जाता है।
- **एंटीसेप्टिक गुण :** इसका रस घावों को भरने और संक्रमण रोकने में सहायक माना जाता है।
- **आंखों की रोशनी बढ़ाने में उपयोगी :** ग्रामीण परंपराओं में महिलाएं इसके दूध से काजल बनाती थीं। यह काजल बच्चों की आंखों की ज्योति बढ़ाने वाला माना जाता था।

**धार्मिक मान्यताएं :** छूहीं का धार्मिक और लोक आस्था में भी खास महत्व है। गांवों और पहाड़ी इलाकों में लोग इसे केवल औषधि ही नहीं मानते, बल्कि पवित्र पौधा भी मानते हैं। उत्तर भारत के कई हिस्सों में होली दहन के समय छूहीं की सूखी डंडियां जलावन के रूप में डाली जाती हैं, क्योंकि मान्यता है कि इससे नकारात्मक ऊर्जा और रोगाणु नष्ट हो जाते हैं। वहीं, ग्रामीण लोग अपने घर या खेत की मेढ़ों पर छूहीं लगाते हैं, ताकि इसके कांटे और दूध से बुरी आत्माएं और नजर दूर रहें। लोक मान्यता यह भी रही है कि गर्भावस्था के अंतिम महीनों में जब काजल बनाने की प्रक्रिया होती, तो दिये पर बने आकार से शिशु के लिंग का अनुमान लगाया जाता था। आज भले ही यह वैज्ञानिक दृष्टि से प्रमाणित न हो, पर यह ग्रामीण संस्कृति की जीवंत धरोहर है। मंडी शहर के आस पास के गांव की महिलाओं के साथ बातचीत से यह बात सामने आई कि कुछ लोग गाँव में आज भी लिंग की जांच के लिए यह तरीका अपनाते हैं।

**भविष्य की संभावनाएं : छूहीं से व्यावसायिक क्रांतिः** आज जब फास्ट फूड संस्कृति से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं और जलवायु परिवर्तन से कृषि संकट गहराता जा रहा है, ऐसे समय में छूहीं जैसे पौधे भविष्य के लिए बड़ी संभावनाएं रखते हैं। छूहीं का उगना कठिन भूभाग और कम पानी में संभव है, इसलिए इसे भविष्य का 'जलवायु सहनशील आहार' कहा जा सकता है। इसके औषधीय तत्वों को फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए विकसित किया जा सकता है। स्थानीय महिलाएं और SHGs छूहीं से बने व्यंजन और औषधीय उत्पाद बेचकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकती हैं। छूहीं हमें यह सिखाती है कि प्रकृति में कुछ भी व्यर्थ नहीं है। जिस पौधे को लोग बेकार समझते हैं। वही आज के दौर में भोजन, औषधि, संस्कृति और आजीविका का आधार

# बरसात में दूषित पदार्थों के सेवन से पीलिया का खतरा

### बचाव जरूरी, लापरवाही न बरतें, चिकित्सक से तुरंत लें परामर्श

## लक्षण

**डॉ.** गुप्ता बताते हैं कि लीवर में सूजन, भूख नहीं लगाना, सिर दर्द, बुखार, घबराहट, पेट का फूलना, काम में मन न लगना, शरीर में थकान, कमजोरी, चक्कर आना, नाखून और आंखों में पीलापन नजर आना, मूत्र का रंग पीला होना, मल का रंग बदलना आदि पीलिया के लक्षण हैं।





**बरसात** के मौसम में दूषित पदार्थों के सेवन से पीलिया के बीमारी का खतरा रहता है। ऐसे में पीलिया की बीमारी से बचाव जरूरी हो जाता है। पीलिया एक ऐसी बीमारी है, जो दूषित भोजन, पानी और पेय पदार्थों के सेवन से होता है। ऐसे में चिकित्सा जांच और उपचार जरूरी होता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि पीलिया होने के कई कारण है, लेकिन इनमें मुख्य कारण दूषित भोजन, जल और पेय पदार्थ है। हमारे शरीर में लीवर का मुख्य काम खाने को पचाने का होता है। आयुर्वेदिक उपचार पद्धति में पीलिया का कारगर इलाज है। वहीं, कुछ नुस्खे भी हैं, जिनके उपयोग से पीलिया के मरीजों को फायदा होता है। डॉ. गुप्ता बताते हैं कि शरीर में पाचक पित्त के विकृत होने से पीलिया नाम की बीमारी होती है। एलोपैथी में पाचक पित्त को बिलीरिबन के नाम से जाना जाता है। विकृत पित्त की रक्त में मात्रा बढ़ जाने से आंखों, नाखून और त्वचा का रंग हल्दी सा नजर आने लगता है, जिसको आम बोलचाल की भाषा में पीलिया कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इस विकृत पित्त की मात्रा रक्त में अधिक होने से मस्तिष्क में सूजन आ जाती है। साथ ही मस्तिष्क की कार्य क्षमता कम हो जाती है। इस स्थिति में यह हेपेटाइटिस का रूप ले लेता है। यकृत (लीवर) में पाचक पित्त के सूख जाने से रक्त कण बनाना काम हो जाता है, जिससे शरीर में पीलापन आने लगता है।

प्रस्तुतिः -आर मोहन चौहान, सोलन।



डॉ. एनके गुप्ता।

## इन बातों का रखें ध्यान

- फिल्टर, आरओ या फिर उबालकर ठंडा किए हुए पानी का ही सेवन करें।
- बासी भोजन, कटे और खुले फल और सब्जियां खाने से परहेज करें।
- बाहरी खाते-पीते समय ध्यान रखें कि वहां साफ-सफाई की उचित व्यवस्था हो।
- अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखें।
- यदि किसी क्षेत्र में पीलिया फैल जाए तो वहां सभी को पानी उबालकर ही पिलाएं।
- पीलिया के मरीज को पूरी तरह से आराम करना चाहिए।

## अंधविश्वास में न पड़ें


**पीलिया** को लेकर लोगों में अंधविश्वास है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में पीलिया होने पर लोग झाड़ फूंक करवाने लगते हैं। इस कारण उपचार नहीं लेने से पीलिया हेपेटाइटिस में बदल जाता है, जो घातक होता है। ऐसे में पीलिया के लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेकर ही उपचार करना चाहिए।

## भोजन से पहले हाथों को अच्छे से धोएं

**फल** और सब्जियां खाने से पहले अच्छे से धोना चाहिए। भोजन करने से पहले हाथों को अच्छे से धोना चाहिए। उन्होंने बताया कि मौसम परिवर्तन होने पर पानी को उबालकर ठंडा करके पियें। ताजा रसदार फल का सेवन करें। अंगूर, तरबूज, नींबू पानी, टमाटर का रस, मूली का सेवन सर्वोत्तम उपचार है। इसके अलावा पपीता, चुकंदर और गन्ने को चूसना भी फायदेमंद रहता है। टमाटर का रस और सूप, पेठे का सेवन भी लाभदायक है।

# अस्थमा

**अस्थमा एक दीर्घकालिक (chronic) श्वसन रोग है, जिसमें श्वसन नलिकाएं सूज जाती हैं, सिकुड़ जाती हैं और उनमें अतिरिक्त बलगम बनने लगता है। इसके कारण मरीज को सांस लेने में कठिनाई होती है। यह रोग बार-बार होने वाले अस्थमा अटैक के रूप में प्रकट हो सकता है।**




### अस्थमा के लक्षण

* सांस लेने में तकलीफ सीने में जकड़न * खांसी (विशेषकर रात या सुबह जल्दी) * घरघराहट या सीटी जैसी आवाज आना * जल्दी थकान लगना

### अस्थमा के कारण

*अस्थमा का सटीक कारण पूरी तरह ज्ञात नहीं है, लेकिन कई कारक इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं:*

**एलर्जी : धूल, धुआं, परागकण जानवरों के बाल आदि।**

### वातावरणीय कारणः

*प्रदूषण, सर्दी, मौसम में अचानक बदलाव।*

**संक्रमणः** बार-बार सर्दी-जुकाम या श्वसन संक्रमण।

**अनुवांशिक :** परिवार में किसी को अस्थमा होने पर।

**जीवनशैली :** धूम्रपान, तेज परफ्यूम, केमिकल्स का असर।

हृदय या फेफड़े संबंधित बीमारी के कारण।

### अस्थमा के प्रकार

1. **एलर्जिक अस्थमा :** धूल, परागकण, जानवरों के कारण।
2. **नॉन-एलर्जिक अस्थमा :** मौसम, तनाव, प्रदूषण, व्यायाम से।
3. **एक्सरसाइज इंड्यूस्ड अस्थमा :** ज्यादा शारीरिक मेहनत से।
4. **अस्थमा-COPD ओवरलैप** अस्थमा और COPD दोनों के लक्षण।

* अस्थमा के ट्रिगर * धूल, धुआं, प्रदूषण * ठंडी हवा * परागकण तेज गंध या परफ्यूम * भावनात्मक तनाव * अधिक शारीरिक मेहनत * संक्रमण (सर्दी-जुकाम, फ्लू)

### कुछ महत्वपूर्ण सुझाव

**एलर्जी कंट्रोलः** ट्रिगर से बचाव। धूल, धुआं, तेज गंध और ठंडी हवा से बचें।

**लाइफस्टाइलः** धूम्रपान से दूरी, साफ वातावरण, नियमित व्यायाम और योग। अदरक, लहसुन, शहद का सेवन। स्टीम लेना। हल्दी वाला दूध।

### प्राणायाम

होम्योपैथी के उपयोग से अस्थमा का उपचार किया जा सकता है। होमियोपेथिक दवा लंबे समय से चल रहे अस्थमा को तो ठीक करती है साथ साथ अस्थमा के अटैक के दौरान भी बहुत असर करती है।

## अस्थमा की होम्योपैथिक दवाएं



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

**1. Arsenicum Album**
सांस लेने में तकलीफ, विशेषकर रात 12 बजे के बाद बढ़ती है। सीने में जलन और बेचैनी। हल्की-सी मेहनत पर भी थकान।

**2. Ipecacuanha**
लगातार खांसी और सांस फूलना। खांसी के साथ उल्टी जैसा महसूस होना। बलगम साफ नहीं निकल पाता।

**3. Antimonium Tartaricum**
बहुत ज्यादा बलगम जमा हो जाना, लेकिन आसानी से बाहर न निकल पाना। सीने में घरघराहट और दम घुटने जैसा अनुभव। खांसी के साथ बहुत कमजोरी।

**4. Spongia Tosta**
सूखी, भौंकने जैसी खांसी। रात को अचानक खांसी और सांस रुकने जैसा अनुभव। गर्म हवा में राहत, ठंडी हवा में परेशानी।


**5. Natrum Sulphuricum**
नमी (damp weather) व बारिश में अस्थमा बढ़ना। सुबह उठते ही खांसी और सांस फूलना। लगम हरा या पीला।

**6. Blatta Orientalis**
धूल या गंदे वातावरण में अस्थमा बढ़ना। घरघराहट, सांस लेने में भारीपन। बलगम ज्यादा व गाढ़ा।

**7. Nu& Vomica**
धूम्रपान या शराब पीने वालों में अस्थमा। सुबह जल्दी अस्थमा का दौरा। चिड़चिड़ापन और कब्ज के साथ।

***नोटः दवा हमेशा योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक की सलाह से ही लेनी चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति के लक्षण अलग होते हैं।***

# कलौंजी स्वास्थ्य की संजीवनी





-डॉ. तेज प्रताप पांडेय, होम्योपैथी विशेषज्ञ बिलासपुर।

**दादी-नानी** के नुस्खों में एक नाम हमेशा चमकता है कलौंजी। छोटे-से काले बीज, लेकिन ताकत इतनी कि इसे आयुर्वेद में धरती की संजीवनी कहा गया है। गांवों में आज भी यह कहावत मशहूर है 'अगर घर में कलौंजी है, तो अस्पताल का रास्ता भूल जाओ।' कलौंजी का इतिहास हजारों साल पुराना है। आयुर्वेद, यूनानी और इस्लामी तीनों चिकित्सा पद्धतियों ने इसके चमत्कारी प्रभावों को मान्यता दी है। मिस्र की रानी क्लियोपेट्रा अपनी त्वचा और बालों की सुंदरता के लिए कलौंजी तेल का प्रयोग करती थीं। पुरातत्वविदों को फिरऔनों के मकबरों में भी कलौंजी के बीज मिले हैं, जो इस बात का प्रमाण हैं कि इसे स्वास्थ्य का अमृत माना जाता था। कलौंजी का स्वाद हल्का कड़वा और मिर्ची जैसा तीखा होता है। इसकी प्रकृति गर्म मानी जाती है यानी यह शरीर को भीतर से ऊर्जा देता है और रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। कलौंजी का तेल बालों और जोड़ों के दर्द के लिए वरदान है। कलौंजी को 'हर मर्ज की दवा' कहा जाता है। कलौंजी न सिर्फ एक मसाला है बल्कि एक प्राकृतिक औषधि है। यह हमारे शरीर का ऐसा बॉडीगार्ड है, जो छोटी-बड़ी कई बीमारियों से बचाव करता है। आयुर्वेदाचार्य डॉ. तेज प्रताप पांडेय का मानना है कि अगर इसे सही मात्रा और सही तरीके से अपनाया जाए तो इंसान उम्रभर निरोग रह सकता है। ऐसे में आयुर्वेद अपनाएं, कलौंजी को जीवन का हिस्सा बनाएं और निरोग जीवन पाएं।

प्रस्तुतिः अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।

## लाभ

- डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को संतुलित करता है
- बाल झड़ना रोककर गंजेपन तक में असर।
- त्वचा को निखारकर पिंपल और दाग-धब्बे मिटाता है।
- अस्थमा और सर्दी-जुकाम में कारगर।
- गठिया और जोड़ों के दर्द में राहत।
- पाचन तंत्र को मजबूत बनाकर गैस और अपच दूर करता है।
- याददाश्त को तेज करता है और गहरी नींद में मदद करता है।
- आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी सहायक माना जाता है।

## सावधानियां जरूरी

- गर्भवती महिलाओं को इसका सेवन नहीं करना चाहिए।
- अत्यधिक मात्रा लेने से शरीर में गर्मी बढ़ सकती है।
- संवेदनशील लोग शुरुआत में कम मात्रा ही आजमाएं।

## उपाय

- सुबह शहद के साथ इसका पाउडर लें।
- सर्दी-जुकाम में चाय में डालकर पिएं।
- आटे में मिलाकर पौष्टिक रोटियां बनाएं।
- दूध में मिलाकर इम्यूनिटी बढ़ाएं।

# गुग्गल जोड़ों के दर्द, थायरायड में लाभकारी आयुर्वेदिक औषधि

**गुग्गल** एक आयुर्वेदिक औषधि है, जिसका उपयोग प्राचीनकाल से विभिन्न रोगों के उपचार में किया जा रहा है। आयुर्वेद में इसे 'योगवाही' कहा गया है, क्योंकि यह अन्य औषधियों के प्रभाव को बढ़ाकर शरीर के भीतर सही स्थान तक पहुंचाने में सहायक होता है। वात और कफ दोष को संतुलित करने के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है।



गुग्गल का प्रमुख उपयोग गठिया और जोड़ों के दर्द में होता है। इसके सूजननाशक और दर्द निवारक गुण संधिवात, अंबवात और हड्डियों से जुड़ी अन्य बीमारियों में लाभकारी माने जाते हैं। इसी कारण 'योगराज गुग्गल' और 'सिंधु गुग्गल' जैसी कई आयुर्वेदिक औषधियां बनाई गई हैं। यह मोटापा और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में भी सहायक है। गुग्गल रक्त में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है। इसके नियमित उपयोग से हृदय रोगों से बचाव होता है और धमनियां स्वस्थ बनी रहती हैं। त्वचा संबंधी रोगों में भी गुग्गल को लाभकारी माना जाता है। यह रक्त को शुद्ध कर शरीर से विषैले तत्व बाहर निकालता है, जिससे एक्जिमा, खुजली, सोरायसिस और फोड़े-फुंसी जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। गुग्गल थायरॉयड असंतुलन को भी नियंत्रित करने में उपयोगी है। यह शरीर की चयापचय क्रिया को तेज करता है, जिससे थकान, मोटापा और हार्मोनल असंतुलन जैसी परेशानियों से निजात मिलती है। साथ ही यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर शरीर को संक्रमण से बचाने में मदद करता है।



-डॉ. रंजना कपूर, जोगिंद्रनगर, मंडी।

हालांकि, गुग्गल का सेवन हमेशा आयुर्वेदाचार्य या चिकित्सक की सलाह से ही करना चाहिए। अधिक मात्रा में सेवन करने से पेट की गड़बड़ी, दस्त या एलर्जी जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। गुग्गल एक अमूल्य आयुर्वेदिक औषधि है, जो जोड़ों के दर्द, मोटापा, त्वचा रोग, हृदय रोग और थायरायड जैसी अनेक समस्याओं में लाभकारी सिद्ध होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे समेत महिला और युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने 23.81 ग्राम चिट्टे सहित एक महिला व युवक को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जानकारी के अनुसार कांगड़ा पुलिस शनिवार को रात्रि गश्त पर थी। इस दौरान अच्छरा कुंड में मोटरसाईकिल नंबर पीबी-23एम-9402 में सवार 20 वर्षीय आदित्य सिंह निवासी गांव व डाकघर तरसूह वार्ड नंबर-5, तहसील व जिला कांगड़ा व 30 वर्षीय मीना पत्नी निवासी गांव सुधाल डाकघर ज्वाली जिला कांगड़ा के कब्जे से 23.81 ग्राम चिट्टा बरामद किया है । एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कांगड़ा में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जिला कांगड़ा पुलिस का अभियान लगातार जारी है तथा नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जाएगा ।

### तीन में से केवल एक ही विमान पहुंचा कांगड़ा एयरपोर्ट

**अनंत ज्ञान, गगल।** तीन में से केवल एक ही विमान रविवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। कांगड़ा एयरपोर्ट के वरिष्ठ प्रबंधक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि खराब मौसम के चलते केवल इंडिगो का ही विमान कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुआ, जबकि दो स्पाइसजेट के विमान खराब मौसम के चलते उड़ान नहीं भर सके ।

### टियालू मेला के दंगल में विदेशी पहलवान भी लेंगे हिस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** टियालू मेला कमेटी की बैठक अध्यक्ष दिनेश कपूर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मेले के दौरान होने वाली कुश्ती में विदेशी पहलवानों के भाग लेने की संभावना जताई जा रही है। मेले का उद्घाटन 31 अगस्त को सुबह 11 बजे मैक्लोडगंज चौक पर होगा। 2 सितंबर को पहलवानों का पंजीकरण प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा तथा मुकाबले दोपहर 12 बजे प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक चलेंगे। वहीं विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। मेला स्थल कमेटी में करमचंद, नरेंद्र पठानिया, नवजीवन शर्मा, कृष्णा महादेव, महेंद्र पाल, अशोक शर्मा, सोनू कुमार, सुरेंद्र, कुश्ती कमेटी में परशराम, किशोरी लाल, करमचंद, विक्रमजीत, पुरुषोत्तम, मूलराज शर्मा, विनोद बरसैण। धन संग्रह कमेटी में निर्मल, महेंद्र, नरेंद्र, महेंद्र पाल, दिनेश कपूर, करमचंद, आशीष कपूर, विनोद कुमार, केएमडी, संजीव नैहरिया, शमशेर नैहरिया, रसपाल, सांस्कृतिक संध्या कमेटी में विकास नैहरिया, नरेंद्र पठानिया, करमचंद, किशोरी लाल, परशराम, निर्मल कुमार, महेंद्र कपूर, संजीव नैहरिया, शमशेर नैहरिया, आशीष को शामिल किया गया है।

### ट्रक और बाइक की टक्कर में एक घायल

**अनंत ज्ञान, गगल।** एक ट्रक जो बरमाना से चैतडू की ओर जा रहा था कि गंगभैरो के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने गलत दिशा से आते हुए उसने ट्रक की कंडक्टर साइड टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गया जिसे उपचार के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा ले जाया गया। गगल थाना प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बताया कि घायल की पहचान पंकज कुमार पुत्र संजय कुमार इंदौर कांगड़ा के रूप में हुई है। ट्रक ड्राइवर प्रदीप कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार जो जम्मू का निवासी है। थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बैजनाथ से चंडीगढ़ सीटीयू की बस चलने पर खुशी

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) की बस चंडीगढ़ से घुमारवीं, भोटा, हमीरपुर, थुरल, गढ़ बसदी चौक, पालमपुर, बैजनाथ तक चलना शुरू हो गई, जिसका गढ़ बसदी चौक पर ठाकुर संदीप, चमन लाल राणा, शान्तिस्वरूप राणा, अनिल राणा, जगत राम भाटिया, राजेंद्र शर्मा व अन्य ने बस चालक विकास, परिचालक सतनाम सिंह व बस चैकर हरप्रीत का स्वागत किया। यह बस पालमपुर से सुबह 6:25 पर चलेगी व गढ़ बसदी चौक पर 7 बजे पहुंचेगी। शाम को चंडीगढ़ से 2:15 पर चलेगी और रात 8:15 बजे गढ़ बसदी चौक पर पहुंचेगी। इसका सारा श्रेय संजय सिंह चौहान चेयरमैन सहकारी बैंक एवं अध्यक्ष सुलह कांग्रेस हिमाचल प्रदेश को जाता है।

### भारत विकास परिषद के सदस्यों ने किया पौधरोपण

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के अध्यक्ष प्रीतम भारती, प्रांत पर्यावरण संयोजक डीआर ठाकुर एवं सचिव अनुज आचार्य की अगुवाई में पौधरोपण किया। इस दौरान पपरोला शहर के प्रमुख हार्डवेयर व्यवसायी मुख्यातिथि राकेश शर्मा, ग्वाल टिक्कर प्रधान प्रधान सिंह, उपप्रधान पूर्ण चंद, पूर्व प्रधान माधो राम एवं विशिष्ट अतिथि शेर सिंह को सम्मानित किया।

### ईश्वर-दर्शन ही है पूर्ण सद्गुरु की पहचान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर में चल रही शिव कथा के अंतिम दिवस दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संस्थापक व संचालक दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने तारकासुर वध की गाथा को भक्तों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि तारकासुर ने घोर तपस्या कर ये वरदान प्राप्त किया कि उसकी मृत्यु केवल शिवपुत्र के हाथों ही हो। तारकासुर ने सोचा कि शिव तो वैरागी हैं, सो वह तो विवाह नहीं करवाएंगे और न ही उनका कोई पुत्र होगा। यह सोच उसने खुद को अमर मान सब प्राणियों पर अत्याचार आरंभ कर दिए, लेकिन शिव-पार्वती विवाह के उपरांत उनके यहां कुमार कार्तिकेय का जन्म हुआ। देवताओं ने कुमार को देवसेना का सेनापति घोषित कर दिया और कार्तिकेय ने बड़ी वीरता से तारकासुर का अंत कर दिया।

### आंचल ने स्टेट चैंपियनशिप में नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** 30वीं राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन पुलिस




बटालियन सिरमौर के धौला कुआं में संपन्न हुई, जिसमें हिमालय शूटिंग अकादमी बैजनाथ की आंचल ने अपने नाम तीन स्वर्ण पदक और एक कांस्य से पदक अपने नाम कर क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन किया है। अंचल ने 25 मीटर में दो गोल्ड 50 मीटर में एक गोल्ड तथा 10 मीटर इवेंट में एक कांस्य पदक अपने नाम किया। आंचल के कोच राहुल ने बताया कि 35 बच्चों ने इस अकादमी के प्री नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई हुए हैं । इस अकादमी में दिव्यांग बच्चों को बिना किसी खर्चे से शूटिंग सिखाते हैं साथ ही अकादमी के पास अच्छे राइफल और पिस्टल भी है।

### सायेम महाजन इंडिया कोचिंग कैंप के लिए चयनित

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर फुटबॉल एकेडमी का स्टार खिलाड़ी सायेम महाजन इंडिया कोचिंग कैंप के लिए चयनित हुआ है। सयेम महाजन शाहपुर फुटबॉल एकेडमी जिला फुटबॉल एसोसिएशन का होनहार खिलाड़ी है । इससे पहले भी वह जूनियर नेशनल और सीनियर नेशनल, यूनिवर्सिटी स्तर पर और दो संतोष ट्रॉफी खेल चुका है। चयन होने पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन में और कांगड़ा के खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान जिला के महामंत्री विजय भंडारी ऑल इंडिया मैच कमिश्नर तपिश पब्लिक रिलेशन ऑफिसर अजय पंकज, शाहपुर फुटबॉल अकादमी के अध्यक्ष केवल शर्मा, शाहपुर फुटबॉल अकादमी के निर्देशक लक्ष्मीकांत शर्मा, बाबूराम गोस्वामी, त्रिलोक चौधरी, जीवन कोंडल अनिल सैनी ने सायम के चयन पर खुशी जाहिर की है और उनके परिवार को बधाई दी है।

### बरसात से नुकसान को लेकर नगर निगम की बैठक आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला में बरसात से लगातार हो रहे नुकसान का आकलन किया जाएगा। इसके लिए सोमवार को एमसी धर्मशाला में पार्षदों की अहम बैठक भी रखी गई है, जिसमें संबंधित वार्ड में होने वाले नुक्सान का ब्यौरा रखा जाएगा। एमसी धर्मशाला के तहत वार्ड नंबर पांच कश्मीर हाऊस के तहत ओल्ड चड़ी रोड़ में रूप लाल के घर क्षतिग्रस्त हुआ है, जबकि एक अन्य घर को भी नुक्सान हुआ है। इसके अलावा भी विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के घरों व दुकानों को पानी घुसने के साथ ही डंगे गिरने के भी मामले सामने आए हैं। नगर निगम धर्मशाला की मेयर नीनू शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में काफी नुक्सान की सूचनाएं मिल रही है। इस संबंध में सोमवार को समस्त वार्ड का आकलन कर नुक्सान की रिपोर्टर सरकार को भेजकर जल्द ही मदद उपलब्ध करवाने की बात रखी जाएगी, जिससे लोगों को राहत प्रदान की जा सके। धर्मशाला में लगातार जारी बारिश से साथ लगते सुधेड़ में पिछले तीन वर्षों से भी अधिक समय से असुरक्षित भवन को आधा गिराने के बाद आधा हिस्सा धड़ाम करके नीचे गिर गया।

### दयाल में हुई डॉक्टर अंबेडकर जीवन संघर्ष प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** श्री गुरु रविदास महासभा द्वारा प्रबुद्ध भारत फाउंडेशन के सौजन्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर जीवन संघर्ष प्रतियोगिता का आयोजन अंबेडकर भवन, दयाल में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सभा प्रधान राकेश भाटिया ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में सुदर्शन कुमार, राजकुमार, मुकेश, संजीव, दिनेश, प्रदीप, गोल्डी, सुनीता व राजिंद्र बिल्ला का सराहनीय योगदान रहा।

# डल झील में राधाष्टमी स्नान को पानी स्टोर करने की प्रक्रिया शुरू

## ट्रायल रहा था सफल, मेले की तैयारियों में जुटा उपमंडल प्रशासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



मिनी मणिमहेश के नाम से विख्यात मैक्लोडगंज के साथ लगती डल झील में राधाष्टमी के स्नान को डल झील में किया गया ट्रायल सफल रहा है। झील से रिसाव रोकने के लिए जो कार्य किया गया है, उसे चेक करने के लिए पिछले सप्ताह पानी स्टोर करने का ट्रायल किया गया था, जिसके बाद पानी को निकाल दिया गया था अब फिर से राधाष्टमी स्नान के चलते पानी स्टोर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

स्नान के लिए अस्थायी घाट बनाने सहित मेले के दौरान लगने वाली प्रदर्शनियों के लिए व्यवस्थाएं बना ली गई हैं। झील के रिसाव को रोकने के लिए जो रेलिंग लगाई गई थी, उसे हटा दिया गया था, अब वहां पर आकर्षक रेलिंग लगाई गई है। नगर निगम से उपमंडल प्रशासन ने आग्रह किया है कि राधाष्टमी स्नान के चलते 30 और 31 अगस्त को वहां पर साज-सजावट के लिए लाइटें लगाई जाएं। जिससे कि रात को भी झील आकर्षक नजर आए।

### नहीं होगी लंबे जाम की समस्या

मेले के दौरान पूर्व में एक से डेढ़ घंटे तक के जाम की स्थिति बनती रही है। ऐसे में इस बार व्यवस्था इस तरह से की जाएगी कि 10 से 15 मिनट तक ट्रैफिक जाम न लग पाए। इसको लेकर जिला पुलिस के साथ भी चर्चा की गई है। मेले के दौरान अतिरिक्त बल के लिए कमांडेंट होमगार्ड से आग्रह किया गया है। साथ ही नगर निगम के माध्यम से भी गोताखोरों की व्यवस्था के लिए कहा गया है। यदि पानी अधिक रहता है तो प्रशिक्षित गोताखोरों को झील के आसपास तैनात किया जाएगा।

> डल झील में राधाष्टमी स्नान के लिए पानी स्टोर करना शुरू कर दिया गया है। मेले की तैयारियां शुरू कर दी हैं। झील किनारे लगाई गई रेलिंग जिसे हटा दिया गया था, वहां पर आकर्षक रेलिंग लगाई गई है। मेले के दौरान आकर्षक लाइटों के साथ गोताखोरों की व्यवस्था की जा रही है।
>
> –मोहित रत्न, एसडीएम, धर्मशाला।



# साइबर थाना टीम ने होल्ड की पूर्व अधिकारी से ठगी 15 लाख की राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पालमपुर उपमंडल से संबंधित पूर्व अधिकारी से लाखों रुपए की ठगी के मामले में साइबर थाना की टीम ने 15 लाख रुपये की राशि होल्ड कर ली है। शिकायत मिलने पर जांच कर रही साइबर टीम आगामी छानबीन में जुट गई है।

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर शातिर ठगों ने पालमपुर से संबंधित एक पूर्व अधिकारी को 49.65 लाख रुपए की चपत लगाई थी। ठगी का एहसास होने पर व्यक्ति ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाई। साइबर थाना में दर्ज शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि वह पहले भी ट्रेडिंग में राशि लगाते थे, लेकिन कुछ समय से इसे बंद कर दिया था। जुलाई माह के मध्य में उन्हें वाट्सएेप पर ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए एक लिंक आया। इस लिंक पर क्लिक करने के बाद वह एक ग्रुप में जुड़ गए और इसमें अज्ञात व्यक्ति के साथ उनकी बातचीत होने लगी। शातिर की

**मामले में आगामी छानबीन जारी, पड़ताल में जुटी टीम**

ओर से उन्हें एक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में राशि लगाने के लिए कहा और उसमें अच्छे मुनाफे की बात कही। शातिर के झांसे में आकर उन्होंने अगस्त माह के मध्य तक ही 10-11 ट्रांजेक्शन के माध्यम से 49.65 लाख रुपए की राशि का निवेश किया। इसी माह जब उन्होंने अपनी राशि निकालने के लिए प्रयास किए तो यह नहीं निकली तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ और इसकी शिकायत दर्ज करवाई।

> ऑनलाइन ठगी शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने के बाद जांच करते हुए साइबर टीम द्वारा पीड़ित पूर्व अधिकारी की करीब 15 लाख रुपए की राशि होल्ड कर ली गई है। मामले की आगामी जांच जारी है।
>
> -प्रवीण धीमान, एएसपी, साइबर थाना धर्मशाला।

### करोड़ों की लॉटरी के चक्कर में 7 लाख भी गवाएं

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस बार-बार लोगों को समय समय पर जागरूक करती रहती है कि आजकल शातिर कई नए नए हथकंडे अपनाते रहते हैं । ऐसा ही उदाहरण एक कद्रेड़ इच्छी में एक महिला के साथ एक करोड़ की लॉटरी लगने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत कद्रेड़ की महिला बिंदिया देवी पत्नी अर्जुन कुमार जो ऑनलाइन लॉटरी का शिकार हुई हैं। गगल पुलिस थाना के प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बताया की महिला जिसे एक अज्ञात फोन आता है और उसे एक करोड़ रुपए की लॉटरी निकलने की बात करता है जिस पर महिला खुशी से झूम उठी और शातिर ने उसे एक करोड़ लॉटरी पाने के लिए कुछ ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने के लिए कहा। जिस पर महिला ने तीन चार बार ऑनलाइन शातिर को ट्रांजेक्शन करती रही और ट्रांजेक्शन करते-करते उसने सात लाख ट्रांसफर कर दिए, लेकिन उसके बाद उसे कोई भी रिस्पांस नहीं मिला तो उसने हार कर गगल पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

थाना प्रभारी उधम सिंह ठाकुर ने कार्रवाई करते हुए बैंकों की डिटेल निकाल कर दो लाख 2,52,018 रुपए को फ्रीज करवाया गया और बाकी पैसों की ट्रांजेक्शन का कोई पता नहीं लग पाया, लेकिन पुलिस ने 2,52,018 रुपए वापस महिला को दिलवा दिए गए। प्रभारी ने कहा की कार्रवाई चली हुई है ।

# पेंशन संशोधन के केस शिमला भेजें सभी विभाग : कृष्ण शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा पेंशनर संघ के प्रधान कृष्ण सरुप शर्मा ने जिला कांगड़ा के विभिन्न विभागों के डीडीओज से मांग की है कि जो पेंशनर जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए हैं तथा जिनके केस अभी पेंशन संशोधन में अभी तक प्रधान लेखाकार शिमला को नहीं भेजें है उनके केस संशोधन के लिए भेजे जाएं।

प्रधान ने संघ के सभी खंडों के प्रधानों, महासचिवों से भी अनुरोध किया है कि वे भी अपने खंडों में ऐसे केसों को ढूढें तथा उन पर कार्रवाई करवाएं या फिर मेरे नोटिस में लाए। प्रधान ने कहा कि इस बार पेंशनरों को बड़ी आशा थी कि 15 अगस्त को सरकार द्वारा महंगाई भत्ते की किस्त की घोषणा होगी, परंतु उस समय पेंशनरों को बड़ी निराशा हाथ लगी, जब पेंशनरों के बारे में समारोह में कोई जिक्र नहीं किया गया ।

ऐसा महसूस हुआ कि सरकार पेंशनर्स को भूल चुकी है जिन पेंशनर्स का हिमाचल प्रदेश के प्रति इतना योगदान रहता है तथा रहेगा भी। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेंशनरों की बाकी देनदारियों का भी भुगतान नहीं किया है, जिस से पेंशनरों के परिवारों को भी सरकार के प्रति बड़ी नराजगी है। प्रधान ने हिमाचल प्रदेश सरकार से मांग की है कि पेंशनर्स की मजबूरी को ध्यान में रखते हुए उनकी मागों को माना जाए ।

# पंचायत चुनावों को लटकाने का प्रयास कर रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



प्रेस वार्ता करते करण नंदा, संदीपनी भारद्वाज, संजय शर्मा और विश्व चक्षु ।

लोकप्रियता खो चुकी प्रदेश की सुक्खू सरकार नगर निकाय व पंचायत चुनावों को लटकाने का प्रयास कर रही है। पूर्व भाजपा सरकार में जिला कांगड़ा से चार मंत्री थे, वर्तमान सुक्खू सरकार जिला को उसका अधिकार देने में नाकाम रही है, जबकि कांग्रेस सरकार में सबसे अधिक विधायक जिला कांगड़ा से है।

यह आरोप प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा, प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज, प्रवक्ता संजय शर्मा एवं सह-प्रभारी विश्व चक्षु ने धर्मशाला में प्रेसवार्ता में लगाए। प्रदेश में सेब सीजन चरम पर है, जबकि एचपीएमसी का सेब सड़क किनारे सड़ रहा है, तो सीएम व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी किसे जुर्माना लगाने वाले हैं। कोल्ड स्टोर, प्रोसेसिंग प्लांट व प्रोसेसिंग प्रक्रिया की व्यवस्था है, जबकि उसका सही इस्तेमाल क्यों नहीं हो पा रहा है।

प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार को बनाने में कांगड़ा का अहम स्थान रहा है। भाजपा के समय में चार-चार मंत्री थे, जबकि वर्तमान सरकार जिला का अधिकार ही प्रदान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 देने की बात कही थी, वो नहीं दी गई, जबकि अपनी पत्नी की पेंशन का बंदोबस्त कर लिया है। संदीपनी ने कहा कि केंद्रीय विवि के धर्मशाला के 30 करोड़ नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने वोट चोरी पर कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी है, तो क्या यहां भी वोट चोरी करके बनाई गई है। अवैध कब्जे को हटाने को लेकर कोर्ट में केस ठीक से चलाने के चलते हाईकोर्ट की ओर से निर्णय दिया जाएगा।

### 27 से 31 तक बंद रहेंगे स्वर्णकारों के प्रतिष्ठान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** स्वर्णकार संघ जयसिंहपुर के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के सभी स्वर्णकार 27 से 31 अगस्त तक अवकाश पर रहेंगे।

मनोज गुप्ता ने बताया कि जयसिंहपुर, लम्बागांव, अप्पर लम्बागांव, कोटलू , आलमपुर, ठाकुरद्वारा, संघोल, संधोल, हारसी, सरिमोलग, चढियार, गंदड़, सुआं, कोसरी, रोपड़ी खैरा के सभी स्वर्णकार 27 से 31 अगस्त तक पांच दिन अपने व्यापारिक संस्थान बंद रखेंगे।

उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा के उपमंडल जयसिंहपुर के तहत आने वाले व जिला मंडी के संधोल के सभी स्वर्णकारों के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया है उन्होंने बताया कि इस अवकाश के दौरान कोई स्वर्णकार अपने व्यापारिक संस्थान को खोलता है तो उसे भारी जुर्माना भी किया जाएगा।

### नगरोटा गांधी ग्राउंड में रक्तदान शिविर कल

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा सेवियर्स क्लब द्वारा आगामी 26 अगस्त को गांधी ग्राउंड, नगरोटा बगवां में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नगरोटा की बेटी बर्तिका के जन्मदिन पर उनकी याद में लगाया जा रहा है।

नगरोटा सेवियर्स क्लब के अध्यक्ष वरुण मारवाह ने कहा कि यह आयोजन क्लब का 20वां शिविर होगा और बर्तिका की याद में आयोजित छठा वार्षिक शिविर है। क्लब ने सभी रक्तदाताओं से इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की है।

# वन विकास पर 100 करोड़ व्यय करेगी सरकार : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



लोगों को जानकारी देते हुए केवल सिंह पठानिया।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की समृद्ध जैव-विविधता को और संरक्षित व समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इससे वर्ष 2030 तक 30 प्रतिशत वन आवरण बढ़ाने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। रविवार को कालापुल में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राजीव गांधी वन संवर्धन योजना से वन विकास के साथ-साथ जन सहभागिता बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

इस योजना के तहत वर्ष 2025-30 तक महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह और संयुक्त वन समितियां एक से पांच हेक्टेयर चयनित वन भूमि पर न केवल पौधे लगाएंगी, बल्कि पांच वर्ष तक उनकी देखभाल भी करेंगी। इसके लिए 100 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। इस वर्ष 20 करोड़ रुपये की लागत से 1000 से 1500 हेक्टेयर वन भूमि पर पौधरोपण किया जा रहा है। पौधरोपण व पौधों की देखभाल के लिए एक लाख 20 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर भी प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कजलोट में आयुर्वेदिक औषधालय, महिला मंडल के भवन निर्माण के लिए जमीन हस्तांतरित कर दी गई है, वहीं पटवार भवन तथा राजस्व भवन के निर्माण के लिए तीन लाख की राशि स्वीकृत की गई है ।

### प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बनने पर सांसद का स्वागत

**अनंत ज्ञान, नूरपूर/कोटला।** कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद राजीव भारद्वाज के पुनः भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनने की घोषणा होते ही पूरे क्षेत्र में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। जसूर स्थित उनके आवास पर रविवार को दिनभर बधाइयों का तांता लगा रहा। सबसे पहले जवाली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अर्जुन ठाकुर, संगठनात्मक जिला नूरपुर अध्यक्ष राजेश काका सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे और सांसद का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

### चक्की खड्ड उफान पर, राज्यमार्ग किया बंद

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** चक्की खड्ड उफान पर होने के कारण जालंधर-जम्मू, पठानकोट राज्यमार्ग को रविदास चौक के निकट से बंद कर दिया गया है। थाना डिवीजन नंबर 2 के प्रभारी मनदीप सलगोत्रा ने मौके पर पहुंच स्थिति का जाजया लिया। उन्होंने कहा कि सरकारी आदेशों पर पुल का रास्ता बंद किया गया है सिर्फ एमरजेंसी सेवाएं ही चालू रखी गई है। आगे के आदेशों पर पुल को समय अनुसार दोबारा खोल दिया जाएगा। अब कंडवाल से होते हुए पठानकोट पहुंचना और पठानकोट से जालंधर जाने के लिए कंडवाल का रास्ता तय किया गया है।

### छात्रों ने कराटे में चैंपियनशिप में जीते 16 पदक

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** नेशनल कराटे फेडरेशन नॉर्थ जोन कराटे चैंपियनशिप 2025 कालका में आयोजित की गई, जिसमें कराटे अकादमी देहरा के बच्चों ने 16 पदक जीते। टीम के कोच सेंसेई पवन ने बताया कि बच्चे कराटे अकादमी देहरा में प्रशिक्षण लेते हैं और टूर्नामेंट्स में उम्दा प्रदर्शन करते हुए आयुष्मान ने 1 गोल्ड, अमोघ वालिया ने 2 ब्राउनज, युवान ने 2 ब्राउनज, अरव ने 1 ब्राउनज, अथर्व सरोच ने 1 सिल्वर 1 ब्राउनज, शिवा ने 2 सिल्वर, तेनजिन नेगी ने 1 सिल्वर 1 ब्राउनज, अविग्ना ने 1 गोल्ड, छेकीत नेगी ने 1 गोल्ड 1 सिल्वर, नव्या शर्मा ने 1 सिल्वर मैडल जीता है।

### इंदौरा में बारिश से तबाही, सैकड़ों परिवार प्रभावित

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** लगातार भारी बारिश से इंदौरा क्षेत्र में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वार्ड-2 और 3 में तारा खड्ड का पानी आबादी क्षेत्र में घुसने से 100 घरों और 100 से अधिक दुकानों में पानी भर गया, जिससे 250 से 300 परिवार प्रभावित हुए। डाहकुलाड़ा में छोंछ खड्ड का पानी समर बायोटेक व पेप्सिको प्लांट तक पहुंच गया। सुखभटोली गांव में भूस्खलन व जलभराव से दो घर खतरे की चपेट में आ गए और स्कूल की रिटेनिंग वॉल व सड़क बह गई। मधुमक्खी पालक को लाखों का नुकसान हुआ। विधायक मलेंद्र राजन ने एसडीएम डॉ. सुरिंद्र ठाकुर के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। प्रशासन ने एनडीआरएफ की मदद से रेस्क्यू कर राहत शिविरों में भोजन व आवास की व्यवस्था की है। विधायक ने नुकसान के त्वरित सर्वेक्षण के निर्देश दिए हैं।

# आजाद हिंद सैनिक प्यार चंद मेहता की प्रतिमा का किया अनावरण

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** नौरा में सुलह विधायक एवं नवनियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार का नौरा पंचायत में एक समारोह में स्वागत किया गया।

नौरा पंचायत घर के प्रांगण में ग्राम पंचायत नौरा के गांव मतेहड़ के आजाद हिंद सेना के सैनिक स्वर्गीय प्यार चंद मेहता की प्रतिमा अनावरण समारोह में विपिन परमार ने प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर परमार ने कहा कि प्यार चंद जैसे वीर जवानों के बलिदान के कारण ही भारत आजाद हो पाया था। नौरा पंचायत घर के प्रांगण में उनकी प्रतिमा की स्थापना आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संदेश है। परमार ने कहा कि प्यार चंद के परिवार में आज भी देश सेवा का जज्बा उसी तरह जिंदा है। प्यार चंद के बेटे मदन मेहता सेना से सूबेदार पद पर सेवानिवृत्त हुए हैं। उनका पोत्र वर्तमान में भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहा है।

# सुधेड़ में भूस्खलन से स्लेटपोश मकान क्षतिग्रस्त, पशुशाला ढही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बरसात का कहर लगातार जारी है। कहीं भूस्खलन से मकानों को नुकसान पहुंच रहा, वहीं लोग डर के साये में जीने को मजबूर हो रहे हैं। सुधेड़ पंचायत में भूस्खलन से एक स्लेटपोश मकान क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं एक पशुशाला ढह गई।

घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने सुबह अधिकारियों के साथ सुबह मौका पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार सुधेड़ पंचायत के गांव धार चचरोट वार्ड छह में भारी भूस्खलन होने के चलते अर्जुन कुमार पुत्र रत्न चंद का मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उनकी पशुशाला ढह गई, जिस कारण उनकी करीब 15 बकरियां दब कर मर गई तथा एक गाय घायल हो गई। यही नहीं तिलक राज पुत्र ओम प्रकाश का मकान भी क्षतिग्रस्त हुआ है। अर्जुन कुमार का भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन को रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा है ताकि आर्थिक सहायता दिलाई जा सके।

**खतरा** | नूरपुर में फोरलेन कार्य बना खतरा, बारिश से बिगड़ी स्थिति

# हाइटेंशन टावर गिरने की कगार पर

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



जिला कांगड़ा के नूरपुर उपमंडल के जुसालता वार्ड नंबर सात में फोरलेन विस्तारीकरण कार्य और लगातार भारी बारिश लोगों के लिए खतरा बन गई है।

शानन विद्युत प्रोजेक्ट की हाइटेंशन टावर लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है और इसके गिरने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टावर के नीचे का बड़ा विद्युत उपकरण गोदाम है, जिसमें करोड़ों की संपत्ति रखी हुई है। इसके साथ ही पास ही मोनाल पब्लिक स्कूल में करीब 500 बच्चे पढ़ते हैं और आसपास की बस्तियों के लगभग 500 परिवार लगातार खतरे में हैं। स्थिति को देखते हुए पंजाब विद्युत बोर्ड ने पास ही नया टावर खड़ा करने का कार्य शुरू कर दिया है। जैसे ही कार्य पूरा होगा, पुराने टावर से तारों को हटाकर नए टावर पर शिफ्ट कर दिया जाएगा।

प्रशासन का कहना है कि हालात फिलहाल नियंत्रण में हैं, लेकिन सावधानी बरती जा रही है।

एसडीएम नूरपुर अरुण शर्मा ने कहा कि मैंने मौके पर जाकर निरीक्षण किया है। विभाग को निर्देश दिए हैं।

नया टावर खड़ा किया जा रहा है और जल्द ही तारों को शिफ्ट कर दिया जाएगा। उधर, पंजाब विद्युत बोर्ड के चीफ इंजीनियर इंद्रजीत सिंह वाजवा ने कहा कि हाईटेंशन टावर को नुकसान हुआ है। हमारी टीम ने निरीक्षण कर लिया है। नया टावर लगाया जा रहा है और स्थिति कंट्रोल में है।

# पालमपुर से नहीं किया एक भी डॉक्टर ट्रांसफर : आशीष

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि भाजपा के लोग बाजार में नारेबाजी कर रहे थे कि पालमपुर अस्पताल से सात डॉक्टरों का तबादला क्यों किया। यह लोग जिस मुद्दे को लेकर नारेबाजी कर रहे थे उन्हें उस मुद्दे का ही पता नहीं था। बुटेल ने कहा कि पालमपुर अस्पताल से एक भी डॉक्टर का तबादला नहीं किया है। इन डॉक्टरों ने एसआरशिप का एग्जाम पास किया था जिसके चलते ये अपना कोर्स पूरा करने के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई करने गए है।

**भाजपा राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रही प्रदर्शन**

इन कोर्सों की समय अवधि लगभग डेढ़ महीने की होती है। जैसे ही इनकी पढ़ाई पूरी हो जाएगी यह डॉक्टर दोबारा अस्पताल में अपनी सेवाएं देना शुरू कर देंगे। यह अलग बात है कि सभी सात डॉक्टरों को एक साथ कोर्स करने के लिए जाना पड़ा। ऐसा नहीं है कि अस्पताल में डॉक्टर नहीं है।

केवल तीन स्पेशलिट डॉक्टरों का एक से डेढ़ महीने का इंतजार करना पड़ेगा। बुटेल ने कहा कि पालमपुर अस्पताल को पचास बिस्तर से दो सौ बिस्तर का कांग्रेस पार्टी ने ही किया है।

### मानव सेवा में रोटरी क्लब की भूमिका सराहनीय : बुटेल

पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने शनिवार देर सायं पालमपुर के एक निजी होटल में रोटरी क्लब पालमपुर के इंस्टॉलेशन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । समारोह में अजय सूद ने रोटरी क्लब पालमपुर के अध्यक्ष और राघव शर्मा ने सचिव का पदभार ग्रहण किया। आशीष बुटेल ने रोटरी क्लब अध्यक्ष और सचिव को पदभार संभालने पर बधाई देते हुए कहा कि रोटरी क्लब पालमपुर ने समाज सेवा की दिशा में अनुकरणीय कार्य किए हैं। उन्होंने विशेष रूप से रोटरी आई फाउंडेशन अस्पताल मारंडा, सल्याणा के हेल्पज फाउंडेशन तथा ठाकुरद्वारा स्थित मदर एंड चाइल्ड केयर अस्पताल की सेवाओं की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा के समय रोटरी क्लब की सक्रियता प्रशंसनीय है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पालमपुर में प्रस्तावित रोटरी चौक की स्थापना शीघ्र ही संभव होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### टीडब्ल्यूओ पद को डाउनग्रेड करने पर संघ का विरोध

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा तहसील कल्याण अधिकारी के पद को डाउनग्रेड कर सहायक तहसील कल्याण अधिकारी बनाए जाने के निर्णय का हि.प्र. तहसील कल्याण अधिकारी संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र बीमटा, महासचिव नीतीश व मीडिया प्रभारी सतीश शर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव आशीष को मांगपत्र सौंपा और इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की। बीमटा ने कहा कि टीडब्ल्यूओ न केवल कार्यालयाध्यक्ष होते हैं, बल्कि प्रोबेशन ऑफिसर की भूमिका भी निभाते हैं। वे पेंशन योजनाओं, आश्रय योजनाओं, छात्रवृत्ति, परिवार लाभ योजना सहित कई राज्य व केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। वर्तमान में प्रदेश के 71 अधिकारी करीब 18 लाख लाभार्थियों से सीधे जुड़े हैं, परंतु अधिकांश कार्यालयों में स्टाफ का अभाव है और कई बार एक अधिकारी को दो से अधिक तहसीलों का कार्यभार भी दिया जाता है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो वे कानूनी कार्रवाई करने को मजबूर होंगे।

### कलश यात्रा से आरंभ हुआ शिव शक्ति नागेश्वर महायज्ञ

**अनंत ज्ञान, शिमला।** कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की धरेच पंचायत के नागपुर स्थित प्राचीन नागदेवता मंदिर में रविवार को कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय शिव शक्ति नागेश्वर महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यह कलश यात्रा जैईश्वरी माता मंदिर, धरेच से पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ प्रारंभ होकर नागदेवता मंदिर तक पहुंची। इस धार्मिक यात्रा में 151 महिलाओं ने देवी बावड़ी से जल भरकर करीब 4 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर नाग देवता मंदिर में कलश स्थापना की। नाग मंदिर के अनन्य भक्त सुनील शर्मा ने बताया कि महायज्ञ में श्रीश्री 108 रामसुख वेदांती आचार्य महाराज कथा व्यास के रूप में प्रवचन देंगे और भक्तमाल व नाग कथा का वर्णन करेंगे। यह आयोजन प्राकृतिक आपदाओं से राहत और विश्व शांति के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसमें धरेच, रतेश और फागू क्षेत्र के श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। प्रत्येक दिन सुबह 10 से 12 बजे तक हवन, दोपहर 1 से 3 बजे तक कथा, और इसके बाद प्रसाद वितरण होगा। यज्ञ की पूर्णाहुति 28 अगस्त को संपन्न होगी। सुनील शर्मा ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है।

### महिलाओं ने सीखे प्राकृतिक खेती के गुर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** झड़ेच और घड़ोत (पधेची पंचायत) में एनआरएलएम के तहत आयोजित विशेष शिविरों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्राकृतिक खेती और पशुपालन की तकनीक सिखाई गई। शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कृषि सखी योगमाया शर्मा ने महिलाओं को सुभाष पालेकर की प्राकृतिक खेती विधियों की जानकारी दी और जीवामृत का घोल बनाकर उसका प्रयोग करना सिखाया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती में रासायनिक खाद और दवाइयों की जरूरत नहीं होती, जिससे लागत बहुत कम आती है। इस तकनीक से उत्पादित फसलें स्वास्थ्यवर्धक होती हैं और बाजार में उनकी अच्छी मांग भी रहती है। पशु सखी मीना राणा ने दुग्ध उत्पादन, पशुओं की देखभाल व रोगों की पहचान और उपचार संबंधी जानकारी दी। उन्होंने अच्छी नस्ल की दुधारू गायें पालने की सलाह दी, जिससे महिलाएं आय अर्जित कर सकें।

### ढली-छराबड़ा सड़क का विभाग करे निरीक्षण : केशव

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी शिमला जिला अध्यक्ष केशव चौहान ने ढली-छराबड़ा मार्ग पर बार-बार हो रहे हादसों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में यह दूसरा बड़ा हादसा है, जबकि बीते दस वर्षों से हर सेब सीजन में इस मार्ग पर 5-7 बड़े हादसे हो रहे हैं। चौहान ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर एनएच के मुख्य अभियंता से चर्चा की है और उपायुक्त शिमला को भी सूचित किया है। उनका कहना है कि इस सड़क की जियोमेट्रिकल खामी के कारण बार-बार एक ही स्थान पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने बीते दिन हुए हादसे का उल्लेख करते हुए कहा कि एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और एक अन्य वाहन से टकरा गया। सौभाग्यवश कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन हादसा गंभीर था। स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि सड़क पर स्पीड ब्रेकर नहीं हैं, जिससे ड्राइवर नियंत्रण खो बैठते हैं। चौहान ने एनएच विभाग से विशेषज्ञों की टीम भेजकर तत्काल निरीक्षण और स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# हिमाचल में लाल सेब की मिठास हुई फीकी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल का लाल सेब एक अजीब सी निराशा में घिर गया है। यह निराशा उन बागवानों की है, जिनकी उम्मीदें हर साल की तरह अबकी बार भी सेब के पेड़ों पर लदी थीं, मगर अब मंडी के मुहाने पर आकर टूट गई हैं।

जिस सेब को उन्होंने अपनी संतान की तरह सींचा, रातों की नींद और दिन का चैन गंवाकर पाला, वही सेब आज उन्हें लागत से भी कम दाम दे रहा है। यह सिर्फ एक फसल की बात नहीं, बल्कि एक पूरी अर्थव्यवस्था और एक जीवनशैली के टूटने की दास्ताँ है।

जानकारी के अनुसार, जिस 'रॉयल' प्रजाति के सेब की लालिमा और स्वाद की दुनिया कायल है, उसे आज मंडी में कौड़ियों के भाव बेचा जा रहा है।

जहां पहले सीज़न की शुरुआत में एक पेटी के 3000 से 4000 तक मिल जाते थे, वहीं अब मुश्किल से 1000-2000 में ही संतोष करना पड़ रहा है। और यह तो सिर्फ शुरुआत है। जैसे-जैसे सीज़न आगे बढ़ता है, दाम और भी नीचे गिरते जाते हैं, यहाँ तक कि बी-ग्रेड सेब तो 500-600 में ही सिमट कर रह जाता है। यह ऐसा दर्द है, जिसे न तो कोई कैमरे में कैद कर पाता है और न ही कोई सरकारी फाइल समझ पाती है। यह दर्द उस बागवान का है, जिसने अपनी मेहनत का एक-एक पैसा अपनी फसल में लगाया, लेकिन मुनाफा तो दूर, लागत भी नहीं निकाल पा रहा।



- बड़े प्लेयर्स के हाथों में बाजार, बागवान बेहाल
- बागवानों की आंखों में आंसू, मंडी में मिल रहे औने-पौने दाम

यह स्थिति और भी विकट तब हो जाती है जब हम लागत का हिसाब लगाते हैं। एक बागवान के मुताबिक, केवल ग्रेडिंग और पैकेजिंग का ही 200 प्रति पेटी का खर्च आता है। इसमें ढुलाई, मंडी का भाड़ा, दिहाड़ी, और आढ़तियों की 30 की 'कटिंग' जैसी छोटी-मोटी मगर महत्वपूर्ण लागतें भी जुड़ जाती हैं।

इसके अलावा, साल भर की मेहनत, खाद, दवाइयाँ और लेबर का खर्च मिलाकर कुल लागत 1320 प्रति पेटी तक पहुंच जाती है। ऐसे में, जब सेब 1000 में बिकता है, तो बागवान के हिस्से में सिर्फ घाटा ही आता है। यह एक ऐसा चक्रव्यूह है, जिसमें हर साल बागवान फंसता चला जा रहा है।

### बागवानों के घाटे का गणित हर दिन बिगड़ रहा

**अब** बाज़ार में बड़े खिलाड़ी, जैसे कि अडानी जैसी कंपनियां, भी उतर आई हैं। इससे प्रतिस्पर्धा तो बढ़ी है, लेकिन ऐसा लगता है कि बाज़ार के दाम इन्हीं बड़े प्लेयर्स के हाथों में सिमट गए हैं। क्योंकि अब उन्हें न केवल मंडी के उतार-चढ़ाव से जूझना पड़ रहा है, बल्कि इन कंपनियों की नीतियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

### कई मोर्चों पर पिस रहे बागवान

**एक** तरफ प्रकृति की मार, दूसरी तरफ बाजार का क्रूर खेल और तीसरी तरफ सरकार की उदासीनता, इन तीनों के बीच बागवान बुरी तरह से पिस रहे हैं। यह एक ऐसी पुकार है जो शायद अभी तक सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंची है। सरकार इस समस्या की जड़ तक जाए और ऐसे कदम उठाए जिससे बागवानों को उनका वाजिब हक मिल सके।

# चार देवता महासू महाराज का जागरा पर्व 27 को : मदराड़ी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

ठियोग रियासत के राणा शारदूल चंद ठाकुर के कुल इष्ट, चार देवता महासू महाराज का वार्षिक महोत्सव 'जागरा पर्व' दिनांक 27 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। हर साल ऋषि पंचमी के दिन मनाया जाने वाला यह पर्व आपसी सद्भावना का प्रतीक है।

इस दिन महाराज पालकी में विराजमान होकर अपनी उत्पत्ति की स्थली तलाई जाते हैं। जागरे से पहले, 'ददूण' की रस्म मनाई जाती है, जिसमें महासू महाराज जी का दीवा और कुमड़ी (देसी गाय का घी) कलैणों के घर जाता है।

यह घी महाराज जी की पूजा के लिए होता है। अगर किसी के पास देसी गाय का घी न हो, तो वे जर्सी गाय के घी का दीवा भरते हैं, जिसे जागरे के दिन भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में दिया जाता है। महाराज का दीवा और कुमड़ी, गुर देवता भिंदर सिंह वर्मा जी, पुरोहित राम लाल शर्मा, भंडारी, जगत राम चंदेल श, कारदार सोहन वर्मा और सैणे कंवर प्रदीप घर-घर लेकर जाते हैं। इस दिन लोग महाराज जी के भंडार के लिए लगान स्वरूप पैसे भी भेंट करते हैं। शाम को, महाराज जी के वीरों के गुर हिंगरकर सभी को आशीर्वाद देते हैं।

### चार देवता महासू महाराज का इतिहास

**महासू** महाराज की पावन मूल स्थली हनोल है। कई सदियों पहले, महाराज जी ने अपनी शक्ति से गजैड़ी में स्थान लिया। ऐसा माना जाता है कि महाराज नौ लाख स्थानों पर विराजमान हैं। उनके चार रूप हैं: चालदा महाराज, बौठा महाराज, वाशिक महाराज और पवासी महाराज। हनोल के बाद, गजैड़ी ही वह पवित्र स्थान है जहाँ महाराज के ये चारों रूप मौजूद हैं। आज भी, सभी कलैण सदियों से चली आ रही इस देव संस्कृति की परंपराओं का पालन कर रहे हैं।

# तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को होगी आयोजित

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला-9 के सदस्य सचिव से जानकारी अनुसार तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को किया जाएगा। इस अवसर पर प्री-लिटिगेशन और पोस्ट-लिटिगेशन स्तर पर विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा।

प्री-लिटिगेशन स्तर पर निपटारे में शामिल हैं। जिनमें एनआई एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत मामले, धन वसूली से संबंधित मामले, श्रम विवाद, बिजली एवं पानी के बिल संबंधी मामले (गैर-समझौतायोग्य मामलों को छोड़कर),भरण-पोषण से संबंधित मामले, अन्य आपराधिक समझौतायोग्य एवं सिविल विवाद

न्यायालयों में लंबित मामलों में निपटारे में शामिल हैं। आपराधिक समझौतायोग्य अपराध, एनआई एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत मामले, धन वसूली से संबंधित मामले, एमएसीटी (दुर्घटना मुआवजा दावे) मामले, श्रम विवाद, बिजली एवं पानी के बिल संबंधी मामले (गैर-समझौता योग्य मामलों को छोड़कर) वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, सेवा संबंधी विवाद जैसे वेतन, भत्ते एवं सेवानिवृत्ति लाभ,राजस्व संबंधी मामले (केवल जिला एवं उच्च न्यायालय में लंबित) अन्य सिविल विवाद जैसे किराया, हकदारी, निषेधाज्ञा एवं विशिष्ट प्रतिपादन वाद इच्छुक व्यक्ति, जो अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाना चाहते हैं तो वे न्यायिक न्यायालय परिसर, रामपुर बुशहर मै संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से संपर्क करें।

# खिलाड़ियों को खेल नियम की दिलाई शपथ

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** डीएवी पब्लिक स्कूल रामपुर बुशहर में क्लस्टर स्तर की वॉलीबॉल और योगा प्रतियोगिता का आयोजन आज रविवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में सौरव आनन्द जी ने बताओ और मुख्य अतिथि शिरकत की। मुक्ता चौहान सहसहायक समीक्षक और डीएवी समूह अध्यक्षा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। डीएवी रामपुर के प्रधानाचार्य अकलुष महाजन ने अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं मंच पर विराजमान सभी गणमान्य का स्वागत व अभिनंदन किया।

साथ ही प्रतियोगिता के कर्मठ निर्णायक गण तथा ऊर्जावान रैफ्रियों का अभिनंदन बहुत स्वागत किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा विभिन्न विद्यालय से आए हुए विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करके मुख्य अतिथि को सलामी दी।

- डीएवी स्कूल रामपुर में क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न





मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान करते डीएवी रामपुर के प्रधानाचार्य।

डीएवी पब्लिक स्कूल रामपुर की छात्रा रिचा कौन ने सभी को खेल नियम संबंधित शपथ दिलवाई। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने शुभ आशीर्वाद के साथ खेल की उद्घोषणा की । इस प्रतियोगिता में डीएवी के विभिन्न विद्यालय की विभिन्न वर्गों के छात्र एवं छात्राओं वर्ग -19,वर्ग -17,वर्ग -14 ने भाग लिया । सभी ने बहुत हर्षोल्लास के साथ और खेल की गरिमा को बनाए रखा।

सभी छात्र एवं छात्राओं ने खेल को खेल की भावना से खेला। इस प्रतियोगिता में डीएवी रिकांगपिओ, डीएवी रामपुर, डीएवी सरस्वती नगर, डीएवी कोटखाई, डीएवी चौपाल की टीमों ने भाग लिया। पहला मैच छात्रा वर्ग -19 डीएवी दत्तनगर और डीएवी सरस्वती नगर के बीच में हुआ। जिसमें डीएवी दत्तनगर अगले राउंड के लिए पहुंचा। छात्र वर्ग-14 में पहला मैच डीएवी चौपाल और डीएवी कोटखाई के बीच खेला गया। जिसमें डीएवी चौपाल की टीम अगले राउंड के लिए निकली।

### नादौन स्कूल ने सीएम राहत कोष में दिए 51000 हजार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन के प्रधानाचार्य दिली मोहम्मद पोसवाल ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 51,000 रुपए का योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और कर्मचारियों ने 35,100 रुपए की राशि एकत्रित कर इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई।

प्रधानाचार्य पोसवाल ने यह संपूर्ण राशि का चेक शिमला में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को औपचारिक रूप से भेंट किया।

इस योगदान का उद्देश्य समाज में आपदा राहत और जरूरतमंदों की सहायता हेतु प्रदेश सरकार के प्रयासों को सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री ने इस नेक कार्य के लिए विद्यालय प्रबंधन, स्वयंसेवकों तथा समस्त कर्मचारियों की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

### नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी : सुरेंद्र मिन्हास

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** युवा वर्ग में बढ़ती नशे की लत से चिंतित कल्याण कला मंच बिलासपुर ने समाज को जागरूक करने की दिशा में सार्थक और ठोस प्रयास शुरू किए हैं। मंच का मानना है कि नशे के कारण युवाओं का कीमती जीवन बर्बाद हो रहा है और समय रहते कदम न उठाए गए तो यह समस्या भयावह रूप ले सकती है। मंच की मासिक संगोष्ठी सुनहानी स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित की गई। मंच के प्रधान एवं वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र मिन्हास कहलूरी ने मातृशक्ति से विशेष आह्वान किया कि वे 5 से 20 वर्ष तक के बच्चों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखें, क्योंकि यही वह आयु है जब बच्चे सबसे अधिक भटकने या भटकाए जाने की संभावना रखते हैं। सुरेंद्र मिंहास ने बच्चों को पारंपरिक खेलों की ओर प्रेरित करने पर बल दिया। संगोष्ठी के दौरान कल्याण कला मंच ने सुनहानी क्षेत्र के छह समाजसेवियों को समाजहित में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया।

### बंदला इंजीनियरिंग कॉलेज में राज्य स्तरीय स्मार्ट हैकथॉन



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में शुक्रवार को राज्य स्तरीय स्मार्ट हैकथॉन द्वितीय संस्करण का प्रथम चरण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस स्मार्ट हैकथॉन का उद्घाटन कार्यवाहक निदेशक डॉ. महेश कुमार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अंश शर्मा, हार्दिक, आदित्य शर्मा और पुलकिता शर्मा की टीम विजेता रही। टीम ने सतत फसल अवशेष (पराली) प्रबंधन पर अपनी अवधारणा प्रस्तुत की। आक्षत, हार्दिक, आदित्य और जागृति की टीम प्रथम उपविजेता रही। टीम ने ई-को.टूरिज्म पर अपना समाधान प्रस्तुत किया। अंशुल, राज, शीतल और दिव्यांशि की टीम द्वितीय उपविजेता रही। टीम ने ई.व्हीकल्स पर अपनी नवाचारी सोच प्रस्तुत की। शीर्ष दो टीमें जीएचईसी बंदला का प्रतिनिधित्व आगामी राज्य स्तरीय स्मार्ट हैकथॉन राउंड 2 में करेंगी।

### प्रोमिला को मिला एक्सीलेंस अवार्ड 2025

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** जिला बिलासपुर के बरठीं क्षेत्र की रहने वाली प्रोमिला कुमारी को उनके सामाजिक और साहित्यिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित ए डब्ल्यूडब्ल्यूए एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ए डब्ल्यू डब्ल्यू ए की अध्यक्षा सुनीता द्विवेदी द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में प्रदान किया गया। प्रोमिला कुमारी ने समाजसेवा के क्षेत्र में कई वर्षों से समर्पण के साथ कार्य किया है। उन्होंने महिलाओं को एकजुट होकर आत्मनिर्भर बनने और एक-दूसरे की सहायता करने की प्रेरणा दी है। वे नियमित रूप से रक्तदान करती हैं और कई सामाजिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। उनकी साहित्यिक प्रतिभा भी सराहनीय है। उनकी दो पुस्तकें 'मेरा दर्द मेरे शब्द' तथा 'साई सुन लो मेरी पुकार' -पाठकों के बीच काफी लोकप्रिय रही हैं और ये दोनों पुस्तकें अमेजन पर उपलब्ध हैं। उनके सामाजिक और साहित्यिक योगदान को पहले भी कई मंचों पर सराहा गया है।

### दिव्यांग कल्याण संघ की मासिक बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दिव्यांग कल्याण संघ की मासिक बैठक संघ की सचिव रचना कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ब्रह्म दास, जगदीश कुमार, विद्यासागर, पूनम, निक्कूराम, जयलाल, तृप्ता, प्रीतम, देवेंद्र सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में दिव्यांगजनों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संघ की प्रमुख मांगों को एक ज्ञापन के माध्यम से जिलाधीश के माध्यम से प्रदेश सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

### विश्व बंधुत्व दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय घुमारवीं केंद्र में विश्व बंधुत्व दिवस और राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्य स्मृति के अवसर पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान शिविर एवं नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल के डॉक्टर आशुतोष, टेक्नीशियन कमल किशोर मेहता, नर्सिंग ऑफिसर मनोज कुमार, कल्पना शंकर दास और श्यामलाल ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# बिलासपुर में व्यापारिक व पर्यटन गतिविधियों को नई दिशा देने का आश्वासन : धर्माणी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर जिला मुख्यालय में आयोजित व्यापार मंडल की जनरल हाउस बैठक में प्रदेश के नगर नियोजन, आवास व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जिला में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि व्यापारिक गतिविधियों को सशक्त करने और युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर पैदा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

बैठक में मंत्री धर्माणी ने स्पष्ट किया कि फोरलेन निर्माण से सवारघाट, बरमाणा और बिलासपुर शहर की व्यापारिक रौनक प्रभावित हुई है, लेकिन अब सरकार इन क्षेत्रों में व्यापार को पुनः पटरी पर लाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। इसके लिए लुहनू मैदान से सीधे फोरलेन तक पुल निर्माण की डीपीआर तैयार की जा रही है, साथ ही बिलासपुर-घुमारवीं के बीच शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और शिक्षण संस्थान खोलने की दिशा में काम होगा। बिलासपुर में एनआईपीईआर (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च) की स्थापना को लेकर भी सभी विधायक मिलकर केंद्र सरकार से आग्रह करेंगे।



व्यापार मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए राजेश धर्माणी व अन्य।

- जिला मुख्यालय में आयोजित व्यापार मंडल की जनरल हाउस बैठक

धर्माणी ने जीएसटी काउंसिल बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों के व्यापार पर बढ़े कर भार का मुद्दा मजबूती से उठाया गया है और केंद्र अब दरों में राहत देने पर विचार कर रहा है। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पंडित ने शहर को सीधे फोरलेन से जोड़ने और रात के समय मंडी-भराड़ी के लिए बस सेवा की मांग रखी। इस मौके पर विधायक झंडूता जीत राम कटवाल, विधायक सदर त्रिलोक जमवाल, नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार

**एम्स** का जिक्र करते हुए धर्माणी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी सुधार हुआ है। उन्होंने माना कि इसके निर्माण में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का योगदान रहा, लेकिन इसे बिलासपुर लाने का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को जाता है।

# सुखाश्रय योजना से बच्चों के भविष्य को मिली नई दिशा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

किसी बच्चे की सबसे बड़ी ताकत उसके माता-पिता होते हैं। लेकिन जब यह साया उठ जाता है, तो उनके जीवन में अंधकार छा जाता है। ऐसे ही सहारा-विहीन बच्चों की जिंदगी में उजाला भरने के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना एक संवेदनशील पहल बनकर सामने आई है।

इस योजना ने न केवल बच्चों को संबल दिया है, बल्कि उनके सपनों को पंख भी लगाए हैं। शनिवार देर शाम जिला मुख्यालय के बचत भवन में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इन फैसलों से बच्चों के जीवन को मजबूती और उनके भविष्य को नई दिशा मिली है।

बैठक में घर निर्माण के तीन पुराने मामलों को मंजूरी दी गई, जिनके लिए 2 लाख 50 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई। विवाह अनुदान के तीन नए मामलों के लिए 6 लाख रुपए खर्च होंगे,



- जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय


जबकि उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु तीन लाभार्थियों को 1 लाख 37 हजार 690 रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, जिला स्तरीय सुखाश्रय कोष से एक लाभार्थी को स्टार्टअप सहायता भी स्वीकृत की गई। अब तक इस योजना के अंतर्गत 160 बच्चों को कुल 1 करोड़ 6 लाख 68 हजार 190 रुपए की सामाजिक सुरक्षा राशि दी जा चुकी है। वर्तमान में 148 लाभार्थी हर महीने 4 हजार रुपए की दर से सहायता प्राप्त कर रहे हैं।

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुक्खू की दूरदर्शी और मानवीय सोच का परिणाम है। यह सिर्फ आर्थिक मदद नहीं बल्कि उन बच्चों के लिए आत्मनिर्भर जीवन की राह है, जिनका बचपन कभी अधूरा हो गया था।

वर्तमान में जिले के अपराजिता संस्थान भगेड़ में 18 और नया सवेरा दिव्यांग शिक्षा संस्थान घुमारवीं में 29 बच्चे रह रहे हैं। इन्हें राज्य की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर से जोड़ने के लिए अब तक तीन बार एक्सपोज़र विज़िट कराई गई है। वाघा बॉर्डर, श्री नयना देवी जी और मनाली-लाहुल-स्पीति की यात्रा। इन यात्राओं से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा है और उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई है।

### सृष्टि पहुंची मिस टीन ऑफ इंडिया के ग्रैंड फिनाले में

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत पंजगाई की बेटी सृष्टि, संजीव कुमार व जमुना शर्मा की सुपुत्री, ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए मिस टीन ऑफ इंडिया 2025 के ग्रैंड फिनाले में जगह बनाई है।



दिल्ली में 3 सितम्बर को होने वाले फाइनल में देशभर से 1300 प्रतिभागियों में से चुनी गई केवल 40 प्रतिभागिनियों में सृष्टि भी शामिल हैं। इससे पहले वह 2024 में केकेएचडी टीवी रियलिटी शो की विनर रह चुकी हैं।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंजगाई से पढ़ाई करने के बाद सृष्टि वर्तमान में रायत बहारा विश्वविद्यालय, खरड़ (चंडीगढ़) से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर है और लोग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

**धार्मिक** | बिलासपुर में भक्ति और भव्यता का संगम

# 'श्याम तेरी कुछ तो मजबूरी है' पर झूमे भक्त

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर दो दिन भक्ति रस में डूबा रहा। श्री खाटू श्याम मित्र मंडल बिलासपुर द्वारा नगर परिषद प्रांगण में विशाल रथ निशान एवं तृतीय श्री खाटू श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन किया गया। पूरे दिन चली धार्मिक गतिविधियों और रातभर गूंजते भजनों ने शहरवासियों को श्याम रंग में रंग दिया।

सुबह खाटू श्याम बाबा की शोभायात्रा रथ पर सवार होकर शहर की परिक्रमा करती निकली। इस यात्रा में लगभग 2500 भक्तों ने भाग लिया। यात्रा का मुख्य आकर्षण हनुमान जी की 25 फुट ऊंची झांकी रही। रास्ते में रोटरी क्लब की ओर से फल का भंडारा लगाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को ठहरकर बाबा का आशीर्वाद लेने और प्रसाद ग्रहण करने का अवसर दिया। शाम को विशेष पूजन के बाद रात्रि जागरण आरंभ हुआ। मंच पर भक्ति और उल्लास का ऐसा



राजेश को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी।

समां बांधा कि हजारों भक्त झूम उठे। सोने-चांदी से सजा दरबार, पुष्प वर्षा, 56 भोग और विशाल लंगर श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण बने। जागरण की शुरुआत अंश वशं फरीदाबाद वाले ने ऊर्जावान कीर्तन से की, जिन्होंने भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। उनके बाद मंच संभाला प्रसिद्ध गायिका रजनी राजस्थानी (जयपुर वाली) ने, जिनकी मधुर आवाज ने वातावरण को और भी भावविभोर बना दिया। 'श्याम तेरी कुछ तो मजबूरी है' जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं और सभी को बाबा के चरणों में समर्पित कर दिया।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, सदर विधायक त्रिलोक जामवाल, पूर्व विधायक तिलक राज, नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समिति के प्रधान अमित सूरी ने सभी श्रद्धालुओं और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समिति के चेयरमैन अजय चंदेल, वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र खन्ना, उपप्रधान अमन सहगल, महासचिव कमल किशोर, कोषाध्यक्ष अनिल मल्होत्रा, सहित मंडल के अनेक पदाधिकारी और विभिन्न जिलों से आए श्याम भक्त मंडल भी शामिल हुए। रात्रि जागरण देर रात तक चलता रहा, और बिलासपुर शहर श्याम नाम के भजनों से गूंजता रहा।

# गुग्गा मेला : मुकेश ने जीता दंगल खिताब, प्रिंस उपविजेता

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं उपमंडल के गांव पनोह में पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ गुग्गा मेले का समापन हुआ। समापन अवसर पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के नामी पहलवानों ने भाग लिया। इस दंगल में मुकेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए माली का खिताब अपने नाम किया, जबकि समहो के प्रिंस उपविजेता रहे।

समापन समारोह में पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने मेले के सफल आयोजन पर गुग्गा मंडली और ग्रामवासियों को बधाई दी। गर्ग ने मंडली प्रमुख 83 वर्षीय रामदास को 5100 रुपए की सम्मान राशि भेंट कर आभार प्रकट किया।

गुग्गा मंडली प्रमुख रामदास ने सभी मेहमानों और पहलवानों का आभार जताया। कार्यक्रम में कमेटी प्रधान सुरजीत कंवर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और मेले की सफलता में सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया।

दंगल और मेले ने क्षेत्र में पारंपरिक खेलों और संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य किया, जिसे देखने सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### धर्माणी ने घुमारवीं में सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में जन समस्याएं सुनीं।

लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हल करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने आमजन के कल्याण को अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक पात्र लाभार्थी का कल्याण एवं उत्थान सरकार का प्रमुख ध्येय है तथा सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित के निर्देश दिए हैं ताकि जरूरतमंदों को लाभान्वित कर सकें।

# भूस्खलन से चंबा–तीसा मुख्य मार्ग कैला के पास बंद

## लोक निर्माण विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीनों की सहायता से सड़क को किया बहाल

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार को चंबा–तीसा मुख्य मार्ग कैला के समीप भूस्खलन से बाधित हो गया। सुबह से जारी तेज बारिश के चलते जगह–जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिनमें कैला के पास सड़क पूरी तरह बंद हो गई। सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क को खोलने का कार्य शुरू किया। विभाग के प्रयासों से कुछ ही समय बाद मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए सुचारू कर दिया गया।

प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि बारिश के मौसम में अनावश्यक यात्रा से बचें और पूरी सावधानी बरतें, क्योंकि लगातार हो रहे भूस्खलन से खतरा बना हुआ है।



### मूसलधार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मूसलधार बारिश ने जिलेभर में जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे कई सड़कों पर यातायात ठप हो गया है। खासकर राष्ट्रीय राजमार्ग-154ए पर बानखेत के पास हुए भूस्खलन से मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। बरसात की वजह से निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है, वहीं ऊपरी क्षेत्रों में भूस्खलन और पेड़ गिरने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों तक बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। वहीं, मार्ग पर फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गई है।

## बारिश ने बिगाड़े हालात, तलेरु में सड़क बंद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**शनिवार** रात से लगातार जारी मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया है। तलेरु क्षेत्र में भारी भूस्खलन और उफान पर आए झरनों ने विकराल रूप ले लिया है, जिससे सड़क पूरी तरह बंद हो चुकी है। इस अवरोध के कारण शिमला–चंडीगढ़ से बेरागढ़ आ रही एचआरटीसी बस सहित कई अन्य वाहन बीच रास्ते में फंस गए हैं। यात्री घंटों से फंसे हुए हैं और भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पहाड़ियों से लगातार मलबा और पत्थर गिर रहे हैं, जबकि झरनों का पानी तेज बहाव के साथ सड़क पर उतर आया है। इससे मार्ग को



तलेरु में भारी भूस्खलन से पूरी तरह बंद हो चुकी सड़क।

खोलना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। लोक निर्माण विभाग ने कहा है कि जैसे ही मौसम में सुधार होगा, मशीनरी की मदद से सड़क को बहाल करने का कार्य शुरू किया जाएगा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और अनावश्यक यात्रा से परहेज करें।

## घोल्टी में घरों में घुसा पानी और मलबा, दिनभर ठप रहा नेटवर्क

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** रविवार को हुई मूसलधार बारिश ने सारोल और आसपास के इलाकों में तबाही मचाई। घोल्टी में बारिश का पानी और पहाड़ों से आया मलबा लोगों के घरों में घुस गया। इससे दर्जनों परिवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग अपने घरों से पानी और कीचड़ बाहर निकालते रहे, जबकि कई घरों का सामान भी खराब हो गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अचानक हुई तेज बारिश के कारण पानी बहुत तेजी से बस्ती की ओर बहा और देखते ही देखते घरों के भीतर तक भर गया। कई जगहों पर लोगों के आंगन और रसोई तक कीचड़ और पत्थर पहुंच गए, जिससे हालात और बिगड़ गए।

भारी बारिश का असर केवल आम जनजीवन पर ही नहीं, बल्कि संचार सेवाओं पर भी पड़ा। एयरटेल की मोबाइल नेटवर्क सेवाएं चंबा जिले के कई हिस्सों में रविवार को लगभग पूरे दिन बंद रहीं। नेटवर्क न होने के कारण लोगों को अपने परिजनों से संपर्क करने और आपातकालीन स्थिति में जानकारी साझा करने में खासी दिक्कत हुई।

लोगों ने प्रशासन और कंपनी से मांग की है कि ऐसी परिस्थितियों में नेटवर्क सेवाओं को दुरुस्त रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि बारिश या आपदा के समय लोग पूरी तरह संचार व्यवस्था से कटे न रहें।

### रावी नदी में कभी भी बढ़ सकता है जलस्तर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चमेरा-1 डैम प्रशासन ने आम जनता को सचेत करते हुए सूचित किया है कि रावी नदी का प्रवाह लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में स्थिति को देखते हुए डैम से किसी भी समय अतिरिक्त पानी छोड़ा जा सकता है। प्रशासन ने लोगों से विशेष आग्रह किया है कि वे किसी भी स्थिति में नदी किनारे न जाएं और पूरी सतर्कता बरतें। डैम प्रबंधन ने साफ कहा है कि लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए नदी के आसपास अनावश्यक रूप से न रुकें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## पुली बनी पर रास्ता अधूरा, ग्रामीणों के लिए लकड़ी की सीढ़ी बनी सहारा



स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को रोजाना इसी अस्थायी सीढ़ी के सहारे करना पड़ता है सफर।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

ग्राम पंचायत साहू पधर के कलेइ बार्ड में बनी पुली तक पहुंचने का रास्ता आज भी अधूरा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुली को बने लगभग एक वर्ष हो चुका है, लेकिन अब तक इसके लिए सीढ़ी या संपर्क मार्ग नहीं बनाया गया। मजबूरी में लोगों ने लकड़ी की अस्थायी सीढ़ी लगाकर पुली तक पहुंचने का रास्ता तैयार किया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुली के पिलर पानी के तेज बहाव से खोखले हो चुके हैं, जो किसी भी समय खतरा पैदा कर सकते हैं। बार्ड सदस्य ने छह महीने पूर्व जल्द सीढ़ी बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई काम शुरू नहीं हुआ।

इस अधूरे विकास कार्य के कारण स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को रोजाना जान जोखिम में डालकर आना–जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी समाधान की मांग की है।

## पठानकोट–भरमौर एनएच मैहला में हुआ अवरुद्ध, गाड़ियों के थमे पहिए

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

**शनिवार** रात से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नेशनल हाईवे पठानकोट भरमौर रोड मैहला नामक स्थान पर चट्टाने गिरने से हुआ बंद जिससे यात्रियों व स्थानीय निवासियों को करना पड़ा परेशानी का सामना।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह रविवार को तकरीबन 11:00 बजे मैहला पुल के पास भारी चट्टानें रोड पर आ गिरी जिससे गाड़ियों की आवाजाही दोनों ओर से बंद हो गई।

स्थानीय लोगों तथा मणिमहेश से वापस आ रहे यात्रियों का कहना है की 2 घंटे बीत जाने के बावजूद भी अब तक यह रास्ता नहीं खुल पाया है। वहीं रास्ता अवरुद्ध होने से दोनों ओर एक भारी भरकम लंबा जाम लग चुका है जिससे यात्रियों तथा पैदल चल रहे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं एक ओर उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल ने भी लोगों को घर में रहने की सलाह दी है। तथा मणिदेश यात्रा भी शनिवार देर रात सुंदराशी में बादल फटने से फिलहाल स्थगित कर दी गई है।



रास्ता अवरुद्ध होने से दोनों ओर भारी भरकम लंबा जाम लगा।

## खज्जियार में होमस्टे में आधी रात को भड़की आग, चौकीदार की बाल–बाल बची जान

**अनंत ज्ञान, चंबा/खज्जियार**

**प्रसिद्ध** पर्यटन स्थल खज्जियार में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। गांव लाहड़ा (खज्जियार) निवासी रंजन महाजन पुत्र देव राज महाजन का होमस्टे अचानक भीषण आग की चपेट में आ गया और चंद पलों में ही छह कमरों का यह होमस्टे राख हो गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, रात करीब 1 से 1:30 बजे अचानक आग भड़क उठी। आग लगने के समय होमस्टे के भीतर चौकीदार सो रहा था। गनीमत रही कि आसपास मौजूद लोगों ने समय रहते उसे जगा दिया और उसकी जान बच गई।

आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची, मगर तब तक पूरा मकान जलकर राख हो चुका था। स्थानीय लोगों ने भरसक प्रयास कर आग पर काबू पाने की कोशिश की,



▶ फायर ब्रिगेड व स्थानीय लोगों ने मिलकर आग को फैलने से रोका

जिससे आसपास के क्षेत्र में आग फैलने से रोकी जा सकी। प्रत्यक्षदर्शियों ने आसमानी बिजली गिरने की आशंका जताई है, हालांकि आग लगने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है।

सबसे बड़ी राहत यह रही कि इस भीषण आगजनी में किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। लेकिन मेहनत की कमाई से बना रंजन महाजन का यह सपना होमस्टे चंद मिनटों में राख में तब्दील हो गया।

स्थानीय लोग और प्रशासन ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई है। वहीं लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि रंजन महाजन और उनके परिवार को इस कठिन घड़ी से उबरने की शक्ति प्रदान करें।

## 370 से अधिक प्रतिभागियों ने दी डॉ. अंबेडकर पर परीक्षा, विजेताओं को मिलेगा नकद पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रबुद्ध** भारत फाउंडेशन फगवाड़ा, पंजाब द्वारा भारत रत्न बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर आधारित 16वीं बहुविकल्पीय लिखित परीक्षा का सफल आयोजन रविवार को देशभर में किया गया। जिला चंबा में यह परीक्षा अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा के सहयोग से छह परीक्षा केंद्रों चंबा, तीसा, सलूणी, डलहौज़ी, साहू और सिहुंता में सम्पन्न हुई। मुख्यालय चंबा में यह परीक्षा अंबेडकर भवन सुल्तानपुर में आयोजित की गई।

अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से विभिन्न विषयों पर परीक्षा



आयोजित हो रही है। इस बार का विषय डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष रखा गया। परीक्षा में कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 6वीं से 12वीं) और वरिष्ठ वर्ग (12वीं से 40 वर्ष) के लगभग 370 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम विजेता को 50 हज़ार, द्वितीय को 30 हज़ार और तृतीय को 10 हज़ार रुपये का पुरस्कार मिलेगा। साथ ही दोनों वर्गों के 250–250 प्रतिभागियों को 1000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जिला स्तर पर प्रथम पांच प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

विशेष निर्णय के अनुसार प्रत्येक केंद्र के प्रथम पांच विजेताओं को सोसाइटी पुरस्कृत करेगी। कनिष्ठ वर्ग के प्रथम और द्वितीय स्थान धारकों को जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर कई पदाधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## पांगणा में घरों में घुसा पानी, लोगों के कीमती सामानों को पहुंचा नुकसान

**अनंत ज्ञान, करसोग**

मंडी जिले के करसोग उपमंडल के पांगणा क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाद अचानक शुरू हुई मूसलधार बारिश ने भारी तबाही मचा दी। कुछ ही देर में क्षेत्र की सड़कें पानी से लबालब भर गईं और नालों का पानी उफान मारते हुए लोगों के घरों में घुस गया।

बारिश इतनी तेज थी कि देखते ही देखते कई घरों में फर्श तक पानी पहुंच गया। लोगों के घरेलू सामान और राशन भीग गए। बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए स्थानीय लोग आपस में मदद करते नजर आए। सड़कें जलमग्न होने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

▶ **सड़कें बनी नाले, वाहनों की आवाजाही पर भी पड़ा असर**

कई दोपहिया वाहन पानी में फंस गए और लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर घरों तक पहुंचना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पांगणा क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बार बारिश में यही हाल होता है, लेकिन इस बार हालात और भी ज्यादा भयावह हो गए।

ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत कार्य शुरू करने और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके।

## मणिमहेश यात्रा में मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने पर गुर्जर समाज कल्याण सभा ने जताई कड़ी आपत्ति

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**गुर्जर** समाज कल्याण सभा जिला चंबा के अध्यक्ष गुलाम रसूल गामा ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि गत दिनों चल रही मणिमहेश यात्रा में लाखों श्रद्धालु देश के विभिन्न हिस्सों से अपनी आस्था के साथ चंबा पहुंच रहे हैं। इस पावन यात्रा के अवसर पर बाहर से आए हुए तथा स्थानीय लोग अपने रोजगार हेतु घोड़े–खच्चरों के साथ मजदूरी करते हैं और कुछ लोग अपनी दुकानें व अन्य साधन लगाकर रोज़ी–रोटी कमाते हैं।



उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर कुछ अराजक तत्व केवल मुस्लिम समुदाय को निशाना बना रहे हैं और उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। ये लोग खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए वीडियो व संदेश वायरल कर क्षेत्र में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि अब तक प्रशासन और पुलिस ने इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है, जिससे ऐसे तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। गुलाम रसूल गामा ने कहा कि इससे पहले मिंजर मेले के दौरान भी मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिए गए थे, लेकिन आज तक उन मामलों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि गरीब लोग बड़ी मुश्किल से पैसा जोड़कर अपने परिवार के भरण–पोषण के लिए मेहनत करने आते हैं, लेकिन कुछ असामाजिक लोग धर्म के नाम पर उनकी रोज़ी–रोटी पर चोट कर रहे हैं। ऐसे लोग इंसानियत और आपसी भाईचारे को ठेस पहुंचा रहे हैं।

सभा अध्यक्ष ने प्रशासन से सख्त मांग करते हुए कहा कि इन अराजक तत्वों के खिलाफ कानून की धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि जिला चंबा की पहचान प्रेम, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

गुलाम रसूल गामा ने प्रशासन से अपील की कि ऐसे लोगों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

### सूडोकु नवताल- 7532

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7531 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## ट्रायम्फ फुटबाल क्लब के खिलाड़ी सायम राष्ट्रीय टीम शिविर 2025 के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बेंगलुरु में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय फुटसाल टीम शिविर 2025 के लिए ट्रायम्फ फुटबाल क्लब के प्रतिभाशाली खिलाड़ी सायम का चयन हुआ है। यह उपलब्धि क्लब और पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। सायम का खेल जीवन प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। **इनके सफर की प्रमुख झलकियां इस प्रकार हैं:** 2017–ऊर्जा कप में भागीदारी, 2018–बीसी रॉय ट्रॉफी में राज्य का प्रतिनिधित्व, 2022–संतोष ट्रॉफी में भागीदारी, 2025–फुटसाल राष्ट्रीय क्लब चैंपियनशिप (ट्रायम्फ फुटबाल क्लब की ओर से)–जहां उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए 3 गोल और 5 सहायक पास किए। क्लब के संस्थापक डॉ. ऋषभ शर्मा ने कहा कि सायम का यह चयन हमारे लिए गर्व का क्षण है। उनकी मेहनत और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। यह सफलता हिमाचल के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

## प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को दी प्रशिक्षण की जानकारी



चंबा में पांच दिवसीय नेतृत्व एवं प्रबंधन कार्यशाला संपन्न।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**समग्र** शिक्षा के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू, चंबा में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 15 शिक्षा खंडों के प्रधानाचार्य, मुख्य अध्यापक एवं केंद्रीय मुख्य शिक्षकों को नेतृत्व एवं प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक (गुणवत्ता) कमलेश ठाकुर ने किया।

स्रोत व्यक्तियों के रूप में बलदेव मिन्हास, मनोज कुमार, हुसैन शाह, अनिल शर्मा, जगजीत आजाद, हंसराज और फिरोज कुमार ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया। विशेष सत्रों में उप शिक्षा निदेशक उच्चतर भाग सिंह और बलवीर सिंह ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

ट्रेनिंग प्रभारी इमरान खान व रमेश चंद ने समन्वयक की भूमिका निभाई। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस मौके पर कमलेश ठाकुर ने स्कूल मुखियाओं से शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और समग्र शिक्षा की सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया।

### आज का पंचांग

सोमवार, 25 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत:** 2082, **शक संवत:** 1947 (विश्वावसु), **मास:** भाद्रपद, **तिथि** द्वितीया (12:38) **: नक्षत्र** उत्तर फाल्गुनी (27:45), **पक्ष:** शुक्ल, **योग:** सिद्ध (12:00), **शुभ मुहूर्त:** अभिजीत (11:57-12:48)। **राहुकाल** (07:35-09:10)।

**विशेष दिन**

▶▶ 25 अगस्त 2025: वराह जयंती आज।

▶▶ 25 अगस्त 2025: चंद्रदर्शन आज।

### अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**वृष:** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क:** राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसे की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**सिंह:** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या:** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें।

**तुला:** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**धनु:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**मकर:** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ:** स्वास्थ्य में ताज़गी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीन:** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और सुख के साधन भी जुटा पाएंगे। बड़े लोगों व मित्रों का समागम भी होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

# विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक अनुभव

## पीएमश्री बाल उत्कृष्ट स्कूल में हरित विद्यालय योजना की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** के पीएमश्री राजकीय बाल उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण कार्ययोजना के तहत विद्यालय वाटिका और हरित विद्यालय योजना की शुरुआत की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण की समझ विकसित करना और सहशैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को अनिवार्य बनाना है। विद्यालय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्य शुरू किया है।

मानसून को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों और अध्यापकों को कालाटॉप वन्यजीव अभयारण्य व खज्जियार की शैक्षिक यात्रा करवाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य सतीन्दर सिंह, डॉ. राजेश सहगल, केवल व मुकेश शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रमदान के माध्यम से विद्यालय परिसर एवं आसपास पौधरोपण को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही छात्रों को पौधों की देखभाल और संरक्षण संबंधी जानकारी दी गई।

विद्यालय में वाटिका क्लब, हरित विद्यालय क्लब और ईको क्लब (प्रवक्ता दीपक भोतकी के नेतृत्व में) सक्रिय किए गए हैं। शनिवारीय कार्यक्रमों में पर्यावरण पर वार्ता, निबंध प्रतियोगिता और रोल प्ले जैसी गतिविधियां शामिल की जा रही हैं। नवप्रवेशित छात्रों को पौधरोपण व उनकी देखभाल की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि पुराने पौधों को गोद लेकर संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। डॉ. राजेश सहगल ने बताया कि योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ–साथ समुदाय को भी पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना है, ताकि सामूहिक प्रयासों से स्वच्छ और संतुलित वातावरण का निर्माण किया जा सके।




### नीलामी सूचना

**ओ.बी.सी** बालिका छात्रावास भवन भटोग द्रंग की इमारत तोड़ने व सामग्री की खुली नीलामी 27 अगस्त 2025, प्रातः 11: 00 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्रंग में शिक्षा उप निदेशक (उच्च) मंडी श्री यशवीर धीमान की देखरेख में आयोजित होगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रारंभिक बोली राशि रु.4,89,427 (चार लाख नवासी हजार चार सौ सत्ताइस) असेस की गई है।

**शर्तें:** नीलामी में भाग लेने के लिए रु.10,000 जमानत राशि (EMD) बोली से पूर्व जमा करना अनिवार्य है। सफल बोलीदाता को उसी दिन बोली राशि का 20% जमा करना होगा। शेष राशि 3 दिनों में जमा करनी होगी। तोड़ाई का कार्य 20 दिन में पूरा करना होगा। इसका खर्च व जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। नीलामी में कम से कम 3 प्रतिभागी होने आवश्यक है। प्रतिभागियों को लाइसेंस व आधार कार्ड की प्रति देना अनिवार्य है। शर्तों का उल्लंघन करने पर जमानत व 20% राशि जब्त की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, द्रंग से संपर्क करें।

**मोबाइल: 76508–52069, 82193–35385**

**आलोचना** से बचने का एक ही तरीका है-कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो। -अरस्तु

## संपादकीय

# अस्थिर होते भारत-अमेरिका संबंध

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह उम्मीद की जा रही थी कि भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में नई ऊंचाइयां देखने को मिलेंगी। माना जा रहा था कि व्यापारिक रिश्ते दोगुना-तिगुना बढ़ेंगे और दोनों लोकतांत्रिक शक्तियां मिलकर वैश्विक राजनीति में नया अध्याय लिखेंगी, लेकिन ट्रंप का आक्रामक और तानाशाहीपूर्ण रवैया इन उम्मीदों पर पानी फेरता दिखाई दे रहा है। ट्रंप प्रशासन ने जिस तरह से टैरिफ की राजनीति को हथियार बनाकर भारत सहित तमाम देशों पर दबाव बनाने का प्रयास किया है, उसने संबंधों को पहले से कहीं अधिक तनावपूर्ण बना दिया है। हाल ही में भारत से अमेरिका जाने वाले उत्पादों पर पचास प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिया गया, जिससे भारतीय निर्यातकों और अमेरिकी कंपनियों दोनों को भारी झटका लगा है।

यह फैसला उन सभी डीलों पर असर डाल रहा है जिन पर महीनों तक बातचीत चली थी और जो अब अधर में लटक गई हैं। ट्रंप का तर्क है कि अमेरिका लगातार व्यापार घाटे में जा रहा है और इसे रोकने के लिए अमेरिका फर्स्ट नीति जरूरी है। पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने सही कहा कि महान राष्ट्र केवल अल्टीमेटम और दबाव की राजनीति से महान नहीं बनते, बल्कि सहयोग और सम्मान से ही असली नेतृत्व की छवि गढ़ी जाती है। ट्रंप की यह टैरिफ नीति केवल भारत तक सीमित नहीं है।

चीन और रूस जैसे बड़े देश भी इसी वजह से अमेरिका से नाराज हैं। खासकर रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका ने भारत पर दबाव डाला और जुर्माना तक लगाया। भारत के लिए यह स्थिति बेहद जटिल है, क्योंकि ऊर्जा सुरक्षा उसकी प्राथमिक आवश्यकता है और रूस से मिलने वाला सस्ता तेल उसकी अर्थव्यवस्था के लिए सहारा है। ट्रंप का कहना है कि जब तक दुनिया रूस से तेल खरीदती रहेगी तब तक वह कमजोर नहीं होगा और यूक्रेन युद्ध खत्म नहीं होगा, लेकिन भारत का स्पष्ट तर्क है कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों को किसी एक देश के दबाव में रहकर पूरा नहीं कर सकता और उसे अपनी संप्रभुता के आधार पर निर्णय लेने होंगे। यही असली टकराव है जिसे ट्रंप का रवैया लगातार गहराता जा रहा है। बराक ओबामा के समय भारत-अमेरिका संबंध अपेक्षाकृत सहयोग और सम्मान पर आधारित थे। परमाणु समझौते से लेकर रणनीतिक साझेदारी तक दोनों देशों ने साथ मिलकर काम किया और मोदी-ओबामा की नजदीकियों ने रिश्तों को मजबूती दी, लेकिन ट्रंप के दौर में तस्वीर बदल चुकी है। अब संबंधों में आदेश, दबाव और एकतरफा फैसले हावी हैं। पाकिस्तान से जुड़े मुद्दों पर भी ट्रंप प्रशासन ने भारत की चिंताओं को गंभीरता से नहीं लिया जो भारत के लिए एक और झटका है। यही कारण है कि मोदी और ट्रंप की हालिया मुलाकातें अधिकतर तनावपूर्ण और टकरावपूर्ण रही हैं। अमेरिका के भीतर भी ट्रंप की नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं। जॉन केरी ही नहीं, बल्कि कई अन्य पूर्व अधिकारी और विशेषज्ञ इस नीति पर चिंता जता चुके हैं। अमेरिकी किसान और उद्योगपति भी इन फैसलों का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें निर्यात बाजार सिकुड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत की स्थिति और भी कठिन है क्योंकि वह न तो अमेरिका से रिश्ते बिगाड़ सकता है और न ही अपनी आर्थिक संप्रभुता से समझौता कर सकता है। ऐसे में सरकार को बहुत सावधानी से कदम बढ़ाने होंगे। भारत के भीतर भी इस मुद्दे पर राजनीति गर्म है। सत्ता पक्ष का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के सामने भारत के हितों से कोई समझौता नहीं किया और यह भारत की मजबूती का संकेत है। वहीं विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने अमेरिका पर अत्यधिक निर्भरता दिखाई और अब जब ट्रंप दबाव बना रहे हैं तो भारत की स्थिति असहज हो गई है।

कांग्रेस और वामपंथी दलों ने तो यह तक कहा है कि सरकार को शुरू से ही दूरगामी रणनीति बनानी चाहिए थी, ताकि आज जैसी परिस्थिति न बनती। भारतीय उद्योग जगत भी इस टैरिफ राजनीति से गहरी चिंता में है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजारों में से एक है और आईटी सेवाओं, फार्मा, स्टील और कपड़ा उद्योग के लिए यह जीवनरेखा है। आईटी सेक्टर को डर है कि टैरिफ और वीजा नियमों की सख्ती से भारतीय पेशेवरों पर असर पड़ेगा। फार्मा उद्योग के लिए अमेरिका सबसे बड़ा ग्राहक है और ऊंचे शुल्क से भारतीय दवाओं की प्रतिस्पर्धा क्षमता घट सकती है। कपड़ा और वस्त्र उद्योग भी आशंका जता रहा है कि भारी टैरिफ से निर्यात में गिरावट होगी और लाखों रोजगार प्रभावित होंगे। उद्योग संगठनों ने सरकार से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द अमेरिका से समाधान निकाला जाए अन्यथा इसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर गहरा पड़ेगा। इस परिस्थिति में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अमेरिका से संबंध बिगाड़े बिना अपनी आर्थिक और रणनीतिक स्वतंत्रता बनाए रखे। इसके लिए भारत को यूरोप, एशिया और अफ्रीका के देशों के साथ नए व्यापार समझौते करने चाहिए ताकि अमेरिकी टैरिफ का असर कम हो। घरेलू उत्पादन और आत्मनिर्भर भारत अभियान को और मजबूत करना होगा ताकि बाहरी झटकों का असर घटे। साथ ही कूटनीतिक संतुलन बनाते हुए अमेरिका से संवाद जारी रखना और रूस-चीन जैसे देशों के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखना भी अनिवार्य है। सवाल यह है कि आने वाले समय में ट्रंप अपनी टैरिफ नीति पर पुनर्विचार करेंगे या भारत को वैकल्पिक रास्ते तलाशने होंगे। भारत ने हाल ही में अमेरिका को बेहतर पेशकश की है, लेकिन ट्रंप प्रशासन का रुख क्या होगा यह कहना मुश्किल है। ट्रंप की टैरिफ राजनीति ने वैश्विक व्यापार को अस्थिर कर दिया है और भारत, चीन और रूस जैसे देशों से टकराव अमेरिका को भी महंगा पड़ सकता है। भारत के लिए यह समय सावधानी और संतुलन से निर्णय लेने का है। दोनों देशों के लिए यह समझना जरूरी है कि रिश्ते केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, सुरक्षा सहयोग और वैश्विक संतुलन से भी जुड़े हैं। ट्रंप चाहे अपनी नीतियों में कितनी भी कठोरता दिखाएं, लेकिन 21वीं सदी का नेतृत्व सहयोग से ही संभव है, दबाव और धमकी से नहीं। यही समय की मांग है और यही भारत-अमेरिका संबंधों को स्थिर बनाए रखने का एकमात्र रास्ता भी है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय महिला पहलवान

**विनेश** फोगाट भारतीय महिला पहलवान हैं। उन्होंने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में भारत के लिए तीसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। उन्होंने कुश्ती की फ्रीस्टाइल प्रतिस्पर्धा में 53 किग्रा वर्ग में श्रीलंका की चामोडया केशानी को हराया। विनेश फोगाट ने यह मैच 4-0 से अपने नाम किया। उन्होंने 2014 के ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किग्रा और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में 50 किग्रा वर्ग में भी गोल्ड मेडल जीता था। भारत सरकार ने कुश्ती में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 2016 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। वर्ष 2018 में उनका नाम पद्म श्री के लिए भी नामांकित किया गया था, लेकिन उन्हें यह पुरस्कार नहीं मिल सका। फोगाट का विवाह 13 दिसंबर 2018 में सोमवीर राठी से हुआ। सोमवीर राठी भी एक प्रोफेशनल रेसलर हैं। दोनों का प्रेम विवाह हुआ। पिछले कुछ वर्षों से दोनों एक दूसरे के साथ प्रेम संबंध में थे और अपने करियर में पूर्णत: सफल होने के बाद ही शादी करने का फैसला लिया। आठवें फेरे में उन्होंने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बेटी खिलाने' की शपथ ली थी। ■



**विनेश फोगाट**
**जन्म :** 25 अगस्त, 1994

### कविता: सुन लो सारे



शरण्ये अवस्थी, सेक्रेड हार्ट स्कूल, सिद्धपुर, (धर्मशाला)

*सभी को पता है नशे के बारे, फिर भी कहता सुन लो सारे।*
*जीवन नहीं आसान है मिलना, मत रोको खुशियों का खिलना।*
*नशे का सेवन बुरी है आदत, फिर क्यों इसकी बढ़ती लागत?*
*खराब फेफड़े सांस का फूलना, फिर क्यों रहना नशे में झूलना।*
*मुंह का कैंसर नशे से पनपे, पीड़ा रहती हर पल तन पे।*
*फिर भी कैसा मजा यह भाए?*
*नशा खींचकर रोग बुलाए।*
*रोग से हर पल तन यह तड़पे, नशे से घर, समाज भी बिगड़े।*
*न ही खुद को न दूजे को, लाभ नशे से मिल है पाना।*
*थक चुके समझा कर सारे, फिर भी समझ में क्यों नहीं आता?*
*लाख पते की बात एक ऐसी, कहता सुन लो मिलकर सारे।*
*याद है रखना नशे के बारे,*
*नशे से रहना दूर है प्यारे, नशे से रहना दूर है प्यारे।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ऑनलाइन गेमिंग : सरकार की मंशा नेक, सवाल उठ रहे अनेक



भारत इस समय डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रहा है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और सस्ते डाटा ने देश के करोड़ों युवाओं को एक साथ जोड़ दिया है। यह जुड़ाव केवल जानकारी और संचार तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे मनोरंजन और आय के नए स्रोत भी खुल गए हैं। इन्हीं में सबसे बड़ा नाम ऑनलाइन गेमिंग का है। वर्तमान में हमारे देश में 45 करोड़ से अधिक लोग ऑनलाइन गेम्स खेलते हैं। निश्चत रूप से यह संख्या किसी भी वैश्विक गेमिंग हब से कम नहीं है, लेकिन जब मनोरंजन और खेल में पैसा जुड़ता है तो मामला केवल फुर्सत का नहीं रह जाता, बल्कि अर्थव्यवस्था, मानसिक स्वास्थ्य, कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा का भी बन जाता है।

संसद से पारित 'द प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल-2025' पर देशभर में बहस जारी है। बेशक सरकार की मंशा नेक है, लेकिन ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री इस पर कई सवाल भी दाग रही है। यह विधेयक ऑनलाइन रियल मनी गेम्स-चाहे वे स्किल आधारित हों या चांस आधारित, को पूरी तरह बंद करने का प्रावधान करता है। सरकार का कहना है कि ऐसे गेम्स ने युवाओं और परिवारों को बर्बादी की राह पर धकेला है और इसने मनी लॉन्ड्रिंग और साइबर अपराध बढ़ाए हैं। यहां तक कि आतंकवाद को भी परोक्ष सहायता पहुंचाई है। यह सीधे-साधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ मामला है। दूसरी ओर, गेमिंग इंडस्ट्री दावा करती है कि यह क्षेत्र न केवल रोजगार और निवेश ला रहा था, बल्कि डिजिटल इंडिया के सपने को भी गति दे रहा था। इस कानून के पक्ष और विपक्ष में सबके अपने-अपने तर्क हैं।

**स्किल और चांस :** ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां वर्षों से यह तर्क देती रही हैं कि उनके प्लेटफॉर्म केवल 'जुआ' नहीं हैं। उनका कहना है कि फैंटेसी स्पोर्ट्स, शतरंज, रमी, पोकर जैसे खेलों में केवल किस्मत नहीं, बल्कि दिमाग, रणनीति और अभ्यास की भी भूमिका होती है। जैसे क्रिकेट में अच्छे खिलाड़ी को सही टीम चुननी पड़ती है, वैसे ही फैंटेसी लीग में सही खिलाड़ियों का चुनाव जीत-हार तय करता है। यही कारण था कि कंपनियां इन खेलों को 'गेम ऑफ स्किल' कहती थीं। उनका दावा था कि यह खेल पूरी तरह से चांस पर आधारित नहीं, बल्कि खिलाड़ी की समझ और अनुभव पर निर्भर करते हैं, लेकिन दूसरी तरफ सरकार का तर्क बिलकुल उलट है। उसके अनुसार, जब किसी खेल में वास्तविक पैसे का दांव हो, तब वह खेल भले ही आंशिक रूप से स्किल पर आधारित क्यों न हो, अंतत: लोगों को जुए जैसी ही लत में डाल देता है। यानी स्किल और चांस की बहस तकनीकी है, लेकिन नुकसान वास्तविक है।

**सरकार की चिंताएं :** हाल के वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां युवाओं ने ऑनलाइन गेमिंग की लत में अपनी पूरी कमाई गंवा दी। कई मामलों में आत्महत्या तक करनी पड़ी। एक युवक ने अपनी मां के कैंसर के इलाज के पैसे फैंटेसी गेम में खो दिए और बाद में जान दे दी। यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि देश में ऐसे और भी कई मामले हैं, जो उजागर नहीं हुए। विडंबना यह है कि मध्यम वर्ग और युवा अमीर बनने की चाह में अपनी मेहनत की बचत इन खेलों में गंवा रहे हैं। अनुमान है कि अब तक लगभग 20,000 करोड़ रुपए भारतीय परिवारों की जेब से निकलकर गेमिंग प्लेटफॉर्म्स में जा चुके हैं। यही नहीं, कई गेमिंग प्लेटफॉर्म्स क्रिप्टोकरंसी और विदेशी पेमेंट गेटवे का उपयोग करते हैं। इन पैसों के स्रोत का पता लगाना मुश्किल होता है। आशंका है कि इसका उपयोग आतंकी गतिविधियों और हवाला नेटवर्क में हो सकता है। विशेषज्ञ तो ऑनलाइन गेमिंग की लत को डिजिटल ड्रग कह रहे हैं। यह ड्रग्स या शराब की तरह व्यक्ति की सोच और जीवन पर हावी हो जाती है। इन्हीं कारणों से सरकार ने आईटी मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर साढ़े तीन साल की समीक्षा के बाद इस विधेयक को तैयार किया।

### यथार्थ



**समरजीत**

**विधेयक के प्रावधान :** किसी भी तरह के रियल मनी गेम पर रोक, चाहे वह स्किल आधारित हो या चांस आधारित लग जाएगी। यदि कोई सेलिब्रिटी या इन्फ्लुएंसर रियल मनी गेमिंग का प्रचार करता है तो उस पर 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना और तीन साल की जेल हो सकती है। विज्ञापन प्रसारित करने वाली कंपनियों पर दो साल की जेल और 50 लाख रुपए जुर्माना लग सकता है। हालांकि, इसमें यूजर्स को कोई दंड नहीं दिया जाएगा, क्योंकि सरकार यूजर्स को विक्टिम मानती है, इसलिए उन पर कोई सजा नहीं होगी। यूपीआई, पेटीएम या अन्य माध्यमों से रियल मनी गेमिंग के ट्रांजैक्शन नहीं होंगे। ये प्रावधान स्पष्ट संकेत देते हैं कि सरकार अब आधे-अधूरे नियंत्रण की जगह कठोर कदम उठाना चाहती है।

**ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री :** गेमिंग उद्योग का कहना है कि सरकार का यह फैसला एक पूरे सेक्टर को तबाह कर देगा। इससे रोजगार पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा, क्योंकि दो लाख से अधिक नौकरियां सीधे तौर पर गेमिंग उद्योग से जुड़ी हैं। साथ ही राजस्व का नुकसान भी होगा। 2023 में ही सरकार को ऑनलाइन गेमिंग से 6909 करोड़ रुपए का जीएसटी मिला, जो पहले के मुकाबले 412 प्रतिशत अधिक था। वहीं, इससे निवेश पर असर पड़ सकता है। अब तक 25,000 करोड़ रुपए का निवेश और 3 अरब डॉलर से अधिक एफडीआई इस क्षेत्र में आया है। भारत वैश्विक गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स का केंद्र बन सकता था, लेकिन अब विदेशी निवेशक पीछे हट सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कानूनी प्लेटफॉर्म बंद हो गए तो 45 करोड़ भारतीय खिलाड़ी अवैध विदेशी प्लेटफॉर्म्स पर चले जाएंगे, जिससे न तो सरकार को टैक्स मिलेगा और न ही कोई नियमन संभव होगा।

**अर्थव्यवस्था बनाम समाज :** सवाल यह उठता है कि क्या केवल राजस्व और रोजगार के नाम पर समाज को संभावित खतरे में डाला जा सकता है? सरकार के समर्थक कहते हैं कि मनोरंजन तभी स्वस्थ है जब वह समाज के लिए हानिकारक न हो। अगर ऑनलाइन गेमिंग लत, आत्महत्या और अपराध को बढ़ावा दे रही है तो उसकी कमाई और निवेश का कोई मतलब नहीं।

दूसरी ओर, इंडस्ट्री के समर्थक मानते हैं कि कठोर प्रतिबंध समाधान नहीं, बल्कि नियमन होना चाहिए था। जैसे शराब या सिगरेट पर टैक्स और नियंत्रण के साथ बिक्री होती है, वैसे ही गेमिंग पर भी सीमित और जिम्मेदार तरीके से कानून बनाना चाहिए।

**दूसरे देशों से सीख :** दुनियाभर के कई देशों में ऑनलाइन गेमिंग का प्रचलन है, लेकिन उन्होंने इसके लिए कुछ कड़े नियम लागू किए हैं। चीन ने युवाओं के लिए ऑनलाइन गेमिंग पर समय सीमा तय कर दी है। नाबालिग केवल निश्चित घंटों में ही गेम खेल सकते हैं। अमेरिका में ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग कानूनी है, लेकिन कड़े रेगुलेशन और टैक्सेशन के साथ। यूरोप के कई देशों ने रिस्पॉन्सिबल गेमिंग पॉलिसी लागू की है, जिसमें खिलाड़ियों को चेतावनी, लिमिट और हेल्पलाइन दी जाती है। भारत के लिए रास्ता यह हो सकता था कि वह गेमिंग और जुए में स्पष्ट भेद करे और जिम्मेदार गेमिंग को बढ़ावा दे।

**सेलिब्रिटी संस्कृति पर सवाल :** बॉलीवुड सितारे और क्रिकेटर लंबे समय से फैंटेसी गेम्स और कार्ड गेम्स का विज्ञापन कर रहे थे। युवाओं में इनका प्रभाव गहरा होता है। एक सामान्य युवक सोचता है कि यदि उसका क्रिकेट हीरो ड्रीम-11 खेल रहा है, तो इसमें बुराई क्या है? यही कारण है कि विधेयक ने प्रचार करने वालों पर भी दंड का प्रावधान किया है। सवाल यह भी है कि क्या स्टार्स केवल पैसों के लिए अपने फैंस को गुमराह कर सकते हैं? इस कानून का एक सकारात्मक पहलू यह है कि सरकार ने ई-स्पोर्ट्स और नॉन-मनी सोशल गेम्स को बढ़ावा देने का इरादा जताया है। इसका अर्थ है कि शतरंज, बैडमिंटन, क्रिकेट जैसे वर्चुअल टूर्नामेंट्स बिना पैसों के दांव के आयोजित होंगे। इससे युवाओं को खेल भावना और डिजिटल कौशल मिलेगा, लेकिन जुए जैसी लत नहीं लगेगी।

**अवैध प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी :** समर्थक कहते हैं कि यह कानून समाज को बचाने वाला है। जैसे नशे पर रोक जरूरी है, वैसे ही ऑनलाइन जुए पर रोक भी जरूरी है। विरोधी कहते हैं कि यह कदम जल्दबाजी है। उद्योग को बिना सुने और विकल्प दिए पूरी तरह खत्म कर देना सही नहीं। भारत जैसे विशाल देश में पूर्ण प्रतिबंध हमेशा कामयाब नहीं होते। अनुभव कहता है कि जहां कानूनी रास्ता बंद होता है, वहां अवैध रास्ता खुल जाता है। संभव है कि आने वाले समय में सरकार इस कानून में संशोधन कर लाइसेंसिंग सिस्टम या जिम्मेदार गेमिंग मॉडल अपनाए। इसमें केवल वही कंपनियां काम कर पाएंगी जो पारदर्शिता, टैक्स और सामाजिक जिम्मेदारी का पालन करें। ऑनलाइन गेमिंग पर रोक लगाने वाला यह विधेयक निश्चित रूप से भारत में डिजिटल युग की एक बड़ी बहस की शुरुआत है। एक ओर यह समाज को जुए और लत से बचाने का प्रयास है, तो दूसरी ओर यह नवाचार और उद्योग पर ब्रेक लगाने जैसा भी है। भारत को यह समझना होगा कि मनोरंजन, रोजगार और निवेश तभी सार्थक हैं जब वे समाज के नैतिक और मानसिक स्वास्थ्य के खिलाफ न हों। सरकार की मंशा नेक है, लेकिन उसके तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। भविष्य में सही रास्ता शायद यह होगा कि हम रियल मनी गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स में स्पष्ट अंतर करें, जिम्मेदार गेमिंग को प्रोत्साहन दें और अवैध प्लेटफॉर्म्स पर कड़ी निगरानी रखें। भारत यदि संतुलन बना लेता है तो न केवल युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहेगा, बल्कि देश वैश्विक स्तर पर डिजिटल मनोरंजन और ई-स्पोर्ट्स का केंद्र भी बन सकता है।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# जल और मिट्टी संरक्षण से कृषि और किसान समृद्धि की ओर

जल ही जीवन है और मिट्टी हमारा अस्तित्व, हमारा आधार है। जल और मिट्टी के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज जब पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है, कुएं सूख रहे हैं, नदियों की धाराएं कमजोर हो रही हैं और भूजल पाताल में समा रहा है, तब यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जल और मिट्टी की रक्षा करें।



**शिवराज सिंह चौहान**
केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री

जब हमारे खेत हरे-भरे होंगे और किसान खुशहाल होंगे, तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार किया जा सकेगा, क्योंकि इस संकल्प का रास्ता हमारे गांवों की पगडंडियों, उपजाऊ मिट्टी और लहलहाती फसलों से होकर ही गुजरता है। आज बिगड़ते पर्यावरण के कई जगहों पर भूजल का स्तर हजार-डेढ़ हजार फीट नीचे चला गया है। अगर हमारी उपजाऊ मिट्टी इसी तरह बहती रही और जमीन बंजर होती रही, तो हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य कैसा होगा? इसी दूरदर्शी सोच और भविष्य की चिंता को लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने एक बीड़ा उठाया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने हमेशा दूरदृष्टि से काम किया है। वे सिर्फ आज की नहीं, आने वाले 50-100 वर्षों की सोचते हैं। उनके नेतृत्व में भारत सरकार का भूमि संसाधन विभाग, 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' के तहत 'वॉटरशेड विकास घटक (WDC-PMKSY)Ó को पूरे देश में लागू कर रहा है, लेकिन यह काम अकेले सरकार नहीं कर सकती। इस महायज्ञ में सरकार के साथ समाज को भी खड़ा होना पड़ेगा। यह धरती को बचाने का अभियान है। पानी, माटी, धरती बचेगी तो भविष्य बचेगा।

यह योजना विशेष रूप से उन क्षेत्रों में लागू की जा रही है जो सूखे और वर्षा पर निर्भर हैं और इन इलाकों में बसे हमारे किसान भाई-बहनों के जीवन में समृद्धि लाने का एक महाभियान है, जहां कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करना पड़ता था। कई लोग मुझसे पूछते हैं कि आखिर यह वाटरशेड योजना है क्या? मैं उन्हें सरल भाषा में बताता हूं कि यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि लोगों की अपनी, लोगों के लिए चलाई जाने वाली एक क्रांति है। इस योजना का मूलमंत्र है-'खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में'। इसके तहत हम सब मिलकर खेतों की मेड़ें मजबूत करते हैं, खेत में ही छोटे तालाब बनाते हैं और छोटे-छोटे नालों पर चेक डैम जैसी जल-संरचनाएं खड़ी करते हैं। इससे बारिश का पानी बहकर बेकार नहीं जाता, बल्कि धीरे-धीरे धरती की प्यास बुझाता है, जिससे भूजल का स्तर बढ़ता है और मिट्टी में लंबे समय तक नमी बनी रहती है।



इस योजना की सबसे बड़ी शक्ति इसकी जन-भागीदारी है। गांव के लोग खुद बैठकर यह तय करते हैं कि तालाब कहां खोदना है, मेड़ कहां बनानी है और पेड़ कहां लगाने हैं। भूमिहीन परिवारों और महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को भी मुर्गीपालन और मधुमक्खी पालन जैसे कामों से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाने का काम किया जा रहा है। इस योजना के बहुत सुखद परिणाम मिल रहे हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे किसान भाई-बहनों को मिला है, जिनकी आमदनी में 8 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत तक की ठोस वृद्धि हुई है। यह इसलिए संभव हुआ है, क्योंकि 2015 से अब तक, सरकार ने ₹20,000 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च करके देशभर में 6,382 से अधिक परियोजनाएं चलाई हैं और लगभग 3 करोड़ हेक्टेयर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने का काम किया है। मध्य प्रदेश के झाबुआ में, जहां कभी सूखा एक बड़ी समस्या थी, आज आदिवासी गांवों में पानी भरपूर है और मिट्टी की उर्वरक शक्ति भी बढ़ गई है। परियोजना क्षेत्र के 22 गांवों में भूजल स्तर एक मीटर तक बढ़ गया है। इससे खेती में भी परिवर्तन आया है। यहीं के किसान भाई बताते हैं कि गांव में चेकडैम बनने से अब वे मक्के के साथ-साथ चने की फसल भी ले रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी ₹50,000 से ₹60,000 तक बढ़ गई है। साथ ही झाबुआ की ही परवलिया पंचायत में 12 खेतों में बने खेत तालाबों से किसानों की आमदनी ₹1 लाख से ₹ 1.5 लाख प्रति हेक्टेयर तक बढ़ी है। इस योजना के तहत 9 लाख से ज्यादा चेकडैम, रिसाव तालाब, खेत तालाब, जैसी वाटरशेड संरचनाएं बनी हैं। 5.6 करोड़ से ज्यादा श्रम दिवस उपलब्ध हुए हैं, जिससे ग्रामीण रोजगार में वृद्धि हुई है।

वाटरशेड विकास परियोजनाओं के लागू होने से गांवों में उल्लेखनीय बदलाव आया है। जहां पहले पानी की कमी थी, उन परियोजना क्षेत्र में अब 1.5 लाख हेक्टेयर से ज्यादा नए इलाके में जल स्रोत फैले हैं, यानी 16 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। साथ ही अब किसान पारंपरिक फसलों के अलावा फलों और अन्य पेड़-पौधों की खेती भी करने लगे हैं, जिससे बागवानी और पेड़-पौधों की खेती का दायरा 12 प्रतिशत बढ़कर 1.9 लाख हेक्टेयर पहुंच गया है। राजस्थान के बाड़मेर जैसे रेगिस्तानी इलाके में, जहां पानी की कमी किसानों को पलायन पर मजबूर कर रही थी, आज अनार की खेती से हरियाली लौट आई है।

योजना के अंतर्गत 120 से अधिक किसानों को अनार के पौधे उपलब्ध कराए गए, जो वहां की बालू मिट्टी और सीमित पानी जैसी कठिन परिस्थितियों में भी आसानी से पनप जाते हैं। अनार की खेती ने न केवल आमदनी बढ़ाई, बल्कि बूड़ीवाड़ा गांव के मांगीलाल परांगी का कहना है कि उनके जैसे किसान अब अरंडी छोड़कर बागवानी की ओर बढ़ गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि केवल सरकार नहीं, समाज की भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा। उसी सोच के तहत 'वॉटरशेड यात्रा' जैसी पहल से इस योजना को जन-जन तक पहुंचाया गया है और यह एक जनांदोलन बन चुका है। यह भारतीय किसानों की मेहनत और बदलते भविष्य की कहानी है। जब जल और मिट्टी सुरक्षित होंगी, तभी भारत सुरक्षित रहेगा। 2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब गांवों की धरती समृद्ध होगी और किसान खुशहाल होंगे। आइए, मिलकर जल और माटी के इस रक्षा संकल्प को आगे बढ़ाएं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# गाजा में मानवता पर संकट : युद्ध-भूख और वैश्विक चुप्पी

किसी भी जगह का अन्याय हर जगह के न्याय के लिए खतरा है- मार्टिन लूथर। अक्तूबर 2023 में हमास द्वारा इसराइल पर किए गए हमले में 1139 इसराइली मारे गए और 200 बंधक बनाए गए, उसके बाद पिछले दो वर्षों में इसराइली राजनेता नेतन्याहू ने फिलिस्तीन के लोगों पर लगातार अत्याचार करते हुए। गाजा संकट को खड़ा किया है।

किसी भी राजनेता का कर्तव्य है कि वह अपने देश के उन नागरिकों को न्याय दिलाए, जिन पर आतंकवादी हमला हुआ है, लेकिन इस बहाने या तर्क की आड़ में, किसी धरती पर निर्दोष लोगों का सामूहिक नरसंहार करना बेहद भयानक, अनुचित, क्रूर और पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इसकी वैश्विक निंदा होनी चाहिए और विश्व के राजनेताओं और विश्व संगठनों द्वारा इसराइल को अलग-थलग कर दिया जाना चाहिए। पिछले दो वर्षों से गाजा में निर्दोष, निहत्थे नागरिकों को बेरहमी से निशाना बनाया जा रहा है, अस्पतालों, आवासीय क्षेत्रों, स्कूलों और शरणार्थी शिविरों पर हवाई हमले किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों सहित हजारों लोगों की जान जा रही है।



**हरप्रीत कौर बवेजा**
एसोसिएट प्रोफेसर ऑफ इंग्लिश, राजकीय पीजी कॉलेज पंचकूला

इसराइल ने इसे हमास पर इसराइली बंदियों को रिहा करने के लिए दबाव बनाने का अपना सही तरीका बताकर उचित ठहराया है, बचाव में यह तर्क दिया गया है कि हमास के आतंकवादियों ने फिलिस्तीन के कस्बों और शहरों के सार्वजनिक और निजी स्थानों में अपने ठिकाने बना रखे हैं और उनके आतंकवादी हमलों को रोकने के लिए उनका पता लगाना होगा। हालांकि गाजा में नागरिकों की शांतिपूर्ण, निहत्थी आबादी पर इस विचारहीन, बेलगाम, एकतरफा युद्ध के पीछे असली मकसद और कुछ नहीं, बल्कि इसराइल द्वारा फिलिस्तीन पर पूर्ण कब्जा करने की साम्राज्यवादी साजिश के साथ नरसंहार है। इसराइल की ये मंशा, इसरायल द्वारा गाजा का पूरी तरह से सैन्यीकरण करने की हालिया घोषणा से स्पष्ट हो गई है। गाजा अपार पीड़ा से जूझ रहा है। इसका बुनियादी ढांचा, सार्वजनिक और निजी स्थान पहचान से परे नष्ट हो गए हैं। जमीन बस खंडहरों के मलबे और सामूहिक कब्रों में बदल गई है। वे जीवन, परिवारों, व्यवसायों, बैंकों, शॉपिंग सेंटरों और वाहनों से भरे परिवहन चैनलों से गुलज़ार थे और प्रेम, शांति, सफलता, सुरक्षा और स्वतंत्रता से भरे जीवन की, लोगों की आकांक्षाओं और आशाओं को संजोए हुए थे।



तब से ले कर अब तक इस भयानक युद्ध में हजारों लोग और बच्चे मारे गए हैं, वे अपंग और अनाथ किए जा चुके हैं। यह एक अत्यंत दु:खद मानव निर्मित त्रासदी है। मानो गाजा की आबादी पर इतना ही अत्याचार या हमला काफी न रहा हो, इसराइल ने मार्च 2025 से गाजा में मानवीय सहायता के सभी रास्ते बंद कर दिए हैं, जिससे यह पट्टी अकाल और भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। इजराइल, भुखमरी को, युद्ध के हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। गाजा में जो थोड़ी-बहुत मानवीय सहायता पहुंचने दी जा रही है, वह सागर में एक बूंद के समान है। सैकड़ों भूखे पुरुष, महिलाएं और बच्चे अपनी भूख मिटाने के लिए थोड़ा-सा खाना पाने की बेचैनी में सहायता केंद्रों पर उमड़ पड़ते हैं। जैसे ही वे भोजन पाने के लिए संघर्ष करते हैं, निर्दयी इसराइली सेना उन पर गोलियां चला देती है, जिससे वे तुरंत मारे जाते हैं।

गाजा में लोगों का घोर अमानवीयकरण और संयुक्त राष्ट्र संघ, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी), अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) जैसे सभी अंतरराष्ट्रीय संगठनों और दुनिया के सभी राजनेताओं और धार्मिक नेताओं द्वारा इसराइल की ओर से अकल्पनीय हिंसा, मानवाधिकारों और जिनेवा कन्वेंशन के उल्लंघन के इस घृणित प्रदर्शन को रोकने में विफलता, बेहद निराशाजनक है। क्षतिग्रस्त गाजा को इसराइली कब्जे और युद्ध हमलों से हर हाल में मुक्त कराया जाना चाहिए ताकि वहां के लोग और बच्चे शांतिमय जीवन में सांस ले सकें और हमारे बच्चे और हमारी आने वाली पीढ़ियां हमें केवल, मानवता के गुनहगार, के रूप में ही न पहचानें।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# भूस्खलन से बरोट-घटासनी मुख्य मार्ग बंद

## बारिश से बिगड़े हालात, किसानों की फसल मंडी तक न पहुंचने से नुकसान की आशंका

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** चोटाभंगाल और चौहार घाटी में पिछले एक सप्ताह से जारी लगातार बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। बरोट-घटासनी मुख्य सड़क मार्ग भूस्खलन और पेड़ों के गिरने से कई बार बंद हो चुका है। चार दिन पहले भारी मलबा गिरने से यह मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था, जिसे दो दिन पूर्व लोक निर्माण विभाग ने अस्थाई रूप से खोला था। लेकिन बार-बार मलबा गिरने से यह मार्ग पुनः बाधित हो जाता है। जेसीबी मशीन और विभागीय कर्मचारी मौके पर तैनात हैं, लेकिन लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है।

बरोट बस ठहराव से आधा किलोमीटर दूर तक बसें पहुंच रही हैं, जिससे यात्रियों को पैदल चलना पड़ रहा है। वहीं, छोटा भंगाल घाटी में लोहारड़ी क्षेत्र के लोआई, स्वाड़ और पोलिंग पंचायतों के लिए आने-जाने वाला छह किलोमीटर लंबा मार्ग भी बार-बार बंद हो रहा है। हाल ही में विभाग ने इसे खोला था लेकिन मूसलाधार बारिश के कारण ल्हासे फिर से गिरने लगे हैं। इन क्षेत्रों के सब्जी उत्पादकों की तैयार मूली और बंदगोभी की फसल मंडियों तक नहीं पहुंच पा रही है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का खतरा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थाई समाधान और सड़क मार्गों की बेहतर बहाली की मांग की है।

**बार-बार बाधित हो रहा मुख्य मार्ग ग्रामीणों ने सड़क बहाली के स्थायी समाधान की उठाई मांग**



बारिश से प्रभावित छोटा भंगाल घाटी में पैदल सफर करते स्थानीय लोग।

## 7 माह की गर्भवती युवती ने दोस्त पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना सदर मंडी के अंतर्गत एक युवती द्वारा अपने दोस्त पर दुष्कर्म कर गर्भवती करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के अंतर्गत दुष्कर्म का एफआईआर दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया है कि वह सिलाई सेंटर का काम करती है और जीवन नाम के युवक को पिछले तीन वर्षों से जानती है। शिकायतकर्ता अनुसार धीरे-धीरे दोनों की दोस्ती गहरी हो गई। इसी दौरान फरवरी महीने में जीवन उनके घर आया था, जहां उसने शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद पीड़ित युवती गर्भवती हो गई। बीते शनिवार को पीड़िता को पेट दर्द की शिकायत पर अपने माता-पिता के साथ सरकारी अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों की जांच में वह लगभग 29 हफ्ते यानी 7 माह की गर्भवती पाई गई। इस पर पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

## सुंदरनगर पुलिस ने 604 ग्राम चरस सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**कीरतपुर-मनाली** फोरलेन पर पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने चरस माफिया के खिलाफ लगातार तीसरे दिन एक और सफलता हासिल की है। हेड कांस्टेबल हंसराज, आरक्षी कुलदीप कुमार और सतीश कुमार की टीम ने पुंघ में नाकाबंदी के दौरान एक कार की चेकिंग में दो युवकों से 604 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 25 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम शनिवार रात को किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित पुंघ में नाकाबंदी पर मौजूद थी। इसी दौरान मंडी की ओर से सुंदरनगर आ रही एक कार नंबर एचपी-64बी-9531 की सीट के नीचे रखे बैग की चेकिंग में 604 ग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपियों की शिनाख्त योगेश ठाकुर (24) पुत्र राकेश ठाकुर निवासी गांव व डाकघर डूमहर तहसील अर्की जिला सोलन और आर्यन (24) पुत्र राकेश निवासी गांव व डाकघर कुनिहार तहसील अर्की जिला सोलन हिमाचल प्रदेश के तौर पर हुई है। पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस टीम ने दो युवकों को चरस सहित गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश कर रिमांड हासिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### बिंद्रावनी के पास ब्यास में मिला शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला में सुबह से जारी मूसलाधार बारिश के बीच बिंद्रावनी के पास ब्यास नदी में एक शव मिला है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर बिंद्रावनी के पास ब्यास नदी के किनारे यह शव पत्थरों के बीच फंसा हुआ बरामद हुआ है। वार्ड पार्षद राजेंद्र मोहन की सूचना पाकर सदर थाना की टीम मौके पर पहुंच गई है और शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने ब्यास नदी से शव मिलने की पुष्टि की है।

### वृद्ध आश्रम देहरी में जांचा 25 का स्वास्थ्य



**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** रविवार को सुकेत सीनियर सिटिजन होम देहरी सुंदरनगर में रोटरी क्लब सुंदरनगर द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मैडिकल की टीम में दीमा शर्मा व खासकर डॉ एच के अबरोल ने उक्त वृद्ध आश्रम से संबंधित 25 वृद्धों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस अवसर पर शामिल होने वालों में रोटरी क्लब की प्रधान सरला शर्मा एवं उनके सहयोगी सदस्य बिमल शर्मा और एम एल महाजन सहित वृद्ध आश्रम के प्रधान पी एस गुलेरिया तथा महासचिव उत्तम चंद शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित थे।

### गलू गांव की बेटी कुमकुम बनेगी डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विस क्षेत्र की चनौता पंचायत जिसे दुर्गम और खाहलों का क्षेत्र कहा जाता है। उसी के गलू गांव की कुमकुम सकलानी का नीट एमबीबीएस में चयन हुआ है। वह मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पढ़ाई पूरी करेगी। कुमकुम ने पहली से मैट्रिक तक की पढ़ाई सरस्वती पब्लिक मॉडल स्कूल गलू चनौता में पूरी की थी। उसके पिता अश्विनी कुमार गांव में ही डेली नीड की दुकान चलाते हैं और माता आशा देवी हाउस वाइफ है, जबकि बड़ी बहन रितिका सकलानी बीएससी नर्सिंग कर रही है। छोटा भाई अर्चित 10 जमा एक की पढ़ाई कर रहा है। कुमकुम की इस कामयाबी पर परिवार व समूचे क्षेत्र भर में खुशी का माहौल है।



### अपर बरोट पंचायत में लगे 5 कूल्लर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अपर बरोट पंचायत में 15वें वित्त आयोग के सौजन्य से लोगों को ठंडा पानी पिलाया जाने के लिए पांच कूल्लर लगाए गए। पंचायत प्रधान दिलीप राव ने बताया कि एक लोअर बरोट, दूसरा अपर बरोट बस ठहराव के पास, तीसरा शोकी की दुकान के पास बडोई गांव की सीमा पर, चौथा गजरेहड़ा में तथा पांचवां अपर बरोट के पटवार खाना में लगाए गए हैं। ग्राम पंचायत प्रधान दिलीप राव और उप प्रधान रवि कुमार कौशल के प्रयास से अपर बरोट की पूरी पंचायत में आने जाने वाले सभी लोगों को गर्मियों में राहत मिलेगी। कूल्लर लगाए जाने पर रत्न चंद शास्त्री, बख्शी राम कौशल, यशपाल ठाकुर, विक्रम ठाकुर, अरुण कुमार तथा चौधरी गणमान्य नागरिकों ने पंचायत प्रधान का आभार जताया और कहा कि आने वाले समय में ये परोपकार याद किया जाता रहेगा।

### पंचायतों में बनी नई मनरेगा समितियां

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की कई पंचायतों में मनरेगा समितियों का गठन किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत घरवासड़ा के वार्ड नंबर 1 भड्डू, वार्ड नंबर 2 बडू तथा अनसबाई पंचायत में नई मनरेगा समितियों का गठन किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत डरबाड़ के चसवाल गांव में भी समिति का गठन किया गया। समितियों के गठन के अवसर पर मनरेगा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और जिला महासचिव सोहन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मनरेगा समितियों का गठन पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। इस मौके पर संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी भाग लिया। ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। इसमें प्रधान लता देवी, उपप्रधान सोमा देवी और महासचिव शीला देवी को चुना गया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि नई टीम गांव के विकास और मजदूरों के हित में बेहतरीन कार्य करेगी। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों को रोजगार देने और विकास कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समितियों के गठन से पंचायतों में विकास कार्य और अधिक गति पकड़ेंगे।

## मां जालपा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**अनंत ज्ञान, जोगिंदनगर।** जोगिंदरनगर उपमंडल के अंतर्गत जलपेहड़ गेट के पास स्थित मां जालपा मंदिर परिसर में रविवार को श्री नवग्रह शनि देव मंदिर में भंडारे का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस धार्मिक अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना-जाना लगा रहा। लक्ष्मीकांत व आचार्य अनिल शास्त्री के सान्निध्य में आयोजित इस भंडारे में लगभग 600 से 700 लोगों ने भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के आयोजन में स्थानीय पंचायत की प्रधान अंजना शर्मा, अजियापाल युवक मंडल बनाई हार के प्रधान दीपन कुमार, सचिव भारत भूषण, सलाहकार रामकृष्ण सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। भंडारे की व्यवस्था का सफल बनाने में युवक मंडल के साथियों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चारण से वातावरण गूंजता रहा। श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने के बाद शनि देव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। इस मौके पर आचार्य अनिल शास्त्री ने कहा कि शनि देव के आशीर्वाद से ही जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का वास होता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारे और आस्था की भावना मजबूत होती है। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा।

## आपदा राहत कार्यों में लाई जाए तेजी : जयराम ठाकुर

### नेता प्रतिपक्ष ने बालीचौकी में आपदा पीड़ितों से मुलाकात कर बांटी राहत सामग्री

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने सराज विधानसभा क्षेत्र के बालीचौकी में आपदा पीड़ितों से मुलाकात की और राहत सामग्री वितरित की। भारी बारिश, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं के चलते दर्जनों घर बह गए हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के किन्नौर, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, मण्डी, चंबा, बिलासपुर और ऊना में भारी नुकसान हुआ है। हजारों लोग प्रभावित हैं, कई बेघर हो चुके हैं और फसलें नष्ट हो गई हैं। उन्होंने मांग की कि आपदा राहत कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि लोगों को समय पर सहायता मिल सके। देर से मिलने वाली सहायता का कोई लाभ नहीं होता, खासकर जब लोगों के पास रहने की जगह भी न हो।



आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

जयराम ठाकुर ने जनता से मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करने की अपील की और प्रशासन से अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने कहा कि आपदा के अध्ययन और नई नीतियों की जरूरत है ताकि भविष्य में नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने डेढ़ सौ से अधिक कंबल, गद्दे, राशन और बर्तन किट्स वितरित कीं, साथ ही 48 परिवारों को नकद सहायता भी दी। जयराम ठाकुर ने सभी दानी सज्जनों का आभार भी प्रकट किया।

## 9 ग्राम चिट्टे सहित कार सवार 3 युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना सदर मंडी पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तल्याहड़ बाइपास पर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 9 ग्राम चिट्टा यानी हेरोइन बरामद किया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रावधानों के तहत रविवार को दर्ज एफआईआर के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कर्ण (24) पुत्र जगदीश कुमार, निवासी टारना रोड, मंडी शहर, जितेश कौंडल(24) पुत्र बलवंत कुमार, निवासी थनेहड़ा मोहल्ला, मंडी शहर और सोमदत्त (29) पुत्र जगदीश चंद, निवासी जोगिंदरनगर के रूप में हुई है। ये सभी कार नंबर एचपी-65ए-2513 में सवार थे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की आगामी जांच जारी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि नशे के खिलाफ मंडी जिला पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना सदर टीम ने तीन युवकों को 9 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## पनारसा में शर्मा वुमन कलेक्शन रेडिमेड गारमेंट्स शोरूम का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, मंडी

**द्रंग** विधानसभा के सनोर घाटी के पनारसा में सैकड़ों युवाओं व महिलाओं की उपस्थिति में शर्मा वुमन कलेक्शन रेडिमेड गारमेंट्स शोरूम का शुभारंभ घाटी के युवा समाज सेवी लालित शर्मा ने रिबन काटकर किया। यहां पहले सबसे बड़े शोरूम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे शोरूम खुलने से जहां बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार मिलता है वहीं स्थानीय जनता को घरद्वार संपूर्ण सुविधा मिलती है। शोरूम संचालिका मीना कुमारी ने मुख्य अतिथि तथा विशेष अतिथि गण का शॉल टोपी, स्मृति चिन्ह व फूल-मालाएं भेंटकर सम्मानित किया। शोरूम संचालिका मीना कुमारी ने बताया कि शोरूम में लेडीज, जेन्टस व बच्चों के सभी उच्च क्वालिटी रेडीमेड परिधान सस्ते दामों पर मिलेंगे। इस अवसर पर फरमेन फार्मा बायोटेक के महा प्रबंधक हीरा सिंह, अनिल शर्मा, नीरज सकलानी, गोपाल ठाकुर, भीमसिंह ठाकुर, तनुजा ठाकुर, दीपक शर्मा,चिन्ता ठाकुर तथा मनोरमा ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



रेडिमेड शोरूम का शुभारंभ करते हुए

## सुंदरनगर में हैंडबाल टीमों का चयन 30 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंदनगर।** जिला मंडी की सीनियर पुरुष और महिला हैंडबॉल टीमों के लिए चयन प्रक्रिया आगामी 30 अगस्त को सुंदरनगर में आयोजित की जाएगी। यह चयन प्रक्रिया कोच अंशुल की देखरेख में संपन्न होगी। हैंडबाल एसोसिएशन, जिला मंडी की महासचिव रेणु मेहता और अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी ने लडभड़ोल में जानकारी देते हुए बताया कि ट्रायल में जिला मंडी का कोई भी इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकता है। चयनित खिलाड़ियों को इसके बाद सुंदरनगर में ही पांच दिवसीय गहन कोचिंग कैंप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है। चयनित खिलाड़ी 6 और 7 सितंबर को नालागढ़ में होने वाली राज्य स्तरीय हैंडबाल टूर्नामेंट में जिला मंडी का प्रतिनिधित्व करेंगे। एसोसिएशन ने जिले के सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और चयन ट्रायल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

## बारिश से कुन्नू-साहल-गजौन सड़क क्षतिग्रस्त गावर कंपनी पर लगाए लापरवाही के आरोप

कविता, अनंत ज्ञान

**पधर।** लोक निर्माण विभाग उपमंडल पधर के अंतर्गत आने वाली कुन्नू-साहल-गजौन सड़क बरसात के दौरान मूसलाधार बारिश से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क की इस दुर्दशा से स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नारला-बिजनी फोरलेन निर्माण कार्य कर रही गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही के चलते यह हालात बने हैं। साहल में जिस स्थान से यह लिंक रोड गजौन की ओर जाती है, वहीं कंपनी का कार्यालय स्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी ने फोरलेन पर जमा होने वाले पानी की निकासी का पूरा बहाव लिंक रोड के मुहाने पर छोड़ दिया, जिसके चलते सड़क ध्वस्त हो गई है। सड़क बंद होने से गजौन, बाड़ा और छाहड़ी गांव के लोगों के वाहन बीच रास्ते में फंस गए हैं। ग्राम पंचायत कुन्नू के पूर्व प्रधान कर्म सिंह ने बताया कि रविवार को ग्रामीणों को एक रिश्तेदार के दाह संस्कार में शामिल होना था, लेकिन सड़क पर वाहन फंस जाने के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



पानी के बहाव से क्षतिग्रस्त कुन्नू-साहल-गजौन सड़क।

ग्रामीणों ने एसडीएम पधर और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और क्षतिग्रस्त सड़क को शीघ्र बहाल किया जाए।

## श्रमिक कल्याण बोर्ड की कार्यप्रणाली से सीटू नाखुश

### 9 सितंबर को हमीरपुर में किया जाएगा विशाल प्रदर्शन : भूपेंद्र सिंह

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**सीटू** से संबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन ने राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए 9 सितंबर को हमीरपुर स्थित बोर्ड कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन की घोषणा की है।



यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला सचिव सोहन सिंह, खंड अध्यक्ष करतार सिंह चौहान और सचिव प्रकाश वर्मा ने बताया कि पिछले चार वर्षों से सवा लाख से अधिक मजदूरों की 500 करोड़ की सहायता राशि लंबित है। प्रदर्शन के लिए पंचायत व वार्ड स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अब तक घरवासड़ा, डरवाड़, सधोट, चोलथरा, गरयोह, कोट, जोढन में बैठकें हो चुकी हैं और वार्ड स्तरीय कमेटियां गठित की गई हैं। अगले सप्ताह टिहरा, तनियार, गरौड़, भदेहड़, पिपली-भराड़ी, लौंगनी, सरी, ब्रांग, स्योह, सिद्धपुर, संधोल आदि क्षेत्रों में बैठकें तय हैं।

भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि बोर्ड अधिकारी सहायता प्रदान करने की बजाय अड़चनें डाल रहे हैं। हमीरपुर में कुछ फर्जी पंजीकरणों को मुद्दा बनाकर सभी मजदूरों को बदनाम किया जा रहा है, जबकि पंजीकरण लेबर ऑफिसरों द्वारा किए गए थे। इसके विपरीत बोर्ड अध्यक्ष बिना बैठक में चर्चा किए ही एफआईआर की बातें मीडिया में कर रहे हैं, जिससे बोर्ड की छवि खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि धर्मपुर क्षेत्र में 90 प्रतिशत मनरेगा मजदूर बोर्ड में पंजीकृत हैं, जिन्हें सहायता नहीं मिल रही। मंडी जिले में जमा हुए 10,000 आवेदन बार-बार लौटाए जा रहे हैं। छात्रवृत्ति, शादी, मेडिकल आदि के लिए अव्यवहारिक शर्तें लगा दी गई हैं। यूनियन ने कई बार ज्ञापन सौंपे, लेकिन सुनवाई न होने पर अब प्रदर्शन का रास्ता चुना है।

## आरंग गांव में बाढ़ से तबाही पर भाजपा नेता ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, बरोट।** ग्राम पंचायत सनवाड़ में अचानक आई बाढ़ से आरंग गांव में भारी तबाही मची है। यहां कई घर, दुकानें, गोशालाएं, पशु, गाड़ियां, बाइक, स्कूटी और उपजाऊ जमीन बह गई है। इस आपदा पर भाजपा के मीडिया प्रभारी व सनवाड़ पंचायत के पूर्व उपप्रधान जगदीश कुमार ने चिंता जताई है। उन्होंने मांग की है कि प्रभावित परिवारों को प्रदेश सरकार जल्द से जल्द सहायता राशि प्रदान करे और जिन सड़कों व पैदल पुलों को नुकसान पहुंचा है, उनके पुनर्निर्माण हेतु भी धन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि उपजाऊ जमीन के नुकसान से पशुओं के चारे की समस्या खड़ी हो गई है, इसलिए, इसका भी शीघ्र समाधान होना चाहिए। जगदीश कुमार ने बताया कि स्वतंत्रता के बाद सनवाड़ पंचायत में यह पहली इतनी बड़ी त्रासदी है।

## स्टार प्लस के नए सीरियल 'संपूर्णा' में दिखेंगे भांबला के मिलन सिंह राणा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**28 से प्रतिदिन शाम 7:30 बजे होगा प्रसारित**

**उपमंडल** सरकाघाट के भांबला क्षेत्र के मिलन सिंह राणा ने छोटे-छोटे रोल से शुरुआत कर अब टीवी इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना ली है। जी पंजाबी के लोकप्रिय धारावाहिक 'सहजवीर' में करन का किरदार निभाने के बाद अब उन्हें स्टार प्लस के बड़े सीरियल 'संपूर्णा' में अहम भूमिका मिली है। एसवीएफ बैनर तले बने और जसबीर द्वारा निर्देशित इस धारावाहिक की कहानी मिट्टी नामक लड़की के जीवन पर आधारित है।



बंगाली अभिनेत्री संदीप्ता सेन मिट्टी की भूमिका निभा रही हैं, जबकि मिलन सिंह राणा उसके भाई विशाल के किरदार में दिखाई देंगे। इस सीरियल में उनके साथ बिग बॉस फेम विशाल आदित्य सिंह और लोकप्रिय अभिनेता अहम शर्मा भी नजर आएंगे। धारावाहिक 28 अगस्त से प्रतिदिन शाम 7:30 बजे स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। बहुत जल्द उनकी फिल्म 'जिंगासा' की रिलीज की भी आधिकारिक घोषणा होने वाली है। भांबला क्षेत्र के लिए यह गर्व की बात है कि यहां का बेटा राष्ट्रीय स्तर के बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है।

## ट्राईअम्फ एफसी की अंडर-13 बालिका टीम ने जीता स्टेट चैंपियनशिप का खिताब



खिताब जीतने वाले बच्चे।

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** ट्राईअम्फ एफसी की अंडर-13 बालिका टीम ने ऑल इंडिया फुटबाल फेडरेशन द्वारा आयोजित स्टेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता ऊना, हिमाचल प्रदेश में आयोजित हुई, जिसमें कुल 6 टीमों ने भाग लिया। ट्राईअम्फ एफ सी ने अपने पहले मुकाबले में पंडोह की टीम को 11-0 से पराजित किया।

इसके बाद फाइनल मैच में मेजबान जेएस विज़डम वर्ल्ड स्कूल ऊना को 6-0 से हराकर टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया। ट्राईअम्फ एफसी के अध्यक्ष सुशांत शर्मा ने बताया की टीम की खिलाड़ी निहारिका ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 गोल दागे और टॉप स्कोरर ऑफ द टूर्नामेंट बनीं। ट्राईअम्फ एफ सी ने इस जीत को हिमाचल की बेटियों के लिए गर्व का क्षण बताया और भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

**परेशानी** सामाजिक कार्यकर्ता ने केंद्र व राज्य सरकार को सौंपा मांग पत्र, बस स्टैंड और शटल सेवा की मांग

## एम्स में सुविधाओं के अभाव से मरीज व परिजन परेशान

रितेश, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धाड़ता क्षेत्र धर्मपुर से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रत्याशी सरकाघाट विधानसभा ने एम्स, बिलासपुर में मरीजों और परिजनों को आ रही गंभीर असुविधाओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने उपमंडल अधिकारी (ना0) सरकाघाट तथा उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री और मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन भेजा है।

सामाजिक कार्यकर्ता ने 20 सूत्री मांग पत्र में एम्स के बाहर और भीतर की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए।



एम्स में मरीजों व परिजनों को बैठने की व्यवस्था जल्द करने की मांग उठाई।

उन्होंने बताया कि एम्स के बाहर अभी तक बस स्टैंड का निर्माण नहीं हो पाया है, जिस कारण मरीजों और परिजनों को बारिश व धूप में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि बस स्टैंड का निर्माण शीघ्र हो और एम्स के बाहर-भीतर एचआरटीसी, निजी बसों और शटल सेवा की समय सारणी लगाई जाए। साथ ही घुमारवीं से लखनपुर तक चलने वाली बस सेवा को एम्स तक बढ़ाया जाए।

**दिव्यांग कल्याण समिति ने अलग लाइन, फ्री दवाइयां लैब टेस्ट की मांग दोहराई**

मरीजों और परिजनों के बैठने की पर्याप्त कुर्सियां तक उपलब्ध नहीं हैं। कई जगहों पर शौचालय टूटे पड़े हैं जबकि दिव्यांगों के शौचालयों पर ताले लगे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों को डाक सेवा, पंचायत, ईमेल और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने की व्यवस्था हो ताकि परिजनों को बार-बार एम्स न आना पड़े और भीड़ भी कम हो। हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति सरकाघाट के महासचिव रमेश चंद भारद्वाज ने मांग की कि दिव्यांग मरीजों के लिए हर जगह अलग लाइन बनाई जाए और उन्हें निशुल्क दवाइयां व लैब टेस्ट उपलब्ध हों।

सामाजिक कार्यकर्ता ने चल रहे निर्माण कार्यों और व्यवस्थाओं से जुड़े सभी कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट की प्रतियां सार्वजनिक करने की भी मांग की है, ताकि समय रहते खामियों को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि एम्स, बिलासपुर प्रदेश के मरीजों के लिए उम्मीद का बड़ा केंद्र है, लेकिन मौजूदा अव्यवस्थाओं के कारण यह खुद ही इलाज की जरूरत महसूस कर रहा है।

# लिदकोट से अलींडा सड़क पर बस सुविधा का अभाव

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की रामगढ़ धार के लिदकोट से अलींडा तक 12 करोड़ की लागत से बनी सड़क का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना था, लेकिन आज स्थिति यह है कि इस सड़क पर ग्रामीणों को बस सुविधा तक नसीब नहीं हो रही।

यही कारण है कि लिदकोट, चुरडी, चौगाठ समेत आसपास के लगभग 500 परिवार आज भी चार किलोमीटर पैदल चलकर भड़ोग पहुंचते हैं, ताकि वहां से उन्हें बस सुविधा मिल सके। लिदकोट गांव और आसपास के लोगों का मुख्य संबंध पंजाब के नंगल शहर से है। लिदकोट से अलींडा तक की दूरी आठ किलोमीटर है और इसके आगे नंगल शहर मात्र दस किलोमीटर पड़ता है। यानि कुल मिलाकर लिदकोट से नंगल पहुंचने का सफर केवल अठारह किलोमीटर का है, लेकिन विडंबना यह है कि इस मार्ग पर किसी भी तरह की बस सेवा शुरू नहीं की गई। दूसरी ओर लिदकोट से तलाई दस किलोमीटर, ऊना 28 किलोमीटर और नंगल 46 किलोमीटर की दूरी पर दर्ज होता है। ऐसे में ग्रामीणों के लिए नंगल शहर ही उनकी रोजमर्रा की जरूरतों का सबसे नजदीकी और सुविधाजनक केंद्र है। गांवों में भले ही कुछ छोटे वाहनों की सुविधा हो, लेकिन यह कहना गलत नहीं होगा कि हर घर में वाहन उपलब्ध नहीं है। आम ग्रामीणों को बाजार, स्कूल, अस्पताल या अन्य आवश्यक कार्यों के लिए सार्वजनिक परिवहन की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है।



फाइल फोटो।

लिदकोट से अलींडा सड़क पर फिलहाल छोटी गाड़ियों का आना-जाना तो संभव है, लेकिन बस जैसी सार्वजनिक सुविधा के अभाव में लोगों को हर दिन परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस मामले पर जब परिवहन के आरएम सुरेश धीमान से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि लिदकोट से अलींडा तक बनी सड़क बस सुविधा के योग्य नहीं है। विभाग की ओर से अब तक इस सड़क को लेकर कोई एनओसी भी जारी नहीं की गई है। साथ ही उनके अनुसार अभी तक किसी व्यक्ति या पंचायत द्वारा भी विभाग के समक्ष इस मार्ग पर बस सेवा की औपचारिक मांग नहीं रखी गई, अगर लोनिवि विभाग उक्त सड़क पर सरकारी या निजी बस चलाने की एनओसी प्रदान करता है, तो परिवहन तत्काल प्रभाव से सरकारी वस सुविधाएं मुहैया करवाएगा। नगर लिदकोट आदि आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि यदि बस सेवा शुरू नहीं की जानी थी, तो आखिर इतनी बड़ी राशि खर्च करके सड़क क्यों बनाई गई? सड़क निर्माण के नाम पर करोड़ों की राशि खर्च हुई, लेकिन इसका लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा। इससे विभाग और सरकार की नीयत पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का तर्क है कि यदि यह सड़क बस सेवा के लिए योग्य नहीं थी, तो शुरुआत में ही योजना को क्यों स्वीकृति दी गई। लिदकोट, चुरडी, चौगाठ जैसे गांवों के अधिकांश लोग खेती-बाड़ी या छोटे-मोटे रोजगार से जुड़े हुए हैं।

नंगल शहर उनके लिए न केवल रोजगार की खरीदारी का केंद्र है, बल्कि रोजगार और शिक्षा का भी बड़ा हब है। बस सेवा शुरू होने से छात्रों को पढ़ाई में, महिलाओं को खरीदारी में और बीमार लोगों को समय पर इलाज मिलने में बड़ी राहत मिल सकती है। वर्तमान में चार किलोमीटर पैदल सफर करना ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती है, खासकर बुजुर्गों और महिलाओं के लिए।

### राज्य सरकार और लोनिवि परिवहन विभाग पर प्रश्नचिह्न

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि राज्य सरकार और लोक निर्माण विभाग दोनों ही इस मामले में जिम्मेदारी से बचते हुए दिखाई दे रहे हैं। करोड़ों खर्च कर बनाई गई सड़क यदि केवल छोटी गाड़ियों तक सीमित रह गई, तो यह योजना जनता के लिए विफल साबित होगी। इससे एक बार फिर यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या सड़क निर्माण कार्य केवल ठेकेदारों और अधिकारियों के लाभ के लिए हुआ? या फिर यह ग्रामीणों की वास्तविक जरूरतों का ध्यान में रखकर किया गया था। ग्रामीणों की मांग है कि लिदकोट-अलींडा सड़क पर जल्द से जल्द बस सेवा शुरू की जाए। यदि सड़क तकनीकी रूप से बस सुविधा के योग्य नहीं है, तो विभाग को इसे दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। साथ ही इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि 12 करोड़ की लागत से बना प्रोजेक्ट जनता के काम आए, न कि केवल कागजों तक सीमित रह जाए। लिदकोट से अलींडा सड़क का निर्माण ग्रामीणों की सुविधा के लिए हुआ था, लेकिन बस सेवा के अभाव में यह सुविधा अधूरी साबित हो रही है। सरकार और लोक निर्माण विभाग का यह रवैया ग्रामीणों की समस्याओं को और बढ़ा रहा है, अब देखने वाली बात होगी कि ग्रामीणों की आवाज कब तक सरकार के कानों तक पहुंचेगी और क्या वाकई इस सड़क पर बस सेवा शुरू होगी या यह भी कई अन्य अधूरी योजनाओं की तरह फाइलों में ही दम तोड़ देगी।

## तेज बरसात में उजागर हुई लापरवाही गगरेट में जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त



**अनंत ज्ञान, गगरेट/घनारी**

गगरेट में हुई तेज बरसात ने एक बार फिर प्रशासन की नाकामी को उजागर कर दिया। एसडीएम कार्यालय के सामने बने घरों में पानी घुसने से नाराज लोगों ने अब सड़कों पर उतरने की धमकी दी है। हालांकि, बरसात कम होने से पानी उतर गया और लोगों का गुस्सा जल्द शांत हो गया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति प्रशासन की गलत और अधूरी प्लानिंग का नतीजा है। कुछ महीने पहले एसडीएम कार्यालय परिसर में पानी के ठहराव को रोकने के लिए वहां बजरी डाली गई थी, लेकिन पानी की निकासी की ठोस व्यवस्था नहीं की गई। नतीजतन, अब हर बार तेज बारिश होते ही वह पानी बहकर पास के घरों में घुस जाता है और घर तालाब में बदल जाते हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि पिछली बरसात के बाद प्रशासन ने बड़े-बड़े दावे किए थे कि बारिश थमने के बाद स्थायी समाधान निकाला जाएगा, लेकिन हकीकत यह है कि आज तक एक भी कदम नहीं उठाया गया। यही कारण है कि स्थानीय लोग अब प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं और जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। स्थानीय निवासी अरुण वशिष्ठ और ऋषभ वशिष्ठ का कहना है कि अगर तुरंत जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में हालात और भी भयावह हो जाएंगे। हमें मजबूर होकर सड़कों पर उतरना पड़ेगा और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## 115 लोगों का किया स्वास्थ्य चेकअप



**अनंत ज्ञान, हरोली**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था द्वारा संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने ऊना और हरौली के गांव घालूवाल में रविवार को एकदिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान कुल 115 ग्रामीणों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 60 मरीजों के निशुल्क लैब टेस्ट भी किए गए।

जांच रिपोर्ट में 10 मरीज उच्च रक्तचाप, 12 मरीज डायबिटीज और 36 मरीज जोड़ों के दर्द से पीड़ित पाए गए। स्वास्थ्य सेवा टीम में डॉ. अनुप्रिया, डॉ. प्रदीप कुमार, कुसुम, रुचि, दिनेश, मनीष और दीपक निहाल सिंह शामिल रहे।

इस अवसर पर उपप्रधान अनिल जसवाल, विपिन पूरी, दिनेश पुरी, शशि पुरी, शुभकरण जसवाल, मंगत सिंह, ममता पूरी, किरण, सीमा, लता, शालू, मंजू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्री गुरु रविदास मंदिर प्रबंध कमेटी की कमान कुलविंद्र सिंह को सौंपी

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान**



**टाहलीवाल।** स्थानीय नगर के ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ की कमेटी का रविवार को अंबेडकर पार्क के परिसर में चुनाव संपन्न किया गया।

इस चुनाव में पिछले दो सालों के कार्यकाल को देखते हुए श्री गुरु रविदास धार्मिक सभा मंदिर अध्यक्ष पद की कमान अधिवक्ता कुलविंद्र सिंह बैंस को सौंपी गई। महासचिव मनोहर लाल पीसी, कोषाध्यक्ष अशोक बसन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार को दूसरी बार व मुख्य सलाहकार बलराम, उपप्रधान कश्मीरी लाल, सह सचिव सुरजीत कुमार को आगामी दो वर्षों के लिए चुना गया। वहीं, श्री गुरु रविदास धार्मिक सभा के यूथ विंग का अध्यक्ष आशीष महें को बनाया। अध्यक्ष बनने पर कुलविंद्र बैंस ने सभी लोगों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास संतोषगढ़ के ऐतिहासिक मंदिर जिसकी पहचान देश-विदेश तक है। कुलविंद्र ने कहा कि मंदिर के इतिहास को और आगे ले जाने के लिए चुनी हुई टीम द्वारा भरपूर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 21-22 जनवरी 2026 मेले की तैयारियां अगले महीने से शुरू की जाएंगी। इस अवसर पर अधिवक्ता पार्षद संदीप पहेश, तरसेम लाल वसन, सुरेश वसन, मदन लाल, हरि किशोर, पूर्व पार्षद रविकांत बस्सी, सुलिंद्र चोपडा, नवीन महें, सोनू, पंकज, कमल, अमन, चंदू, बौद्धराज, सुरिंदर बस्सी, राहुल, तवीन, हरजीत सिंघ,महेश सहगल, रवि सिंघा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भुट्टो ने केंद्र की उपलब्धियों को बताया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने रविवार को भरमौती मंदिर परिसर में ग्राम केंद्र प्रवास के दौरान चंगर, हंडोला, चुरड़ी और बोहरू बूथों के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते ग्यारह वर्षों में भारत की विश्व पटल पर उन्नति का दावा करते हुए कहा कि देश आज अर्थव्यवस्था की अग्रिम कतार में है। साथ ही, मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी जन कल्याणकारी पहलें गांव-गांव तक पहुंची हैं। इसके विपरीत, उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नेतृत्व वाली प्रदेश कांग्रेस सरकार को विफल ठहराया। उनका आरोप था कि मात्र डेढ़ वर्षों में प्रदेश कर्ज के बोझ से जूझ रहा है, जहां सरकार ने लगभग 40 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया, जिससे कर्मचारियों को समय पर वेतन तक नहीं मिल पा रहा है। भुट्टो ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनावों में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उनका कहना था कि कुटलैहड़ में भाजपा को 122 बूथों पर लगभग 15 हजार मतों की बात सुनिश्चित करनी है। भाजपा की असली जीत की नींव बूथस्तर पर मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं की सक्रियता है।



कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो के साथ संत महाराज।

उन्होंने केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर करना कार्यकर्ताओं का मुख्य कर्तव्य बताया। भुट्टो ने यह विश्वास जताया कि इस बार प्रदेश में भाजपा सरकार सत्ता में आएगी और कुटलैहड़ क्षेत्र का विकास नई गाथा लिखेगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड, उपाध्यक्ष व बीडीसी सदस्य राज कुमार मनकोटिया, सूरम सिंह, सतीश पटियाल, दिलवर सिंह, गुरनाम पठनिया, रणवीर सिंह व मंदिर के महंत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आज अनुराग करेंगे अंबेहड़ा चौक में जिम का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, जोल।** विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी की ग्राम पंचायत अंबेहड़ा धीरज में सोमवार को सुबह 9 बजे सांसद अनुराग ठाकुर जिम का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक चिंतपूर्णी बलवीर सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष शाम मिन्हास, चिंतपूर्णी लोअर मंडल अध्यक्ष विनय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी लोअर चिंतपूर्णी के उपाध्यक्ष योगराज जोगी ने दी।

## शिवसेना के प्रांतीय अध्यक्ष शिवदत्त को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, ऊना**

शिवसेना के दिवंगत प्रांतीय अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ को रविवार को उनके मैहतपुर स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर कई प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहे और उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश प्रवक्ता जया दत्ता अगले दो माह तक कार्यकारी अध्यक्ष रहेंगे। इस अवधि में साधारण सभा बुलाकर नए अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि शिवदत्त वशिष्ठ का निधन संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश अटवाल ने कहा कि वे सबके मार्गदर्शक रहे।

सचिव भाग सिंह ठाकुर ने उन्हें ऊर्जा का स्रोत बताया, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सोंधी ने उन्हें संगठन और समाज का प्रेरणापुंज कहा। सेवानिवृत्त ईटीओ सुखदेव शर्मा ने उन्हें नेकदिल और संस्कृति प्रेमी व्यक्ति बताया। सह सचिव राजीव मेनन ने उनके कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। जया दत्ता को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा।

## सदा शिव मंदिर तलमेहड़ा के मेले में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान, बढ़ही**

जोल उपतहसील के तहत सदा शिव मंदिर ध्यूंसर महादेव तलमेहड़ा में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में शामिल होने के लिए हिमाचल, पंजाब, रोहतक, फिरोजपुर, खन्ना, धुलेटा, हरियाणा के राज्यों से पहलवान पहुंचे। सदा शिव चैरिटेबल ट्रस्ट ध्यूंसर के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दंगल मेले में मुख्यातिथि चिंतपूर्णी क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू रहे।



सदा शिव मंदिर तलमेहड़ा के मेले में विजेता और उपविजेता को सम्मानित करते आयोजक।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने विधायक को शॉल व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं, दंगल मेले में मंदिर ट्रस्ट की ओर से क्षेत्र के बहु प्रतिष्ठित, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी लोगों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया गया, जो दंगल मेले की मुख्य शान बने रहे। दंगल का समापन देर शाम 51000 रुपए की इनामी कुश्ती के आखिरी मुकाबले के साथ हुआ। कुश्ती विजेता को 31 हजार और उपविजेता पहलवान को 20 हजार रुपए का नकद इनाम दिया गया। दंगल देखने सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटी रही। इस विशाल दंगल में विजेता व उपविजेता सभी सभी पहलवानों को मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा एवं ट्रस्टीज सदस्यों द्वारा घोषित नकद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, ग्राम पंचायत खरयालता प्रधान अशोक कुमार मोनू, ट्रस्टीस सुनील शर्मा, सुखदेव ठाकुर, मुकेश शर्मा, रिटायर्ड प्रवक्ता जीवन मोदगिल रौणखर आदि सैकड़ों की तादात में लोग मौजूद रहे।

## विधायक राकेश कालिया ने सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र से विधायक राकेश कालिया ने अपने निवास स्थान भंजाल में रविवार को जनसमस्याएं सुनी।

इस मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग, क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि और विभिन्न संगठनों ने विधायक के निवास स्थान पर पहुंचे और अपनी समस्याओं के बारे में विधायक को अवगत करवाया। विधायक राकेश कालिया ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही काफी समस्याओं को हल किया। टैक्सी चालकों का एक मंडल भी अपनी समस्या को लेकर विधायक से मिला और विधायक राकेश कालिया ने मौके पर ही टैक्सी चालकों की समस्या को सुलझाने के लिए संबंधित विभाग को उचित निर्देश जारी किए।

## केंद्र सरकार कर्मचारियों का एनपीएस का पैसा जल्द करे वापस: राजन शर्मा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने भारत सरकार से आग्रह किया कि कर्मचारियों का एनपीएस का पैसा हिमाचल सरकार को जल्द वापस किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर पैसे देने के लिए कोई कठोर नियम बनाया गया है, तो इसमें संशोधन किया जाए।

उन्होंने बताया कि आज स्थिति यह है कि कर्मचारियों को अपना एनपीएस का पैसे निकालने में बहुत असुविधा होती है क्योंकि इसको निकालने का नियम बहुत कठिन है। वहीं, अगर किसी कर्मचारी को पैसे की आवश्यकता है, तो वह अपने पैसे भी नहीं निकाल सकता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कर्मचारी ओल्ड पेंशन विरोधी नीति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सत्तारूढ़ हिमाचल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन दी है और प्रदेश के कर्मचारी ओल्ड पेंशन को कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने कर्मचारी हित का यह अनुकरणीय कार्य किया है। साथ ही राजन शर्मा ने सरकार से आग्रह किया कि कर्मचारियों का लंबित पड़ा डीए का भुगतान और स्कूल प्रिंसिपल की पदोन्नति सूची शीघ्र जारी की जाए। लेक्चरर संघ ने अपनी मांगों का एजेंडा तैयार किया है और काफी समय से लंबित पड़ी मांगों के बारे में एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश प्रधान अजय नेगी, मुख्य संरक्षक लोकेंद्र नेगी, महासचिव इंदर सिंह ठाकुर, चेयरमैन सुरिंदर पुंडीर, कार्यकारी प्रधान दीप सिंह खन्ना, चीफ मेंटर राजेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम, मुख्य सलाहकार चंद्रदेव, वित्त सचिव सुरजीत, मुख्य प्रेस सचिव जय, वाइस प्रेसिडेंट विकास रतन, वरुण लखनपाल व समस्त जिला प्रधानों के नेतृत्व में जल्द शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों, शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से भेंट करके लंबित पड़ी मांगों का एक ज्ञापन सौंपेगा।

**सुविधा** | विधायक ने पंचायत भवन का किया उद्घाटन, नई सड़क और पेयजल योजना की घोषणा की

# विवेक शर्मा ने ढ्यूंगली पंचायत को दी करोड़ों की सौगातें

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने ग्राम पंचायत ढ्यूंगली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में करोड़ों रुपए की विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने 35 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया, जिसे ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ने बही कोहड़ा से दहन को जाने वाली सड़क का भूमि पूजन भी किया, जो 90 लाख रुपए की लागत से बनेगी। इस सड़क के निर्माण से आसपास के गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, जो वर्षों से इस सुविधा की मांग कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, बही पंचायत में 60 लाख रुपए की लागत से एक और सड़क का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो चुका है। विधायक विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास के लिए सरकार और उनका संकल्प अडिग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य है



विधायक विवेक शर्मा 35 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन करते हुए।

कि हर गांव को सड़क सुविधा मिले और हर घर तक पक्का रास्ता पहुंचे। इसके साथ ही, उन्होंने ढ्यूंगली पंचायत के लिए 14 करोड़ रुपए की लागत से तर्कवाल से उठाऊ पेयजल योजना की स्वीकृति की घोषणा की। इस योजना से धुंधला जिला परिषद क्षेत्र की सभी पंचायतों के परिवारों को पेयजल की सुविधा मिलेगी, जिससे वर्षों से चली आ रही पानी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दे रही है और सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। इसलिए उनका प्रयास है कि हर पंचायत में संतुलित विकास हो। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में कुटलैहड़ क्षेत्र विकास की दृष्टि से एक आदर्श क्षेत्र बनेगा। कार्य, म में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, बीडीओ बंगाणा सुशील कुमार, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, जिला पार्षद सत्या देवी, स्थानीय प्रधान कमल राणा और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

## निजी आय से जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने एक बार फिर मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश की है। उन्होंने अपनी निजी आय से जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान कर जनप्रतिनिधि की भूमिका को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा है। विधायक ने हटली पंचायत के गांव रिवाड़ की शीला देवी को व्हीलचेयर भेंट की, जिससे उन्हें चलने-फिरने में राहत मिलेगी। मंदली पंचायत के प्रमोद कुमार को गंभीर बीमारी के इलाज के लिए 10,000 की आर्थिक मदद दी गई। वहीं, लठियानी के सोहारी गांव के एक बीमार युवक को चलने में सहूलियत के लिए वॉकर प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, धनेत पंचायत के गांव घनेटी में बारिश के चलते गिरे मकान का जायजा लेने विधायक स्वयं मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट सरकार को भेजी जा रही है। विधायक ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि कुटलैहड़ का कोई भी गरीब परिवार पढ़ाई, दवाई या जरूरी सुविधाओं से वंचित न रहे।

## सोनीपत के पहलवान विजेता, जस्सा उपविजेता

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बढ़ही।** बहेड़ी गांव, उप तहसील जोल अंतर्गत गोगा जाहरवीर मंदिर में आयोजित वार्षिक दंगल मेले में इस बार भी उत्साह और प्रतिस्पर्धा की गूंज गूंजी।

इस प्रतिष्ठित आयोजन के मुख्यातिथि महालक्ष्मी इंडस्ट्री, अंबेहड़ा के उद्योगपति व समाजसेवी योगराज जोगी रहे, जिन्होंने पदाधिकारियों द्वारा पगड़ी और शॉल पहनाकर सम्मानित किए गए। इस दंगल में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, कुरुक्षेत्र सहित कई राज्यों के नामी-गिरामी पहलवानों ने कुश्ती के कुशल पेंच और दांव-भरे मुकाबलों में अपनी शक्ति और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन समिति के उपप्रधान अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष रिंपल कुमार, सदस्य रमेश कौर, बीना देवी, विवेक धीमान, सुभाष गर्ग, अमरजीत सिंह और संजीव कुमार सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्थाओं को बेहतरीन तरीके से संचालित किया। दंगल फाइनल की कुल



विजेता और उपविजेता पहलवानों को आयोजक सम्मानित करते हुए।

पुरस्कार राशि 51,000 रही। सोनीपत से आए पहलवान विकास विजेता रहे और डेरा बाबा नानक (बटाला) से जस्सा पट्टी उपविजेता बने। विजेता विकास को कमेटी की ओर से 31,000 नकद प्रदान की गई, जबकि उपविजेता जस्सा पट्टी को 21,000 से सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि ने आयोजकों को अपनी ओर से 21,000 की राशि भेंट की और क्षेत्रीय खेल एवं संस्कृति को बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा, मेले और दंगल हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं; ये खेल न केवल शरीर को शक्तिशाली बनाते हैं, बल्कि समाज में मानसिक और नैतिक विकास भी सुनिश्चित करते हैं। स्थानीय और दूर-दराज से आए दर्शक तथा श्रद्धालुओं ने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया, जिससे यह मेला का प्रसार क्षेत्रीय उत्सव और एकता का प्रतीक बन गया।

# फाटी रोट में बरसात पड़ी भारी, दर्जनों मकानों में आई दरारें

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज तहसील में फाटी रोट क्षेत्र में लगातार हुई मूसलाधार वर्षा से स्थिति भयावह हो गई है। भूस्खलन के चलते कई घरों में दरारें पड़ गई हैं, पेयजल स्रोत दब गए हैं और बावड़ियां सूख गई हैं। ग्राम पंचायत प्रधान मोहर सिंह ने सीधे एनएचपीसी को दोषी ठहराया है।

उन्होंने कहा कि पिन पार्वती नदी से हो रहे कटाव के कारण गांव का जमीन व घर खतरे की सीमा पर पहुंच गए हैं। हाल हाल में ही 11 घरों को भूस्खलन के कारण खाली कराना पड़ा था, जो इस क्षेत्र की गंभीर स्थिति को दर्शाता है। नायब तहसीलदार हीरालाल नलवा और प्रधान ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है, लेकिन समस्या अभी तक जारी है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि यह क्रम इसी तरह जारी रहा, तो और विस्थापन की नौबत आ सकती है और एनएचपीसी के खिलाफ कदम उठाने की चेतावनी भी दी गई है। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि भूस्खलन रोकने के लिए त्वरित राहत और पुनर्वास उपाय शुरू किए जाएं। उन्होंने लोक संपर्क विभाग को निर्देश देने की भी गुहार लगाई है ताकि क्षेत्र को भारी नुकसान से बचाया जा सके।

## बशौणा नाले ने फिर दिखाया रौद्र रूप

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर तहसील के अंतर्गत पड़ने वाली बशौणा पंचायत में रविवार सुबह भारी बारिश से बशौणा नाले ने अपना रौद्र रूप दिखाया। प्रदेश भर में बादल फटने की घटनाओं से लोग अब बारिश और बादलों की गर्जना से घबरा जाते हैं। पहली बार बशौणा नाले का रौद्र रूप देख ग्रामीण सहम गए। नाले ने जहां गांव का संपर्क मार्ग तोड़ दिया। वहीं, फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। यह भी देखा गया कि नदी-नाले अपना पुराना स्थान ले रहे हैं, अगर नाले को जाने को जगह नहीं बची, तो फिर जहां मर्जी से निकलेंगे फिर नुकसान तो होगा ही। वहीं ग्राम पंचयात बशौणा के प्रधान महेंद्र ठाकुर ने बताया कि नाले में आए पानी व मलबे ने लोगों की फसल बरबाद कर दी है। खोला आगे से बशौणा व दुर्गा सिंह के घर से पिपला-आगे तक का रोड पूरी तरह खराब हो गया। इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। प्रधान ने प्रशासन से आग्रह किया कि नाले में प्रोटेक्शन वॉल व सड़क सुधार का कार्य जल्द किया जा सके।



## खतरे की जद में खणीधार गांव

**अनंत ज्ञान, सैंज।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी में भी बारिश और लगातार जगह-जगह हो रहे भूस्खलन के कारण लोगों की दिक्कतें दिन-प्रतिदिन दिक्कतें बढ़ रही हैं। घाटी के बनोगी कोठी का खणीधार गांव भूस्खलन के कारण खतरे की जद में आ गया है। इस कार्ब किसान बागवान पीठ पर अपने उत्पाद ढोने को मजबूर हैं, लेकिन पैदल रास्ता भी कीचड़ और खतरे से खाली नहीं है, जिस कारण हादसे का खतरा बना हुआ है। संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि भारी बारिश से खणीधार गांव में 2023 की भारी बारिश से गांव को खतरा हो गया था और इस बार भी बारिश से गांव को और अधिक खतरा बढ़ गया है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से आग्रह किया है कि भू वैज्ञानिकों की टीम को इस गांव में भेजा जाए जिससे इस गांव को बचाने का प्रयास किया जाए। वहीं, घाटी के न्यूली-शैंशर रोड में छोटे बड़े सभी वाहनों के लिए आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। न्यूली-शैंशर रोड में चनाहिड़ी कैंची के पास डंगा गिरने से सभी छोटे-बड़े वाहनों के लिए रोड पूरी तरह से बंद हो चुका है। इससे ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सेब का सीजन जोरों पर है और सड़क बंद है। इससे बागवानों को बहुत नुकसान हो रहा है। स्थानीय जनता बुजुर्गों व स्कूली बच्चों को आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार व विभाग से इस डंगे को जल्द लगाने का आग्रह किया है।

## बारिश से बढ़ा नदी-नालों का जलस्तर, लोगों में दहशत

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले में पिछले कई घंटों से हो रही लगातार बारिश ने नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा दिया है, जिससे लोगों में डर का माहौल है। पतलीकूहल से आलू ग्राउंड तक के इलाकों में रहने वाले लोग खासकर चिंतित हैं। प्रशासन ने अभी तक ब्यास नदी में खतरे जैसी कोई स्थिति नहीं बताई है।

पतलीकूहल बाजार के दुकानदार और निवासी लगातार ब्यास नदी पर नजर रखे हुए हैं। वे खुद जाकर या फोन पर अपने परिचितों से जलस्तर की जानकारी ले रहे हैं। लोगों का कहना है कि पिछले साल की भयावह बाढ़ को देखते हुए अब हर बारिश उन्हें सतर्क कर देती है। 1995, 2018, 2023 और 2024 की बाढ़ की यादें लोगों के मन में ताजा हैं, जब ब्यास नदी ने विनाशकारी रूप धारण कर लिया था और बाजार, घरों और सड़कों को भारी नुकसान पहुंचाया था। एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने बताया कि जिले में लगातार बारिश के कारण अलर्ट जारी कर दिया गया है। उन्होंने लोगों से नदी-नालों से दूर रहने और जोखिम न लेने की अपील की है। राजस्व विभाग और आपदा प्रबंधन की टीमें भी पूरी तरह से अलर्ट पर हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। प्रशासन ने खासकर नदी किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। साथ ही, पंचायत प्रतिनिधियों से भी कहा गया है कि वे स्थिति पर नजर रखें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

# सरसाडी के पास बस व कार पर गिरी चट्टान, व्यक्ति घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के भुंतर-मणिकर्ण सड़क मार्ग स्थित छन्नीखोड़ के पास पर जहां बीते दिन एक निजी बस मलबे व कीचड़ में फंस गई थी और अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर निकल गई थी। वहीं, रविवार को इसी सड़क मार्ग पर एक और हादसा पेश आया।

भुंतर-मणिकर्ण मार्ग में सरसाडी के पास एक बस और एक कार पर पहाड़ी से चट्टानें गिर गईं। इस हादसे में एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि उसके सिर पर चोटें आई हैं। व्यक्ति को एक निजी वाहन के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया। यह हादसा उस समय हुआ, जब एक निजी बस मणिकर्ण की तरफ जा रही थी कि सरसाड़ी के पास अचानक पहाड़ी से चट्टानें गिर गई। इससे एक चट्टान बस के भीतर जा घुसी। इस दौरान बस के साथ-साथ एक छोटी कार पर भी चट्टानें गिरी हैं। घटना में एक कार को भी नुकसान पहुंचा है। सनद रहे कि भुंतर-मणिकर्ण सड़क की जहां हालत बेहद खस्ता है। वहीं, भूस्खलन के कारण सड़क पर खतरा और बढ़ गया है। इस सड़क पर सफर बेहद खरनाक हो गया है। घाटीवासियों के अनुसार रोजाना इस सड़क पर सैकड़ों स्थानीय व बाहरी राज्यों के लोग सफर करते हैं, लेकिन सड़क खस्ताहाल होने के कारण वाहनों को जहां नुकसान पहुंचता है। वहीं, यह सड़क हादसों को भी न्योता दे रही है। स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार व स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर से भुंतर-मणिकर्ण सड़क की हालत सुधारने की मांग की है।

# भूस्खलन से शिल्हा गांव खतरे में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मणिकर्ण का शिल्हा गांव खतरे में आ गया है। गांव के नीचे भूस्खलन हो रहा है।

यह लगातार बढ़ रहा है। अब गांव के पास दरारें आनी शुरू हो गई हैं। इससे गांव के लोगों में खौफ का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार वर्ष 2023 की बाढ़ में पार्वती नदी के तेज बहाव से भूमि कटाव हुआ था। इस कारण भूस्खलन शुरू हुआ था। वर्ष 2024 में भूस्खलन थम गया था, लेकिन इस बार बरसात में एक बार फिर भूस्खलन जारी हो गया है। इस कारण बरशैणी पंचायत के शिल्हा गांव के 135 परिवार खतरे में पड़ गए हैं। गांव के लोगों का कहना है कि वर्ष 2023 में शुरू हुए भूस्खलन के बाद हालांकि जलशक्ति विभाग के अधिकारियों ने इसे रोकने के लिए प्राक्कलन बनाना शुरू किया था, लेकिन अभी तक यह प्राक्कलन सिरे नहीं चढ़ पाया है। भूस्खलन नदी से शिल्हा गांव की ओर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में शिल्हा के लोगों ने जिला प्रशासन, जलशक्ति विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि गांव को भूस्खलन के खतरे से रोकने के लिए नदी के किनारे सुरक्षा दीवार लगाई जाए, जिससे गांव पर मंडरा रहा खतरा कम हो सके।

## मनाली में कल हरितालिका तीज मनाएगा नेपाली समुदाय

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में मंगलवार को नेपाली समुदाय हरितालिका तीज धूमधाम से मनाएगा। एसडीएम मनाली रमण शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। दोपहर बाद अन्य मुख्यातिथियों के भी कार्यक्रम में आने की उम्मीद है। मनु रंगशाला में दिन भर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। उत्सव के सफल आयोजन को लेकर रविवार को मनाली में मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज की बैठक अध्यक्ष साइला लामा की अध्यक्षता में हुई।

संगठन के अध्यक्ष साइला लामा ने कहा कि नेपाली संगठन मिल-जुलकर मंगलवार को हरि तालिका मनाने जा रहा है। उन्होंने बताया कि एसडीएम मनाली रमण कुमार मुख्यातिथि होंगे और कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करेंगे। सायला ने कहा कि नेपाली समुदाय घर से मीलों दूर भी अपनी संस्कृति को संजोने का प्रयास कर रहा है। साइला ने कहा कि मनाली-कुल्लू संगठन में सदस्यों की संख्या 2000 से अधिक है। उन्होंने नेपाली मूल के समस्त लोगों सहित कुल्लू मनाली के लोगों से आग्रह किया कि हरि तालिका तीज में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस दिन नशे का सेवन न करें और उत्सव में शांति व्यवस्था बनाए रखें। इस दौरान उपाध्यक्ष रतन लाल, महिला अध्यक्ष विष्णु शर्मा, मुस्कान अत्री, सानुमाया, हरीश कुमार, शेर कुमार लामा व राम बहादुर ने भी सफल आयोजन को लेकर विचार रखे।

# विधायक अनुराधा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने रविवार को भारी बारिश के बीच मयाड़ घाटी के उरगौस गांव का दौरा किया। हाल ही में आई बाढ़ से यहां पुल बह गया था और खेतों व गांव में मलवा भर गया था। विधायक ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर हालात की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि हर समस्या के समाधान के लिए सरकार व प्रशासन पूरी तरह प्रयासरत है। विधायक ने बताया कि बाढ़ आने के दूसरे ही दिन प्रशासन को मौके पर भेज दिया गया था।

खेतों को बचाने और लोगों को राहत देने के लिए जहां-जहां पुल बह गए हैं, वहां तुरंत गाड़ियां चलाने योग्य रास्ते तैयार किए गए हैं। साथ ही पैदल आवाजाही के लिए पुलियों का निर्माण करवाया गया है। धौडल नाले पर झूला पुल भी तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित स्थानों पर तीन जगह मशीनरी तैनात की गई हैं, ताकि सड़क बंद होने की स्थिति में तुरंत बहाल की जा सके। मौसम अनुकूल होते ही स्थायी निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि लोगों के सुख-दुख में वह हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। आपदा से प्रभावित हर गांव को जल्द राहत और स्थायी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस मौके पर विधायक के साथ जिला परिषद चेयरमैन वीना, बीडीसी उपाध्यक्ष दिलीप, जिला परिषद सदस्य छेजांग डोलमा, प्रधान तिंगरेट पंचायत अनीता, टिंडी पंचायत प्रधान कमला ठाकुर, अनिल ठाकुर, गोपाल शाशनी, जिगमेध नौरबू मौजूद रहे। विभागीय स्तर पर पीडब्ल्यूडी एक्सइएन पवन राणा, तकनीकी विंग के एसडीओ व जेई, आईपीएच विभाग, राजस्व विभाग और पंचायतीराज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे।



लाहौल-स्पीति की विधायक मयाड़ में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते हुए।

## भुवनेश्वर गौड़ ने विस में उठाया होम स्टे और होटल एनओसी का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने विधानसभा के मौजूदा मानसून सत्र के दौरान होटल और होम स्टे मालिकों को आ रही समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि पंजीकरण और नवीनीकरण में देरी का मुख्य कारण अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने की अनिवार्यता है। इस कारण क्षेत्र में बड़ी संख्या में होम स्टे और होटल पंजीकरण लंबे समय से लंबित पड़े हैं। विधायक गौड़ ने सदन को याद दिलाया कि उन्होंने तीन-चार महीने पहले भी यह मुद्दा उठाया था, जिस पर सरकार ने नियमों की समीक्षा के लिए एक समिति बनाने का आश्वासन दिया था। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि उस आश्वासन के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस निर्णय क्यों नहीं लिया गया। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने विधायक के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यह मुद्दा सरकार के विचाराधीन है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार जल्द ही इस पर निर्णय लेगी, ताकि होम स्टे और होटल संचालकों को राहत मिल सके। विधायक के इस कदम से मनाली के होटल और होम स्टे मालिकों में उम्मीद जगी है कि सरकार जल्द ही कोई समाधान निकालेगी, जिससे उनका काम सुचारू रूप से चल सकेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शारीरिक दक्षता परीक्षा व काउंसिलिंग आज व कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के प्रवेश द्वार भुंतर स्थित रामेश्वरी अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान शाढ़ाबाई में बीपीएड सत्र 2025-27 के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा व काउंसिलिंग का प्रथम चरण 25 एवं 26 अगस्त को निर्धारित किया गया है। यह जानकारी संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने दी। उन्होंने जानकारी देते हुए सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वे निर्धारित तिथियों पर आवेदन करें और काउंसलिंग में उपस्थित हों। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी संस्थान के प्रशासनिक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### वीरेंद्र प्रधान और प्रो. दीप लाल सचिव बने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में रविवार को पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. सोम किशन शर्मा ने पिछले शैक्षिक सत्र के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। निर्वाचन अधिकारी डॉ. रामनाथ ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए पीटीए के समस्त पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। इस दौरान वीरेंद्र शर्मा को प्रधान, राकेश सुल्तान को उपप्रधान, प्रो. दीप लाल को सचिव, मोहन बाली को संयुक्त सचिव और पुरूषोत्तम चंदेल को खजांची चुना गया। इसी प्रकार, सुजाता शर्मा, बीर सिंह, बुद्धि सिंह, जयनंद, डॉ. सुमित, डॉ. बबली जोशी, डॉ. अश्वनी, डॉ. संतोष और डॉ. मोनिका को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। प्राचार्य ने नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाई दी तथा कॉलेज के विकास में सहयोग करने की अपेक्षा की।

## मनाली में 50 लोगों ने रक्तदान कर महादान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, मनाली**

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इकाई द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

यह शिविर राज योगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि और विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। मनाली के 50 लोगों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। सिविल अस्पताल मनाली से डॉ. अंचित, डॉ. पिया व नप प्रधान मनोज लारजे, पूर्व नप अध्यक्ष चमन कपूर, रोटरी क्लब की अध्यक्ष अमिता ठाकुर, निदेशक अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान अविनाश नेगी सहित बीआरओ के अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। सामाजिक संस्था री-इमेजिन जिंदगी व रोटरी क्लब मनाली ने शिविर को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया। नगर परिषद अध्यक्ष मनोज व पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि रक्तदान से शरीर स्वस्थ रहता है और यह सबसे महत्वपूर्ण दान है। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इकाई मनाली की प्रभारी संध्या बहन ने कार्यक्रम के उद्देश्य को विस्तार से बताया। रक्तदान करना सबसे बड़ा दान है और इससे बड़ा कोई दूसरा दान नहीं है। उन्होंने कहा कि संस्था के समाज सेवा प्रभाग ने देशभर में एक लाख यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा है।

## हाथीथान में वन भूमि पर अतिक्रमण हटाया जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बड़ा भुईन के हाथीथान क्षेत्र में एक परिवार द्वारा लगभग छह बीघा सरकारी वन भूमि पर व्यापक रूप से अतिक्रमण किए जाने की शिकायत स्थानीय लोगों ने प्रशासन के समक्ष की है।

गांव के रास्ते को भी अवरोधित कर उस पर भवन निर्माण किया गया है, जिससे ग्रामीणों की आवागमन समस्याएं और बढ़ गई हैं। स्थानीय प्रतिनिधिमंडल, जिसका नेतृत्व कशावरी पंचायत के पूर्व प्रधान सर्वदयाल ने किया, उसमें उपप्रधान श्याम दास महंत, हरदीप सिंह, देवी सिंह, प्रेम सिंह, प्रकाश ठाकुर, वाला दत्त, धनवीर जन्मवाल, शिव चंद चंदेल, खुशहाल सिंह, मेघ सिंह और अन्य क्षेत्रीय लोग शामिल थे। उन्होंने नायब तहसीलदार के माध्यम से तहसीलदार भुंतर को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग की। प्रतिनिधियों का आरोप है कि शिकायतें जिला प्रशासन तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। तहसीलदार भुंतर नितेश ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में है और उच्च न्यायालय ने भी तथ्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मामले पर नियमानुसार जल्द ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# भुंतर सुधार समिति ने रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



भुंतर सुधार समिति सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहती है। वहीं, पर्यावरण को लेकर भी बहुत ही सराहनीय भूमिका निभा रही है। समिति के सदस्यों ने रविवार सुबह ही पार्वती वन मंडल के हुरला रेंज भुईन-ठेला बीट की पहाड़ीयों में लगभग 105 पौधे रोपे।

रविवार को छुट्टी का दिन होता है, लोग देर तक आराम फरमाते हैं, लेकिन भुंतर सुधार समिति की टीम बदलते पर्यावरण को लेकर इंतनी चिंतित है कि सुबह 6 बजे ही घर से निकल कर जंगल की ओर पौधरोपण के लिए निकल जाती है। रविवार को मौसम खराब था हल्की हल्की बारिश लगी थी, लेकिन समिति के मेंबरों के हौंसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने बारिश में भी पौधरोपण कर पर्यावरण की अलख जगाई। भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष रोशन लाल, फाउंडर मेंबर मेघ सिंह कश्यप, कोषाध्यक्ष ऋषि राज, सहकोषाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, सहसचिव झावे राम, मीडिया प्रभारी पूर्ण ठाकुर, सदस्य संजू आदि ने बताया कि समिति पहले भी इस एरिया में पौधे लगा चुकी है। साथ उन पौधों की देखेरेख भी करती है। समिति ने पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण की मुहिम को लगातार जारी रखा है। इनका कहना है कि समिति ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर हरियाली रोपने की छोटी सी मुहिम छेड़ी है। भूईन ठेला की ऊंची पहाड़ी को हराभरा करने को पौधरोपण किया जा रहा है। समिति के मेंबर एक अच्छी सोच को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। समिति द्वारा दियार, बान, दाडू आदि के पेड़ रोपे जा रहे हैं। वहीं, यादगार के तौर पर दो पीपल के पेड़ भी यहां रोपित किए हैं, जो अन्य पौधों के साथ अच्छी ग्रोथ कर रहें हैं। पौधों की देखभाल के लिए भी समिति के सदस्य समय निकाल रहे हैं और उन्हें जरूरत पड़ने पर पानी भी दिया जाता है। समीति के सदस्यों का कहना है कि पर्यावरण को बचाए रखने के लिए हम सभी को आगे आना होगा और जहां भी खाली धरती है, वहां पर पेड़-पौधे लगाने होंगे। जंगलों को आग से बचाना होगा। देश में विकास कार्य होने चाहिए, लेकिन अवैज्ञानिक तरीके से निर्माण न हो, नदी-नालों का रास्ता न रोके। हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिस हिसाब से क्लाइमेट चेंज हो रहा है, उस हिसाब से आने वाला समय बहुत भयानक होगा।

# कांग्रेस की लापरवाही से वर्ष 2023 की आपदा के घाव नासूर बने : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

**भूस्खलन से उजड़ते गांव कांग्रेस सरकार बेपरवाह**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि वर्ष 2023 की बरसाती आपदा से हुए नुकसान के घाव आज भी भर नहीं पाए हैं और इस वर्ष अब तक हुई बरसात से वे जनता के लिए नासूर हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार की बेफिक्री और लापरवाही के कारण क्षेत्र के कई गांव पूरी तरह उजड़ने की कगार पर पहुंच गए हैं।



विधायक शौरी ने कहा कि अगस्त का महीना समाप्त होने को है, लेकिन बरसात का दौर अब भी जारी है। हर बारिश के बाद प्रदेश के किसी न किसी हिस्से से नुकसान की खबरें लगातार आ रही हैं। 25 जून से शुरू हुई तबाही की यह शृंखला आज बंजार विधानसभा क्षेत्र में आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर चुकी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की बरसात से क्षेत्र में अभूतपूर्व नुकसान हुआ है। मकान, जमीनें, बगीचे, सड़कें और सरकारी संपत्ति बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई गांव उजड़ने की स्थिति में पहुंच गए हैं। वर्ष 2023 की बरसात से भूस्खलन प्रभावित गांव सारी, बंदल, वर्डा, शराई, गलवाहधार आज पूरी तरह से उजड़ने की कगार पर हैं। विधायक शौरी ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार 2023 की आपदा से सबक लेने में नाकाम रही है। यदि आपदा के तुरंत बाद ठोस कदम उठाए जाते और सड़कों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक बचाव कार्य किए जाते, तो जनता को आज इस भयावह स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता।

उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का खतरा आकलन करवाकर त्वरित राहत एवं पुनर्वास कार्य शुरू करे, ताकि प्रभावित जनता को सुरक्षित आश्रय और जीवनयापन की सुविधा मिल सके।

**उत्सव** भगवान त्रिलोकीनाथ के प्रांगण में बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर रवाना हुए सैकड़ों श्रद्धालु

# बारिश में भी कम नहीं हुई आस्था, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के त्रिलोकीनाथ में हर साल की तरह इस बार भी पोरी मेले की खूब धूम रही। मेले के आखिरी दिन रविवार को भगवान त्रिलोकीनाथ के प्रांगण में आस्था का सैलाब उमड़ा।

भारी बारिश के बीच सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर धार्मिक स्थल मणिमहेश यात्रा पर निकले। सुबह से ही भगवान त्रिलोकीनाथ का प्रांगण श्रद्धालुओं से भर गया। मणिमहेश जाने वाले यात्रियों का जत्था जैसे ही मंदिर में पहुंचा, तो मंदिर का प्रांगण मणिमहेश की जय व भोले नाथ की जय से गूंज उठा। देव खेल व आस्था के इस अनूठे देव कार्यक्रम में घाटी के हजारों लोग उमड़े। मणिमहेश यात्रा के श्रद्धालुओं को त्रिलोकनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हजारों लोगों ने जयकारों के बीच विदाई दी। सैकड़ों शिव भक्त मणिमहेश झील में पवित्र स्नान की इच्छा से राशेल तथा कुगति दर्रा से 5 दिन लगातार पैदल यात्रा कर झील में पहुंचेंगे।



पोरी मेले के अंतिम दिन भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा के लिए रवाना होता श्रद्धालुओं का जत्था।

लाहौली जन समुदाय में भगवान शिव के प्रति अपार श्रद्धा है और ये यात्रा डढ़ी यात्रा के नाम से प्रसिद्ध है। श्रद्धालुओं में मान्यता है कि राधा अष्टमी के दिन जब सूर्य देव की पहली किरण झील के जल में पड़ती है, तो झील का पानी अमृत समान हो जाता है और इस जल में स्नान करने से समस्त पापों से छुटकारा मिल जाता है तथा विभिन्न रोगों से मुक्ति मिलती है। श्रद्धालु प्रथम दिन सेंधवाड़ी में विश्राम कर दूसरे दिन खोड़देव पधर पहुंचेंगे। यहां पहुंच कर शिव व दुर्गा माता की पूजा-अर्चना बाद अलियास रात्रि विश्राम करेंगे। तीसरे दिन ग्रेचु नामक कठिन चढ़ाई चढ़ कर कुगती जोत पार कर केलिंग वजीर पहुंचेंगे। पूरे यात्रा मार्ग में यात्री कैलाशपति की जय, माता मराली की जय, खोलडुवासी की जय, जोतां वाली की जय, ऊंचे कैलाश की जय आदि जयघोष के साथ अपनी थकान को भुला कर लगातार आगे बढ़ेंगे। चौथे दिन दुर्गम नालों, हिमनदी, पहाड़ियों व ग्लेशियरों के ऊपर से हनुमान झील में ठहराव करेंगे। पांचवें दिन गौराजा चौगान व डढ़ी का दर्रा होते हुए श्रद्धालु मणिमहेश झील पहुंचेंगे और पवित्र स्नान करेंगे।

# नेत्र रोग से संबंधित 300 से अधिक मरीजों की जांच की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर कार सेवा दल कुल्लू के तत्वावधान में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा अखाड़ा बाजार कुल्लू में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का आयोजन रघुनाथ हॉस्पिटल, कुल्लू एवं रोटरी आई हॉस्पिटल, कुल्लू के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में रघुनाथ हॉस्पिटल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय सहाय, स्त्री रोग व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. ललिता बंसल तथा शल्य चिकित्सक डॉ. नासिर अली ने मरीजों को परामर्श दिया। वहीं, रोटरी आई हॉस्पिटल कुल्लू से नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रो. डॉ. सुखदेव ने नेत्र संबंधी जांच एवं उपचार सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में हड्डी रोग, स्त्री रोग, शल्य चिकित्सा और नेत्र रोग से संबंधित 300 से अधिक मरीजों की जांच की गई और आवश्यक दवाइयां निशुल्क वितरित की गईं। इस आयोजन को सफल बनाने में रघुनाथ हॉस्पिटल और रोटरी आई हॉस्पिटल की मेडिकल व नर्सिंग टीमों ने अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही कार सेवा दल, कुल्लू की प्रबंधन टीम ने आयोजन, व्यवस्था और जनसमन्वय में सक्रिय योगदान दिया। आयोजकों ने कहा कि समाज की सेवा के उद्देश्य से इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### नेगी ने एमपीएमसी परवाणू संयंत्र का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने सोलन के परवाणू में हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) के फल विधायन संयंत्र का निरीक्षण किया।बागवानी मंत्री ने फल विधायन संयंत्र में जूस तैयार करने के कार्य का अनुश्रवण किया और अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सफाई, स्वच्छता एवं शुद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एचपीएमसी को अपने जूस एवं अन्य उत्पादों की गुणवत्ता के लिए जाना जाता है और यह सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए कि उत्पादों की गुणवत्ता यथावत बनी रहे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि एचपीएमसी के परवाणू स्थित संयंत्र को सतत् क्रियाशील रखा जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर ट्रांसपोर्टर एवं अन्य के साथ बातचीत की और विभिन्न समस्याओं का समयबद्ध निपटारा करने का आश्वासन दिया। एचपीएमसी के अधिकारियों ने बागवानी मंत्री को संयंत्र में विभिन्न उत्पादों के उत्पादन, गुणवत्ता प्रबंधन, पैकेजिंग और उत्पाद ढुलाई की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त परवाणू प्रोटोकॉल शैफाली शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक मेहर पंवार, एचपीएमसी की सहायक लेखा अधिकारी मोनिका कश्यप, एटीओ अंकिता सूद सहित संयंत्र के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### मेधावी विद्यार्थियों को 50 स्कूल बैग दिए

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रोटरी क्लब नाहन द्वारा नन्हे दीपक स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम का दूसरा चरण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय लाल पीपल और मोगीनंद-2 में हुआ। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मनीष जैन ने बताया कि ये दोनों विद्यालय आंतरिक (इंटीरियर) क्षेत्र में स्थित हैं। इस अवसर पर एनलोवा फार्मा के जीएम राजीव तिवारी मुख्यातिथि रहे। मेधावी विद्यार्थियों को 50 स्कूल बैग, पानी की बोतलें और पेन प्रदान किए गए। सभी विद्यार्थियों को जलपान भी दिया गया। रोटरी क्लब नाहन से सुरेंद्र राणा, राकेश मल्होत्रा, रमन चुघ, अशोक सिकंद, सुनील शर्मा और बलदेव कक्कड़ उपस्थित रहे। विद्यालय की अध्यापिकाओं ममता, अंजना और मीनू ने रोटरी क्लब नाहन का धन्यवाद किया।

### हरितालिका तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान, राजगढ़।** गोरखा एसोसिएशन राजगढ़ द्वारा पैराडाइज इन होटल में हरितालिका तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेनू ठाकुर मुख्यातिथि रहीं, जबकि अरुण चौहान महामंत्री भाजपा मंडल पच्छाद और गोरखा संगठन सिरमौर के संस्थापक कर्ण बहादुर राणा की धर्मपत्नी गीता राणा ने भी विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम में गोरखा समुदाय की बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर आई महिलाओं ने गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्सवमय बना दिया। साथ ही पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार तीज पर्व की पूजा-अर्चना भी की गई। मुख्यातिथि ने गोरखा समाज की एकजुटता और संस्कृति संरक्षण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवित रखते हैं। महोत्सव के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। इसमें बच्चों और महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान वीरेंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राजगढ़ में इस पर्व का आयोजन प्रथम बार हुआ है और एसोसिएशन का प्रयास रहेगा कि हम हर वर्ष इस तुहार को बढ़-चढ़कर मनाएं।

### श्री ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर कीर्तन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा दड़ी साहिब के प्रधान भूपिंद्र सिंह ने बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व हर साल की हर साल की भांति इस साल भी बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 22 अगस्त को अखंड पाठ साहिब शुरू हुए। 23 अगस्त को निशान साहिब के वस्त्र बदलने की सेवा की गई और 24 अगस्त को अखंड पाठ साहिब के संपूर्णता के भोग डाले गए तथा कीर्तन तथा कथा दरबार गुरुद्वारा श्री दड़ी साहिब में सजाए गए। इस कीर्तन दरबार में सबसे पहले विशेष तौर से आए हुए संत बाबा मानसिंह ने शिरकत की और उनके जत्थे से भाई जोगा सिंह ने रस भरा कीर्तन किया। तत्पश्चात भाई जसपाल सिंह अकालगढ़ वाले और उनके साथियों ने अपने कीर्तन से संगत का मन मोह लिया। तत्पश्चात कथा वाचक भाई नरेंद्र सिंह चहल ने कथा के द्वारा गुरबाणी के गहरे अर्थ समझाते हुए संगत को गुरबाणी के साथ जोड़ा। तत्पश्चात गुरु घर के रागी भाई मदन जीत और उनके साथियों ने कीर्तन के द्वारा समा बांध दिया और अंत में बाबा वरिंदर सिंह गुप्तसर वाले बाबा ने धारणा में शब्द गायन करते हुए संगत को प्रभु स्तुति में लीन किया और इस तरह कीर्तन दरबार की संपूर्णता अरदास के साथ हुई। इस मौके पर सुबह से ही गुरु का लंगर अटूट चला रहा।

### बाइकर रैली से दी वीर जवानों को श्रद्धांजलि

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के शताब्दी समारोह की श्रृंखला में रविवार सांय चंडीगढ़ से चली बाईकर रैली चायल पहुंची। अंतिम चरण में चंडीगढ़ से यह रैली जरनल दयाल के आवास से उनकी बेटी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। यह रैली राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के दिवंगत पूर्व विद्यार्थियों एवं स्टाफ की स्मृति को समर्पित रही। एलुमनाई एसोसिएशन की आयोजित इस रैली का 'एक राइड बिछड़े साथियों और स्टाफ के नाम' शीर्षक था। इसका उद्देश्य स्कूल के वीर नायकों, जिनमें कैप्टन जीएस सलारिया परम वीर चक्र और लेफ्टिनेंट जनरल रंजीत सिंह दयाल एमवीसी सहित सभी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। इस स्मृति यात्रा में कुल 20 जॉर्जियन राइडर्स ने भाग लिया। रैली 21 अगस्त को दिल्ली से शुरू हुई। यहां राष्ट्रीय समर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद यह पठानकोट और पंचकूला होते हुए आगे बढ़ी। रविवार को इसे पिंजौर से रवाना किया गया। पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित लेफ्टिनेंट जनरल रंजीत सिंह दयाल एमवीसी के निवास पर रैली रुकी और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व मनाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व गुरुद्वारा सिंह सभा सपरून में बड़े ही श्रद्धा भाव व हर्षों उल्लास के साथ मनाया गया। इसमें सभी धर्म के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सहज पाठ के भोग डाले गए। इसके उपरांत कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। कीर्तन दरबार में सुखमणि कमेटी सहित रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी का कीर्तन गायन किया गया और गुरबाणी विचार साझा किए गए। इस अवसर पर लंगर कई आयोजन किया गया। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी भाई गुरप्रीत सिंह ने बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब सिख धर्म का पवित्र ग्रंथ है। इसमें सिख गुरुओं और अन्य संतों की वाणी संकलित है। इसका प्रकाश पहली बार 1604 में अमृतसर साहिब में हुआ था। गुरु अर्जुन देव ने इसकी संकलन की और इसमें गुरु नानक देव से लेकर गुरु अर्जुन देव तक की वाणी शामिल है आज ही के दिन पहली बार हुकमनामा लिया गया था।

# ऑपरेशन के सामान की एवज में सोलन हॉस्पिटल पर 3.72 करोड़ की देनदारी

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में हिमकेयर और आयुष्मान भारत कार्ड धारक उपभोक्ताओं के मुफ्त में होने वाले ऑपरेशन पर फिलहाल ब्रेक लग गई है। यानी अब रोगी को ऑपरेशन का सामान खुद खरीदना पड़ेगा। कारण है कि बढ़ती लेनदारी के चलते ठेकेदार ने ऑपरेशन के समय यूज होने वाले सामान की सप्लाई को बंद कर दिया है। बाकायदा सप्लायर ने सोलन हॉस्पिटल मैनेजमेंट को लिखित में इस बारे में सूचना दे दी है।

मामले की गंभीरता देख हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने भी प्रदेश सरकार को इस बारे में जानकारी दे दी है। सप्लायर की मानें तो उसकी बहुत अधिक देनदारी हो गई है। लिहाजा जहां से वह सामान लेता है, वह भी उसे अब पैसे देने के लिए मजबूर करने लगा है, ऐसे में जब तक सरकार उसे पेमेंट नहीं करती है, तब तक वह ऑपरेशन के समय यूज होने वाले सामान को सप्लाई नहीं करेगा। ऐसे में फिलहाल सोलन हॉस्पिटल में हिमकेयर और आयुष्मान भारत कार्ड के भरोसे होने वाले सभी ऑपरेशन को बंद कर दिया गया है। हालांकि, यहां रूटिंग के ऑपरेशन हो रहे हैं। इसके लिए मरीजों को खुद ही सामान लेकर ऑपरेशन करवाना पड़ता है। सोलन हॉस्पिटल में हिमकेयर और आयुष्मान भारत कार्ड से ऑपरेशन करवाने वाले मरीजों को एक बड़ा झटका लगा है। हॉस्पिटल प्रशासन के अनुसार सरकार की ओर से लंबे समय से भुगतान नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2023 के बाद से अब तक कोई भी पेमेंट नहीं की गई है। हॉस्पिटल पर इस समय लगभग 3.72 करोड़ रुपए की देनदारी है। इसमें हिमकेयर और आयुष्मान कार्ड के तहत मिलने वाली दवाइयां सहित अन्य खर्चे में शामिल है। हिमकेयर और आयुष्मान कार्ड आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए संजीवनी के समान है, लेकिन अब इन कार्ड्स का लाभ न मिल पाने से इलाज कराना मुश्किल हो गया है। बता दें कि सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में यहां ऑपरेशन के लिए भी मारामारी रहती है। करीब तीन से चार महीने की वेटिंग हमेशा ही यहां देखने को मिलती है, लेकिन अब हिमकेयर और आयुष्मान कार्ड का ऑपरेशन के लिए लाभ न मिलने के चलते मरीजों को यहां महंगे दामों पर बाहर से सामान खरीद कर अपना ऑपरेशन करवाना होगा।

> ऑपरेशन के सामान की सप्लाई बंद होने से हॉस्पिटल में हिमकेयर और आयुष्मान कार्ड के तहत ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। सप्लायर की अधिक देनदारियां हो चुकी है। जिसको लेकर सरकार को लिखा है।
> **डॉ राकेश पंवर, एमएस, सोलन हॉस्पिटल।**

बीते महीने हुई रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की बैठक में भी यह मुद्दा उठाया गया था। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सुमित सूद ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को स्थिति से अवगत कराया था और त्वरित भुगतान की मांग की थी। उस समय उम्मीद जगी थी कि सरकार हस्तक्षेप करेगी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका है।

# पदोन्नति सूची में विज्ञान विषयों की अनदेखी से विज्ञान अध्यापकों में नाराजगी

- शिक्षा विभाग की पदोन्नति सूची पर जताया रोष
- सिरमौर इकाई ने उठाई पूरक सूची जारी करने की मांग

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा टीजीटी से प्रवक्ता के पदों पर जारी हुई पदोन्नति सूची में विज्ञान विषयों में पदोन्नति न होने से पूरे प्रदेश के विज्ञान शिक्षकों ने रोष व्यक्त किया है। हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ की सिरमौर इकाई के जिला अध्यक्ष राजेश दत्त शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला महासचिव आशीष शर्मा, कोषा अध्यक्ष पवन कुमार, राज्य उपाध्यक्ष निशि कांत ,विभिन्न खंड अध्यक्षों सुरेश ठाकुर, अनिल शर्मा, निर्मल सिंह, यश चौहान, धर्मेंद कुमार आदि ने संयुक्त बयान जारी करते हुए सरकार के इस फैसले का कड़ा विरोध किया है।

उन्होंने बताया कि जहां कला तथा वाणिज्य संकाय के लगभग सभी विषयों में सम्मानजनक पदोन्नति हुई है। वहीं, विज्ञान संकाय के भौतिकी और रसायन विज्ञान में केवल 1-1 और जीव विज्ञान में केवल 3 पदों पर ही पदोन्नति की गई है। सिर्फ गणित विषयों में 20-25 पदों पर पदोन्नति की गई है। यह असमानता दर्शाती है कि कहीं न कहीं विज्ञान विषयों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है।

यह एक गंभीर चिंता का विषय है कि जहां एक तरफ हम भारत को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महाशक्ति बनाने की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश के बहुत से सरकारी स्कूलों में विज्ञान संकाय को बंद किया जा रहा है और विज्ञान विषय में पदोन्नति न करके सरकार ने अपनी विज्ञान विरोधी सोच को भी उजागर किया है और यह विज्ञान विषय पढ़ने के इच्छुक बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। विज्ञान अध्यापक संघ सिरमौर इकाई शिक्षा विभाग से अनुरोध करती है कि विज्ञान विषयों के लिए जल्द ही एक पूरक पदोन्नति सूची जारी की जाए ताकि विज्ञान अध्यापकों के साथ न्याय हो सके।

# अंतरिक्ष क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल कर रहे भारत के वैज्ञानिक : सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन में आयोजित राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुरेश कश्यप ने जवाहर नवोदय विद्यालय में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत 140 करोड़ भारतीयों और हिमाचल के 80 लाख लोगों की प्रतिभा से प्रेरित होकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

कश्यप ने बताया कि पिछले ग्यारह वर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र में कई सुधार हुए हैं पहले जहां यह क्षेत्र कई प्रतिबंधों से बंधा हुआ था, अब उस पर से ये प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। निजी क्षेत्र और स्टार्टअप्स को खुलकर अवसर मिल रहे हैं एवं 350 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र में नवाचार के जरिए तेज इंजन की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने गौरतलब उपलब्धियों को भी याद किया दो साल पहले भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना और अब देश अंतरिक्ष में डॉकिंग-अनडॉकिंग क्षमता हासिल करने वाला विश्व का चौथा राज्य बन चुका है।



सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शाब्दिक प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि देश का पहला पूर्णतः निजी क्षेत्र द्वारा निर्मित पीएसएलवी रॉकेट जल्द प्रक्षेपित होगा। साथ ही, पहला निजी संचार उपग्रह विकासाधीन है और एक पृथ्वीअवलोकन उपग्रह तारामंडल की तैयारी सार्वजनिक-निजी साझेदारी से की जा रही है। कश्यप ने विस्तार से बताया कि ये सारी पहलें न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा को सशक्त बनाती हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को भी वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करने के अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भारत अंतरिक्ष की नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा और नीतिनिर्माण में अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि निरंतर प्रगति की भावना बनी रहेगी।

# जयनगर-उखू सड़क के पानी से मंडराया खतरा



**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की डिवीजन के अंतर्गत हाल ही में निर्मित जयनगर-उखू सड़क की खामियों का खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

ड्रेन की उचित व्यवस्था न होने से बारिश का पानी तीव्र गति से बहते हुए लोगों के खेतों और घरों में पहुंच रहा है। इससे यहां पर बड़ी अनहोनी का खतरा मंडरा गया है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से और भी चिंता बढ़ गई है। हालत ये हैं कि बारिश होते ही स्थानीय लोगों को पानी का तेज बहाव मोड़ने के लिए सड़क पर मशक्कत करनी पड़ रही है, जबकि संबंधित विभाग कोई कार्रवाही नहीं कर रहा है, जबकि ठेकेदार सड़क निर्माण का कार्य रोकने की धमकी दे रहा है। इसको लेकर लोगों में रोष है। लोगों ने प्रदेश सरकार से तत्काल सड़क के सुधरीकरण के लिए लोक संपर्क विभाग के अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की है।

# अवैध खनन करते हुए आधा दर्जन डंपर पकड़े 1.50 लाख रुपए जुर्माना

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** अवैध खनन माफिया के खिलाफ बीती रात शिकंजा कसते हुए खनन विभाग की टीमों ने कालाअंब व शंभूवाला क्षेत्र में चलाए अभियान में आधा दर्जन डंपरों को कब्जे में लेकर 1.50 लाख जुर्माना लगाया है। विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि रात के समय कुछ वाहन अवैध रूप से खनन में लगे हैं।

जांच के दौरान किसी भी वाहन चालक के पास रॉयल्टी पर्ची या ई-परिवहन पास उपलब्ध नहीं था। विभाग ने इसे खनन नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए सभी छह डंपरों को कब्जे में ले लिया। वाहनों पर कुल लगभग 1.5 लाख रुपए का जुर्माना भी ठोका गया। नाहन के माइनिंग इंस्पेक्टर निशांत शर्मा ने टीम का नेतृत्व किया। देर रात तक चली इस छापेमारी में विभाग की टीम ने सख्ती दिखाते हुए किसी भी वाहन को बगैर दस्तावेज आगे नहीं बढ़ने दिया। जिला खनन अधिकारी सिरमौर, कुलभूषण शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ लगातार कारवाई जारी है।

# छात्रों को अंतरिक्ष अनुसंधान में करियर बनाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, नाहन**



डॉ. वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में भौतिकी विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय था आर्यभट्ट से गगनयान, प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाएं। बीएससी छात्रों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए इसरो के इतिहास, विक्रम साराभाई और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर शानदार प्रस्तुतियां दीं।

चंद्रयान पर आधारित नाटक और थीम पर विशेष नृत्य ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक व ज्ञानवर्धक बना दिया। राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के छात्रों ने भी ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। प्राचार्य डॉ. देवराज शर्मा ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें अंतरिक्ष अनुसंधान में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भौतिक विभाग की टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. ऋचा कंवर ने स्वागत भाषण से की। डॉ. अनूप ने छात्रों की तैयारियों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. सुदेश ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बड़ी संख्या में प्राध्यापक और विद्यार्थी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# सराहां में मनाया ब्लॉक स्तरीय कला उत्सव

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में सराहां ब्लॉक का ब्लॉक स्तर का कला उत्सव मनाया गया। इसमें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुरेंद्र चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर ब्लॉक के 18 स्कूलों के 90 बच्चों ने 12 श्रेणियों की प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। लगातार हो रही रिमझिम वर्षा में भी आयोजको व प्रतिभागियों के हौसले बुलंद रहे और विद्यालय के स्टाफ ने इसका कुशल प्रबंधन किया। इस अवसर पर 3डी मूर्ति कला, दृश्य कला में कन्या विद्यालय सराहां ने पहला स्थान प्राप्त किया । दृश्य कला क्राफ्ट समूह में सीनियर सेकेंडरी स्कूल गागल शिकोर प्रथम रहा।एकल गान में कन्या विद्यालय सराहां प्रथम स्थान पर रहा। पेंटिंग में गलाना घाट स्कूल पहले स्थान पर रह। वोकल म्यूजिक ग्रुप सॉन्ग में कन्या विद्यालय सराहां पहले स्थान पर रहा।

# ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि में 95 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा फाउंडेशन के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशशिका राजयोगिनी दादी डॉक्टर प्रकाश मणि की 18वीं पुण्यतिथि एवं विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बद्दी में आयोजित रक्तदान शिविर में 95 लोगों ने रक्तदान किया।



ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय बद्दी में आयोजित शिविर में रक्तदान करते स्वयंसेवक।

कुल 150 से अधिक रक्तदान के लिए लोग आगे आए। शिविर का शुभारंभ बीबीएन व आसपास के क्षेत्र में सर्वाधिक शिविर आयोजित करवाने वाले रक्तदान शिविर मोटिवेटर बलबीर ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का 175वां रक्तदान शिविर है और रक्तदान सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। रक्तदान निस्वार्थ सेवा का वह पुनीत कार्य है जो किसी जरूरतमंद की विकट परिस्थितियों में जान बचाता है। बलबीर ठाकुर ने कहा कि दादी प्रकाशमणि जिनकी पुण्यतिथि पर आज पूरे विश्व मे रक्तदान शिविर लगाए गए हैं, वह आध्यत्मिक चेतना की एक मशाल थी। ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र बद्दी की संचालिका शकुंतला बहन ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया और प्रकाश मणि के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पहला अवसर है कि जब आध्यत्मिक संगठन द्वारा देश भर में इतने बड़े स्तर पर रक्त अभियान चलाया जा रहा है और विश्व रिकार्ड बनाने का प्रयास किया। शिविर में रक्तदान करने वालों को संस्था की ओर से प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि बलबीर ठाकुर के साथ मुख्य संचालिका शकुंतला बहन, बीके पार्थ, रोटरी क्लब बद्दी के अध्यक्ष जगदीप अरोड़ा, कार्तिक शर्मा, सुमित शर्मा, बीडीसी मेंबर पुष्पिंदर कौर, गणेश लाल, वचन कुमार, राजेश, गोरखनाथ, प्रियकांत, रमा, डिंपल, श्वेता, राजकुमारी, शीला, वंदना, यशोदा, राजबाला, राजकुमारी लक्ष्मी, सुनीता बहन समेत अन्य उपस्थित रहे।

# विधायक सोलंकी ने नलका पंचायत में वर्षा से हुए नुकसान का जायजा लिया



मातर पंचायत के नलका में बरसात से हुए नुकसान का जायजा लेते विधायक अजय सोलंकी।

**अनंत ज्ञान, पांवटा/नाहन**

नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने मातर पंचायत के नलका में वर्षा से हुए नुकसान का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर जायजा लिया।

इस अवसर पर विधायक सोलंकी ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए हर संभव समाधान निकाला जाए। इस नुकसान की भरपाई के लिए सभी प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी है और विकास व जनकल्याण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

**बदलाव** महंगाई का असर, ऑटो यूनियन ने किराया बढ़ाकर पुरानी दर लागू की

# ओल्ड डीसी ऑफिस से शामती तक देने होंगे 20 रुपए

**अनंत ज्ञान, सोलन**

ऑटो यूनियन ने शहर के ओल्ड डीसी ऑफिस से शामती काली मंदिर तक के ऑटो किराये में वृद्धि कर दी है। पहले इस रूट पर 15 रुपए किराया लिया जा रहा था, जिसे अब बढ़ाकर 20 रुपए कर दिया गया है। यह नया किराया शनिवार से लागू कर दिया गया है।

ऑटो चालकों का कहना है कि बारिश के कारण सड़कों की हालत काफी खराब हो चुकी है, जिससे न सिर्फ चलाना जोखिम भरा हो गया है, बल्कि ऑटो को भी नुकसान हो रहा है। ऐसे में बढ़ा हुआ किराया लेना जरूरी हो गया है। हालांकि, पहले दिन कुछ यात्रियों ने इस बढ़े हुए किराये का विरोध भी किया, लेकिन चालकों ने अब सवारियों को शुरुआत में ही किराया बता देना शुरू कर दिया है, ताकि कोई गलतफहमी न रहे। वर्ष 2021 में प्रशासन ने पुराने डीसी ऑफिस से काली माता मंदिर (शामती) तक के लिए 20 रुपए किराया निर्धारित किया था। इसके बावजूद अब तक सिर्फ 15 रुपए ही लिया जा रहा था। अब सड़कों की हालत और बढ़ती महंगाई को देखते हुए ऑटो चालकों ने पुराने निर्धारित रद्द लागू करने का फैसला किया है। ऑटो चालक ऑनलाइन पेमेंट को लेकर भी नाराजगी जता रहे हैं। उनका कहना है कि पेमेंट के बाद जब बैंक में स्टेटमेंट लेने जाते हैं, तो वहां भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



फाइल फोटो।

### जल्द और बढ़ सकता है ऑटो किराया

**सोलन** ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के अनुसार, वर्ष 2023 में किराया बढ़ाया जाना प्रस्तावित था, जिसकी जानकारी प्रशासन को भी दी गई थी, लेकिन अब तक किराया नहीं बढ़ाया गया है। यूनियन का कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, ऐसे में किराए में वृद्धि जरूरी है। यदि प्रशासन यूनियन के पत्र पर विचार करता है, तो आने वाले दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी किराया बढ़ाया जा सकता है। एनएच-5 पर फिलहाल कम किराया, अच्छी सड़कों का लाभ यात्रियों को शहर के एनएच-5 स्थित दोहरी दीवार से आंजी सागर रतना तक प्रशासन द्वारा 2021 में 15 रुपए किराया तय किया गया था, लेकिन इस रूट पर फिलहाल ऑटो चालक 10 रुपए ही ले रहे हैं। उनका कहना है कि यहां की सड़कों की हालत बेहतर है, इसलिए कम किराया लेना ही उपयुक्त है। शूलिनी ऑटो- रिक्शा ऑपरेटर यूनियन सोलन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने कहा कि ओल्ड डीसी ऑफिस से शामती काली मंदिर तक प्रशासन ने 2021 में 20 रुपए किराया निर्धारित किया था, लेकिन उस समय सड़क की हालत ठीक थी। लिहाजा अभी तक सिर्फ 15 रुपए ही ऑटो चालक ले रहे थे, लेकिन अब अधिक महंगाई होने के चलते और सड़कों की खराब स्थिति को देखते हुए ऑटो संचालकों ने फैसला किया है कि प्रशासन द्वारा तय किए गए 20 रुपए किराया ही लिया जाए।

# 51 प्रतिभागियों ने ली नशा व रोगमुक्त भारत की शपथ

**कृष्ण रघुवंश, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** अर्की मुख्यालय के ग्राम कोटली स्थित होमगार्ड ग्यारहवीं गृह रक्षा वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र में डॉ. मुक्ता रस्तोगी बीएमओ अर्की के मार्गदर्शन में एचआईवी/एड्स, टीबी, यौन संचारित रोग (एसटीआई), हेपेटाइटिस-बी एवं हेपेटाइटिस-सी पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार शांडिल, काउंसलर, एचआईवी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सर्विसेज, सिविल अस्पताल अर्की ने उपस्थित होमगार्ड अधिकारियों व ग्रामीणों को इन रोगों के लक्षण, रोकथाम व समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जागरूकता ही इन गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे कारगर उपाय है। डॉ. शांडिल ने प्रतिभागियों को यह भी संदेश दिया कि असुरक्षित जीवनशैली, नशे की लत और लापरवाही से समाज को केवल नुकसान होता है। सुरक्षित व्यवहार और समय पर जांच कराकर हम स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त भारत-स्वस्थ भारत, टीबी मुक्त भारत-एचआईवी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। कुल 51 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और जागरूक समाज निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प लिया।



होमगार्ड 11वीं गृह रक्षा वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र में जागरूकता शिविर के दौरान होमगार्ड के जवान।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ में युवाओं को मिलेगा विश्वस्तरीय विमानन प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विमानन और आतिथ्य क्षेत्र के संस्थान मायफ्लेज ने चंडीगढ़ में अपनी 15वीं शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजसेवी बृजेश्वर जायसवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।



उन्होंने कहा कि दुनियाभर के हवाई अड्डों पर भारतीय युवाओं की बढ़ती उपस्थिति गौरव का विषय है और ऐसे प्रशिक्षण संस्थान इस उपस्थिति को और सशक्त बनाएंगे। संस्थापक बिश्वजीत घोष, जो गायक और अभिनेता भी हैं, ने बताया कि मायफ्लेज प्रधानमंत्री के विकसित और आत्मनिर्भर भारत मिशन से प्रेरित होकर युवाओं को एयर होस्टेस, ग्राउंड स्टाफ, टिकटिंग, होटल और इवेंट प्रबंधन, एविएशन रिटेल, पायलट प्रशिक्षण आदि में उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। संस्थान विद्यार्थियों को कमर्शियल पायलट लाइसेंस की प्रक्रिया में भी पूर्ण सहयोग देगा। घोष ने बताया कि मायफ्लेज की स्थापना उन्होंने पियाली चटर्जी के साथ मिलकर की है, जो ह्स्ष्ष्ट और,स्स्ष्ट से प्रमाणित मास्टर ट्रेनर हैं। कार्यक्रम में पंजाब विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार यजवेंद्र पाल वर्मा भी उपस्थित रहे।

### औद्योगिक कालोनियों को नियमित करेगी हरियाणा सरकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार अब आवासीय कालोनियों की तर्ज पर औद्योगिक कालोनियों को भी नियमित करने जा रही है। इसके लिए विधानसभा में हरियाणा नगरपालिका क्षेत्र से बाहर नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्रों के प्रबंधन के लिए संशोधन विधेयक 2025 पेश किया जाएगा। मानसून सत्र के लिए बिल को सूचीबद्ध कर दिया गया है। पिछले 10 साल के कार्यकाल में 2145 अनियमित कालोनियों को नियमित किया गया है, जबकि 684 अनियमित कालोनियां ऐसी हैं, जो शहरी निकाय क्षेत्रों से बाहर मौजूद थी, मगर उन्हें शहरी निकाय क्षेत्र मानकर नियमित करते हुए तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसी आधार पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने औद्योगिक अनाधिकृत कालोनियों को भी नियमित करने की प्रक्रिया चालू करने के आदेश अधिकारियों को दिए थे। एचएसआइआइडीसी के अधिकारियों ने पूरे राज्य में ऐसी अनधिकृत औद्योगिक कालोनियों का सर्वे कराया। हरियाणा सरकार द्वारा विधानसभा में लाए जा रहे इस बिल के पेश होते ही अनधिकृत औद्योगिक कालोनियों को सभी संबंधित विभागों द्वारा तब तक वैध कालोनियां मानकर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जब तक उन पर उद्यमियों के आवेदन पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता।

### भारतीय एकता मंच की बैठक में राहत कार्य और जनकल्याण कैंपों पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** भारतीय एकता मंच (पंजीकृत) की एक महत्वपूर्ण बैठक सेक्टर 126 स्थित सिल्वर स्पून में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के गवर्निंग बॉडी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सितंबर 2025 में नशा जागरूकता कैंप और नवंबर 2025 में मेडिकल व रक्त जांच शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पर्व-त्योहारों के मौसम और साथ ही पंजाब, हिमाचल सहित विभिन्न राज्यों में आई प्राकृतिक आपदाओं पर भी चर्चा हुई। मंच ने आपदा प्रभावित परिवारों की स्थिति पर चिंता जताई और निर्णय लिया कि हर राज्य के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजकर प्रभावितों के लिए ठोस राहत और पुनर्वास योजनाओं की मांग की जाएगी। संगठन के पदाधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार को ऐसे पीड़ितों के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक योजनाएं बनानी चाहिए, ताकि उनका जीवन पुनः पटरी पर लौट सके। बैठक में अध्यक्ष नरेंद्र जैतक, महासचिव पुनीत महाजन, प्रधान सुनीता ठाकुर, सेक्रेटरी भूपेंद्र सिंह राठौड़, मुख्य सलाहकार भाग सिंह चौहान, संयुक्त सचिव नीलम ठाकुर, डॉ. नीरू शर्मा व डॉ. परविंद्र सिंह मौजूद रहे।

# पीएम ने संविधान तो खत्म नहीं किया, पर जनता ने कांग्रेस को जरूर खत्म कर दिया : सीएम सैनी

## जल्द ही प्रदेश में पुलिस विभाग में सिपाही पदों की होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, कुरुक्षेत्र**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विपक्ष ने लोगों में भ्रम फैलाया कि यदि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो संविधान खत्म हो जाएगा, जबकि सच्चाई यह है कि संविधान आज भी वैसा ही है, लेकिन जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष अब बिना मुद्दों के झूठी अफवाहें फैलाने में लगा है और चुनाव हारने पर ईवीएम को दोष देता है, जो कि एक पारदर्शी प्रणाली है।

मुख्यमंत्री रविवार को गांव पटाक माजरा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों को संबंधित विभागों को भेजकर समाधान कराने का आश्वासन दिया और पंचायत कार्यों के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा को दो बड़ी परियोजनाएं मिली हैं, जिनसे बेहतर कनेक्टिविटी और विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने संकल्प पत्र के 41 वायदे पूरे कर दिए हैं और वर्ष के अंत तक 90 और वायदे पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में युवाओं को बिना खर्च-पर्ची नौकरी, किसानों की फसल की एमएसपी पर खरीद, डायलिसिस की मुफ्त सुविधा, और बिजली की 24 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। जल्द ही पुलिस विभाग में भर्तियां निकाली जाएंगी। मुख्यमंत्री के स्वागत में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सीएम सैनी ने समाजसेवी व सीनियर अधिवक्ता रघुवीर सैनी के निधन पर जताया शोक

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पानीपत के निधि वन में पहुंचकर प्रमुख समाजसेवी व सीनियर अधिवक्ता रघुवीर सैनी के निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त



परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं प्रकट की। रघुवीर सैनी का 9 अगस्त को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जाने-माने अधिवक्ता थे, उन्होंने पूरा जीवन गरीब व शोषित की सेवा में लगाया। उनका असामयिक निधन परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी बड़ी क्षति है। मुख्यमंत्री ने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की। इस मौके पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी उपस्थित रहे।

### चंडीगढ़ 'रेड रन' में कॉलेज छात्रों की उत्साही भागीदारी

# युवाओं ने लिया एचआईवी जागरूकता का संकल्प




प्रथम पुरस्कार हासिल करने वाले विजेताओं को 15,000 रुपए देकर सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**चंडीगढ़** राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी ने सुखना झील, चंडीगढ़ में राज्य स्तरीय 'रेड रन' का आयोजन किया, जिसमें शहर के लगभग 20 कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं को कलंक और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में राजदूत के रूप में जोड़ना था।

इस दौड़ को अजय चगटी, आईएएस, सचिव स्वास्थ्य, यूटी चंडीगढ़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में अनुराधा चगटी, सीएसएस, सचिव सामाजिक कल्याण, यूटी चंडीगढ़ ने मुख्य अतिथि के रूप में तथा डॉ. सुमन सिंह, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, यूटी चंडीगढ़ ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

### महिला वर्ग में आरजू प्रथम

वहीं, पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता भी आयोजन की गई। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में अजय राज सिंह (एसडी कॉलेज-32) प्रथम, नवदीप (एसडी कॉलेज-32) द्वितीय और विपिन (एसजीजीएससी-26) तृतीय रहे। महिला वर्ग में आरजू (एसजीजीएससी-26) प्रथम, उज्जला (एमसीएम डीएवी-36) द्वितीय और आरती (एसजीजीएससी-26) तृतीय रहीं। विजेता और उपविजेता छात्र अब अक्टूबर 2025 में नागालैंड में होने वाले राष्ट्रीय रेड रन में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार 15,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10,000 रुपए, तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 5,000 रुपए दिए गए।

## इनक्यूबेशन और एक्सेलरेटर सुविधाओं का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस विभाग एवं महिला विकास प्रकोष्ठ ने इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के तत्वावधान में 'एक्सेलरेटर/इनक्यूबेशन- ऑपरच्युनिटीज फॉर स्टूडेंट्स फैकल्टी एंड अर्ली स्टेज एंट्रेप्रेन्योर्स' विषय पर दो दिवसीय सत्र का आयोजन किया। सत्र के प्रमुख वक्ता वारनल लैब्स से जुनैद मकबूल और तनवीर सिंह मान ने नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में इनक्यूबेशन और एक्सेलरेटर सुविधाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को यह समझाया कि किस प्रकार नवीन विचारों को विकसित कर व्यवहारिक व्यावसायिक उद्यमों में बदला जा सकता है।

इस कार्यक्रम में 50 छात्राओं एवं शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और संवादात्मक चर्चाओं एवं ज्ञान-साझाकरण से लाभान्वित हुए। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों और शिक्षकों में उद्यमशील मानसिकता विकसित करने में सहायक होते हैं, जो संस्थान की नवाचार एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## कांग्रेस 'वोट चोरी' के आरोप में हरियाणा में पैदल करेगी मार्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस अब सोमवार को वोट चोरी का मुद्दा उठाएगी। कांग्रेस ने हरियाणा में वोट चोरी के मुद्दे पर पैदल मार्च का ऐलान कर दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हालही में दिल्ली में एक पत्रकार वार्ता के दौरान देश के अन्य राज्यों की तरह हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया गया था। राहुल ने कहा था कि 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस आठ सीटों पर महज 22 हजार 779 वोट से पूरा प्रदेश हार गई। हरियाणा के एक विधानसभा क्षेत्र में एक लाख वोट बढ़ गए। ऐसे में आप सोच सकते हैं कि यहां कितना फर्जीवाड़ा हुआ।

## रक्तदान सबसे बड़ा महादान : टंडन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के समाजसेवा प्रभाग द्वारा रविवार को सेक्टर-33 स्थित राजयोग भवन में राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और मानवता की सेवा के लिए रक्तदान किया।

लोगों को संबोधित करते हुए संजय टंडन ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। यह न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में नि:स्वार्थ सेवा और परस्पर सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। यह न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए संजीवनी है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

वहीं, टंडन ने दादी प्रकाशमणि को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन मानवता, सेवा और आध्यात्मिक मूल्यों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। दादी जी की शिक्षाएं आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके आदर्शों को अपनाकर ही हम सच्चे अर्थों में समाज को सशक्त बना सकते हैं।

## चंडीगढ़ में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तराखंड युवा मंच (रजि.) चंडीगढ़ द्वारा 33वां पौधरोपण समारोह रामलीला मैदान, सेक्टर 40, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। इस दौरान 120 पौधे रोपे गए। मुख्यातिथि के रूप में हरप्रीत कौर बबला, महापौर, नगर निगम, गुरबक्स रावत, एरिया पार्षद, गढ़वाल सभा, कुमाऊ सभा व उत्तराखंड की समस्त सभाओं ने शिरकत की। मंच के अध्यक्ष धर्मपाल रावत, महासचिव रवींद्र चौहान ने बताया कि मंच पिछले 32 सालों से हर वर्ष पौधरोपण का कार्यक्रम चंडीगढ़ के साथ-साथ उत्तराखंड में करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर व उत्तरांचल रामलीला कमेटी के सदस्यों द्वारा औषधीय पौधे को रोपित करके किया गया। इसके बाद मंच के पदाधिकारियों और उपस्थित जनों ने नीम, अशोक, पीपल आदि के पौधे लगाए।

## देश-विदेश

# राजस्थान के बूंदी में कई घरों में घुसा चंबल नदी का पानी

## यूपी में भारी बारिश से डैम, नदियां और नाले उफान पर



**एजेंसी, नई दिल्ली**

राजस्थान में लगातार बारिश होने से कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर और टोंक में बाढ़ जैसी स्थिति है। बूंदी में चंबल का पानी घरों में घुस गया। स्टेट हाईवे की सड़क उखड़ गई। राहत-बचाव के लिए सेना बुलाई गई है। एयरफोर्स का एमआई-17 हेलिकॉप्टर भी तैनात किया गया है।

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जो साइक्लोनिक सर्कुलेशन पिछले 48 घंटे से मध्य प्रदेश-राजस्थान की सीमा पर रुका था, वह थोड़ा आगे बढ़कर दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के ऊपर आ गया है। मानसून ट्रफ लाइन गंगानगर, चूरू, ग्वालियर (एमपी), सतना (एमपी), डालटनगंज (झारखंड) से होकर बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर सिस्टम तक गुजर रही है। इस सिस्टम के कारण शुक्रवार से राजस्थान में लगातार बारिश हो रही है।

वहीं, यूपी में भी बारिश से डैम, नदियां और नाले उफान पर हैं। अब तक 8 बांधों के गेट खोले जा चुके हैं। मिर्जापुर में अहरौरा बांध ओवरफ्लो हो गया है। इसके चलते 9 साल बाद 22 गेट खोलने पड़े। प्रदेश में 20 से ज्यादा गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। कई खेत पानी में डूब गए।

मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार को देश के 29 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में बारिश का अलर्ट है। विभाग ने राजस्थान में रेड, उत्तराखंड-मध्य प्रदेश समेत 6 राज्यों में ऑरेंज और यूपी-बिहार समेत 22 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया है। (अनंत ज्ञान)

### अब कांग्रेस विधायक ने गाया 'नमस्ते सदावत्सले'

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बाद अब एक और कांग्रेस विधायक ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रार्थना नमस्ते सदावत्सले गाई है। तुमकुरु जिले के कुनिगल से विधायक एचडी रंगनाथ ने रविवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान नमस्ते सदावत्सले मातृभूमे की पंक्तियां पढ़ी और इसे बहुत अच्छा गीत बताया। उन्होंने कहा, मैंने इसे पहली बार तब सुना जब डिप्टी सीएम ने विधानसभा में गाया। मुझे इसमें कोई बुराई नहीं लगती। हमारी पार्टी सेक्युलर है और हमें दूसरों से अच्छी बातें अपनानी चाहिए। इससे पहले डीके शिवकुमार ने 21 अगस्त को विधानसभा के अंदर ,स्स की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे की 2 लाइनें गाकर सबको चौंका दिया था। (अनंत ज्ञान)

# जर्मनी से 70 हजार करोड़ रुपए में 6 पनडुब्बियां खरीदेगा भारत

## इसराइल से भी रेम्पेज मिसाइल लेगी सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत सरकार वायुसेना और नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए दो बड़ी डील करने के लिए तैयार हो गई है। पहली डील रक्षा मंत्रालय और मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड जर्मनी से 6 सबमरीन खरीदने वाली है। सरकार ने प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत भारत में बनने वाली इन पनडुब्बियों की खरीद को लेकर बातचीत शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह डील 70 हजार करोड़ में हो सकती है।



वहीं, भारत सरकार इजराइली रैम्पेज एयर-टू-ग्राउंड मिसाइलों की बड़ी खेप खरीदने वाली है। सूत्रों के अनुसार, यह ऑर्डर जल्द ही फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के तहत दिया जाएगा। रैम्पेज मिसाइलों का इस्तेमाल पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर स्थित आतंकवादियों मुख्यालयों पर सटीक हमलों में किया था।

रक्षा मंत्रालय और भारतीय नौसेना अगले 6 महीने में कॉन्ट्रैक्ट पर चर्चा पूरी होने और फाइनल मंजूरी मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय का मकसद देश में पारंपरिक पनडुब्बियों के डिजाइन और मैनुफैक्चरिंग की स्वदेशी क्षमता विकसित करना है। (अनंत ज्ञान)

# चिराग पासवान बड़े भाई, जल्द करें शादी : तेजस्वी

**एजेंसी, पूर्णिया**


वोटर अधिकार यात्रा के 8वें दिन राहुल-तेजस्वी का काफिला अररिया पहुंचा। यहां मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को शादी करने की सलाह दी। चिराग को लेकर किए सवाल पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'वह एक व्यक्ति विशेष के हनुमान हैं। हम जनता के हनुमान हैं। चिराग पासवान आज कोई मुद्दा नहीं हैं। मैं उन्हें जरूर सलाह दूंगा, वह हमारे बड़े भाई हैं और उन्हें जल्द से जल्द शादी करनी चाहिए।'



इस बयान पर राहुल गांधी ने कहा, 'यह बात मुझ पर भी लागू होती है।' इससे पहले रविवार सुबह यात्रा पूर्णिया से शुरू हुई, जहां राहुल गांधी ने बुलेट चलाई। इस दौरान उनके पीछे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम बैठे दिखे। इस दौरान उनका एक समर्थक अचानक से सामने आ गया। राहुल कुछ समझ पाते इससे पहले उसने लोकसभा में नेता विपक्ष को किस किया। तब तक सिक्योरिटी गार्ड पहुंच गए और उन्होंने युवक को थप्पड़ जड़ दिया। (अनंत ज्ञान)

### गुजरात में संदिग्ध सीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले क्राइम ब्रांच ने शनिवार को एलिसब्रिज रीगल होटल से एक सीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान 23 साल के अली मेघात अल-अजहर के रूप में की गई है। क्राइम ब्रांच के जाइंट पुलिस कमिश्नर शरद सिंघल ने बताया कि अली के पास से 3600 अमेरिकी डॉलर और 25 हजार भारतीय कैश मिला है। उसके शरीर पर गोलियों सहित चोट के कई निशान पाए गए हैं। उसके मोबाइल में गाजा में भुखमरी और वहां के लोगों पर हो रहे अत्याचार के वीडियो भी मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, अली अपने 3 साथियों के साथ गाजा पीड़ितों के नाम पर मस्जिदों और दूसरे जगहों से फंड जुटाता था। फिर उन पैसों से लग्जरी लाइफस्टाइल जीते थे। अन्य 3 सीरियाई नागरिक फरार हैं। पुलिस को शक है कि वे किसी खास मकसद से अहमदाबाद में रेकी करने आए थे। (अनंत ज्ञान)



### जुकरबर्ग की सिक्योरिटी पर 221 करोड़ खर्च

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों के प्रमुख अब सिर्फ कारोबारी चेहरे नहीं रहे, बल्कि राजनीति, समाज और जनभावनाओं के सीधे निशाने पर हैं। इसी वजह से उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा पर खर्च हैरान करने वाले स्तर तक पहुंच गया है। 2024 में 10 बड़ी टेक कंपनियों ने अपने सीईओ की सुरक्षा पर करीब 369 करोड़ (45 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से ज्यादा खर्च किया। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा मेटा के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग और उनके परिवार की सुरक्षा का रहा, जिस पर अकेले करीब 221 करोड़ (27 मिलियन डॉलर) खर्च हुए। (अनंत ज्ञान)



### पाकिस्तान के पंजाब में भारी बारिश से बाढ़ का खतरा

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में लगातार बारिश और नदियों के उफान से हालात बिगड़ गए हैं। प्रशासन ने 24 से 27 अगस्त तक के लिए अलर्ट जारी किया है। अब तक 19 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सबसे ज्यादा खतरा सतलुज और रावी नदी किनारे बसे इलाकों को है। कसूर, ओकारा, पाकपट्टन, बहावलनगर और वहारी जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। राहत शिविरों में दवाइयाँ, टीके और जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया है। लोगों से नदियों के पास न जाएं और इमरजेंसी में हेल्पलाइन 1129 पर संपर्क करने की अपील की गई है। दूसरी तरफ गिलगित-बाल्टिस्तान में ग्लेशियर फटने से बाढ़ आई है। घिजर जिले के तलिदास गांव में 3000 से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# नोएडा में पत्नी को जिंदा जलाने वाले आरोपी का एनकाउंटर

**एजेंसी, नोएडा**

नोएडा में दहेज के लिए एक शख्स ने बेटे के सामने पत्नी को जिंदा जला दिया। महिला की शादी 9 साल पहले हुई थी। आरोपी पत्नी पर घरवालों से 35 लाख रुपए लाने का दबाव बना रहा था, लेकिन महिला ने मना कर दिया। इसके बाद महिला के पति और उसकी सास ने उसे लात-घूसों से पीटा। महिला छोड़ने के लिए गिड़गिड़ाती रही, लेकिन उन्होंने उसकी एक न सुनी। पति ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। महिला की बहन ने बचाने और वीडियो बनाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे भी पीटा। उसकी चीख सुनकर पड़ोसी पहुंचे। कंबल डालकर आग बुझाई और उसे फोर्टिस अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने महिला की हालत देखते हुए दिल्ली के अस्पताल रेफर कर दिया। 22 अगस्त को महिला की मौत हो गई। महिला की बहन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर 23 अगस्त को पति को गिरफ्तार कर लिया।

रविवार को आरोपी पति विपिन को पुलिस मेडिकल के लिए जिला अस्पताल ले जा रही थी। इसी दौरान आरोपी दरोगा की पिस्टल लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके आरोपी को सिरसा चौराहे के पास पैर में गोली मारकर पकड़ लिया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। (अनंत ज्ञान)

## यूक्रेन ने रूस पर किए भीषण हमले


**एजेंसी, मॉस्को।** मॉस्को ने रविवार को यूक्रेन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने रूस के पश्चिमी क्षेत्र कुर्स्क में स्थित एक परमाणु बिजली संयंत्र पर ड्रोन हमला किया। यह हमला ऐसे समय हुआ जब यूक्रेन अपनी स्वतंत्रता के 34 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा था। रूसी अधिकारियों के अनुसार, रातभर कई ऊर्जा और बिजली ठिकाने ड्रोन हमलों का शिकार बने। कुर्स्क स्थित संयंत्र में आग लग गई थी, लेकिन समय रहते काबू पा लिया गया और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। रूसी अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमले से संयंत्र का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ, हालांकि विकिरण का स्तर सामान्य रहा। (अनंत ज्ञान)

## संबोधन — जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ, देश को देखने को मिले भयंकर परिणाम

# राजनीतिक लाभ के लिए सदन न चलने देना ठीक नहीं: शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद या विधानसभाएं बहस और चर्चा की जगह हैं, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए सदन को चलने न देना ठीक नहीं है। शाह ने अखिल भारतीय सभापति सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। संसद का मानसून सत्र विपक्ष के विरोध के चलते बार-बार बाधित हुआ और सत्र के दौरान काफी कम काम हुआ। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि जब संसद में सीमित बहस या चर्चा होती है, तो इससे राष्ट्र निर्माण में सदन का योगदान प्रभावित होता है। हस्तिनापुर में द्रौपदी के अपमान का हवाला



### संसद के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल को दी श्रद्धांजलि

देते हुए उन्होंने कहा कि जब भी सदन की गरिमा से समझौता हुआ है, देश को इसके भयंकर परिणाम देखने को मिले हैं। शाह ने संसद के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि 100 साल पहले आज ही के दिन, महान स्वतंत्रता सेनानी विट्ठलभाई पटेल को लोकसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिससे भारत के विधायी इतिहास की शुरुआत हुई। शाह ने कहा कि अगर देश को आजादी दिलाना अहम था तो लोकतंत्र की स्थापना और विधायी प्रक्रियाओं की स्थापना भी उतनी ही महत्वपूर्ण काम है। विट्ठलभाई पटेल ने कठिन समय में भी लोकतंत्र की स्थापना और उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम सभी को यह बात याद रखनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### बोले-सभी चर्चाओं में सार्थकता होना जरूरी

**अमित** शाह ने कहा कि विपक्ष को हमेशा संयमित रहना चाहिए। देश को इस पर विचार करना होगा, जनता को इस पर विचार करना होगा और निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस पर विचार करना होगा। शाह ने कहा कि सभी चर्चाओं में सार्थकता होनी चाहिए और सभी को अध्यक्ष पद की गरिमा और सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। गृहमंत्री ने कहा कि हमें जनता के मुद्दों को उठाने के लिए एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन का संचालन नियमों के अनुसार हो।

## स्पोर्ट्स विंडो

### हिल्स ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में स्नेहा, प्रणवी और हिताशी ने कट में बनाई जगह




एजेंसी, गोटेनबर्ग (स्वीडन)। भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह, प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी यहां हिल्स ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन कट में जगह बनाने में सफल रही। पहली बार लेडीज यूरोपियन टूर में खेल रही स्नेहा ने पहले राउंड के 72 के स्कोर के बाद दूसरे राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं। प्रणवी (76-72) और हिताशी (74-75) क्रमशः संयुक्त 41वें और संयुक्त 53वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ी अमनदीप ड्राल (77-77), त्वेसा मलिक (79-76), अवनि प्रशांत (72-84) और वाणी कपूर कट से चूक गई, जो सात ओवर पार पर गया था। वाणी दूसरे राउंड में रिटायर हो गई थीं। जर्मनी की लियोनी हार्म और स्वीडन की मेजा ऑर्टेनग्रेन संयुक्त बढ़त पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### सिंकफील्ड कप : गुकेश का सामना फिरोजा और प्रज्ञाननंदा का डुडा से




एजेंसी, सेंट लुई (अमेरिका)। विश्व चैंपियन डी गुकेश सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा से भिड़ेंगे, जबकि उनके हमवतन आर प्रज्ञाननंदा का सामना पोलैंड के डुडा जान-क्रिज्स्टॉफ से होगा। प्रतियोगिता में विश्राम दिवस से पहले फैबियानो कारुआना दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ 3.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञाननंदा ने पहले राउंड में गुकेश पर एकमात्र जीत के बाद लगातार चार ड्रॉ खेले। अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद पांच खिलाड़ियों अमेरिकी जोड़ी वेस्ली सो और सैमुअल सेवियन, फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव, फिरोजा और गुकेश का नंबर आता है। इन सभी के समान 2.5 अंक हैं। डुडा के दो अंक हैं और वह अंतिम स्थान पर मौजूद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक आगे हैं। (अनंत ज्ञान)

# चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट से लिया संन्यास

## दो साल से टीम से बाहर थे, सोशल मीडिया पर लिखा- हर अच्छी चीज का होता है अंत

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने एक भावुक पोस्ट करते लिखा कि भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करना, इन चीजों को शब्दों में बयां करना नामुमकिन है। लेकिन जैसा कि कहते हैं, हर अच्छी चीज का अंत होना ही होता है। मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है।



चेतेश्वर पुजारा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'राजकोट के छोटे से कस्बे से एक छोटे से लड़के के रूप में, अपने माता-पिता के साथ, मैंने सितारों को निशाना बनाने का लक्ष्य रखा और भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का सपना देखा। तब मुझे अंदाजा भी नहीं था कि यह खेल मुझे इतना कुछ देगा। अमूल्य अवसर, अनुभव, उद्देश्य, प्यार, और सबसे बढ़कर अपने राज्य और इस महान राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका।' पुजारा ने अपने पोस्ट में आगे लिखा, 'मैं बीसीसीआई और सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को अपने क्रिकेट करियर के दौरान मिले अवसर और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी टीमों, फ्रैंचाइजियों और काउंटी टीमों का भी आभारी हूं जिनका मैंने इतने सालों तक प्रतिनिधित्व किया। अपने करियर में मिले सभी टीमों के कोचों का भी आभार व्यक्त किया।' (अनंत ज्ञान)

### फैंस का किया शुक्रिया

चेतेश्वर पुजारा ने अपने पोस्ट में आगे लिखा कि खेल की वजह से मैं दुनियाभर में पहुंचा और इस दौरान प्रशंसकों का जोशीला समर्थन और ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रही। जहां भी मैंने खेला है, वहां बहुत समर्थन मिला और हमेशा मैं इसका आभारी रहूंगा। पुजारा ने अपने पोस्ट में परिवार का जिक्र करते हुए कहा कि उनके योगदान ने उनके सफर को सार्थक बनाया। उन्होंने लिखा कि यह सब मेरे परिवार, मेरे माता-पिता, पत्नी पूजा और बेटी अदिति, मेरे ससुराल वालों और मेरे बाकी परिवार के त्याग और सहयोग ने मेरे सफर को सार्थक बनाया। मैं अगले पड़ाव का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

### पुजारा का अंतरराष्ट्रीय करियर

37 वर्षीय पुजारा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 103 टेस्ट और 5 वनडे मैच खेले। 103 टेस्ट की 176 पारियों में पुजारा ने 7195 रन बनाए, इसमें 19 शतक और 35 अर्द्धशतकीय पारियां शामिल हैं। पुजारा का टेस्ट सफर शानदार रहा। हालांकि, वह काफी समय से टीम में जगह नहीं बना पा रहे थे।

# स्पिन के खिलाफ रोहित शर्मा अपनाते हैं 'हिटमैन' अवतार

एजेंसी, नई दिल्ली



**वनडे में जड़े सबसे ज्यादा छक्के**

वनडे क्रिकेट में भारतीय दिग्गज बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली का दबदबा लगातार कायम है। जहां रोहित स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ सबसे बड़े हिटर साबित हुए हैं, वहीं विराट ने अपनी पारी से भारत को जिताना का सिलसिला बरकरार रखा है। इन दोनों के रिकॉर्ड्स यह दिखाते हैं कि क्यों इन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में गिना जाता है और वनडे के समीकरण से फिलहाल दोनों को बाहर करना क्यों मुश्किल है।

हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि चयनकर्ता रोहित और कोहली दोनों से एशिया कप के बाद उनके वनडे करियर को लेकर बात करेंगे। वहीं, श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी जा सकती है। स्पिन गेंदबाजों पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है। हिटमैन ने अब तक स्पिनर्स के खिलाफ 114 सिक्स जड़े हैं और इस मामले में उन्होंने क्रिस गेल (108) और एबी डिविलियर्स (98) जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों को पीछे छोड़ा है। धोनी (91) और अफरीदी (89) भी इस लिस्ट में मौजूद हैं, लेकिन रोहित की खासियत है कि वह धीमी गेंदबाजी पर भी उतने ही घातक दिखते हैं जितने तेज गेंदबाजों पर। (अनंत ज्ञान)

# आर्सेनल की लीड्स पर बड़ी जीत टॉटेनहैम ने सिटी को हराया

एजेंसी, लंदन



विक्टर ग्योकेरेस ने आर्सेनल के लिए अपना पहला गोल दागा, जिससे उनकी टीम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में लीड्स को 5-0 से हराया। जुरियन टिम्बर ने 34वें मिनट में आर्सेनल के लिए कॉर्नर से गोल किया, जिसके बाद बुकायो साका ने हाफटाइम के पहले गोल करके घरेलू टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। ग्योकेरेस ने शुरुआती दौर में एक आसान मौका गंवाने के बाद वापसी करते हुए दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद अपने घरेलू मैदान पर गोल किया। टिम्बर ने इसके बाद अपना दूसरा गोल किया। मैक्स डाउमन ने बेंच से उतरते हुए दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन किया। वह 15 साल और 235 दिन की उम्र में एथन नवानेरी के बाद आर्सेनल के लिए खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। इस किशोर खिलाड़ी ने स्टीफ़ टाइम में अपनी टीम के लिए पेनल्टी हासिल की, जिसे ग्योकेरेस ने गोल में बदला। इस बीच टॉटेनहैम ने नए कोच थॉमस फ्रैंक के नेतृत्व में प्रीमियर लीग सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने ब्रेनन जॉनसन और जोआओ पल्हिन्हा के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी पर 2-0 की प्रभावशाली जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलिया ने 276 रन से जीता आखिरी वनडे

एजेंसी, मैके

साउथ अफ्रीका को अपने वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी है। ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज में हारने के बाद आखिरी मुकाबले को 276 रनों से अपने नाम कर लिया। यह रनों से ऑस्ट्रेलिया की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 2 विकेट पर 431 रन ठोक दिए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम इतने बड़े स्कोर का प्रेशर नहीं झेल पाए। 25वें ओवर में टीम की पारी 155 रनों पर सिमट गई। हालांकि, 3 मैचों की वनडे सीरीज को साउथ अफ्रीका ने 2-1 से अपने नाम किया।

### साउथ अफ्रीका ने 2-1 से जीती सीरीज



ऑस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने पहले विकेट के लिए 250 रनों की साझेदारी की। दोनों ही बल्लेबाजों शतक ठोंका। मार्श ने 106 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्कों की मदद से 100 रन बनाए। वहीं, ट्रेविस हेड ने सिर्फ 103 गेंद पर 142 रनों की पारी खेली। हेड ने 17 चौकों के अलावा 5 छक्के मारे। तीसरे नंबर पर उतरे कैमरून ग्रीन ने सिर्फ 47 गेंद पर शतक लगाया। यह वनडे में ऑस्ट्रेलिया के किसी बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक है। 8 छक्के और 6 चौकों की मदद से 55 गेंद पर ग्रीन ने 118 रनों की पारी खेली। एलेक्स कैरी ने नाबाद 50 रन बनाए।

साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। एडेन मार्करम सिर्फ 2 रन बनाकर सीन एबॉट की गेंद पर आउट हो गए। दूसरे सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन 11 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान टेम्बा बावुमा 19 रन ही बना सके। साउथ अफ्रीका के लिए सबसे बड़ी पारी डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। उन्होंने 28 गेंद पर 2 चौके और 5 छक्के मारे। 24.5 ओवर में टीम की पारी सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए बाएं हाथ के स्पिनर कूपर कोनोली ने 22 रन देकर 5 विकेट लिए। जेवियर बार्टलेट और सीन एबॉट ने 2-2 विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

### सामिया आरजू का खूबसूरत अंदाज

पाकिस्तान। हसन अली की पत्नी सामिया आरजू हरियाणा के नूंह जिले के मेवात की रहने वाली हैं। आरजू फ्लाइट अटेंडेंट भी रही हैं। इसी दौरान दुबई में उनकी मुलाकात हसन अली से हुई थी। सामिया के इंस्टाग्राम पर 3 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।



# एशिया कप के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान, राशिद बने कप्तान

एजेंसी, काबुल

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को एशिया कप 2025 के लिए अपनी टीम का ऐलान किया। टीम की कमान स्टार लेग स्पिनर राशिद खान को सौंपी गई। यह स्क्वॉड स्पिनर्स से भरा हुआ है, जिसमें कप्तान के साथ-साथ नूर अहमद, मुजीब-उर-रहमान, एएम गजनफर और अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी शामिल हैं।



**स्क्वॉड में पांच फिरकी गेंदबाज**

अफगानिस्तान ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक पहुंचकर इतिहास रचा था और अब एक बार फिर एशिया कप में धमाल मचाने की तैयारी में है। इस बार के स्क्वॉड से हजरतुल्लाह जजई और जुबैद अकबरी को बाहर कर दिया गया है। वहीं, विकेटकीपर की जिम्मेदारी रहमानुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद इस्हाक के कंधों पर होगी।

तेज गेंदबाजी विभाग में नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी और फरीद मलिक जैसे पेसर्स मौजूद हैं। एशिया कप में अफगानिस्तान को ग्रुप बी में जगह मिली है, जिसमें उसके साथ बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। वहीं ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई की टीमें होंगी।

राशिद की अगुआई वाली टीम नौ सितंबर को हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। राशिद पर एक बार फिर भरोसा जताया गया है और उन्हें कप्तान बनाया गया है। अफगानिस्तान ने अपना पिछला टी20 पिछले साल दिसंबर में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला था। वनडे में कप्तानी हशमतुल्लाह करते हैं। उनकी कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम ने वनडे विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था। अफगानिस्तान की टीम ऑलराउंडर्स से भरी हुई है। नईब के अलावा जनत, नबी, ओमरजई और राशिद, गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।

ओपनिंग की जिम्मेदारी एक बार फिर गुरबाज और युवा इब्राहिम जादरान संभालते दिखेंगे। सदीकुल्लाह अटल और गुलबदीन नईब के रहने से मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा पिछले साल के वनडे के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई भी स्क्वॉड में हैं, जो तेज गेंदबाजी के साथ-साथ मध्यक्रम में अच्छी बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने साथ ही तीन रिजर्व खिलाड़ी भी रखे हैं। (अनंत ज्ञान)

# स्पेनिश फुटबॉल लीग में बार्सिलोना ने लेवांटे को 3-2 से हराया

एजेंसी, बार्सिलोना। बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में मेजबान टीम लेवांटे पर 3-2 से जीत दर्ज करके अपना विजय अभियान जारी रखा। शीर्ष लीग में जगह बनाने वाले लेवांटे ने मध्यांतर तक दो गोल की बढ़त हासिल करके सबको चौंका दिया था। गत विजेता बार्सिलोना को दूसरे हाफ में पेड्री गोंजालेज और फेरान टोरेस ने बराबरी दिलाई।



इसके बाद लेमिन यामल ने विजयी गोल करने में मदद की जब उनके क्रॉस पर लेवांटे के उनाई एल्गेजाबल ने गेंद को अपने ही नेट में पहुंचा दिया। यह आत्मघाती गोल मैच में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले लेवांटे के स्ट्राइकर इवान रोमेरो ने 15वें मिनट में मैच का पहला गोल दागा। जोस लुइस मोरालेस ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड लगातार दूसरे मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया। उसने एल्चे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेलकर अपनी बढ़त गंवा दी। एक अन्य मैच में मालोर्का ने सेल्टा विगो के साथ 1-1 से ड्रॉ खेल कर अंक बांटे। (अनंत ज्ञान)

# मारिया शारापोवा और ब्रायन बंधु टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल

एजेंसी, न्यूपोर्ट (अमेरिका)



अपने जमाने की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा तथा युगल में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले ब्रायन बंधु माइक और बॉब को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इस अवसर पर 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स भी उपस्थित थी। उन्होंने अपनी पूर्व प्रतिद्वंद्वी, पूर्व प्रशंसक और सहेली शारापोवा का परिचय कराया। सेरेना 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने की पात्र होंगी।

सेरेना ने कहा, ''मेरे करियर में कुछ ही खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने मुझे हर बार कोर्ट पर उतरते ही सर्वश्रेष्ठ बनने की चुनौती दी। मारिया शारापोवा उनमें से एक थीं। जब भी मैंने ड्रॉ में अपने नाम के बगल में उनका नाम देखा, तो मैंने और कड़ा अभ्यास किया।'' इस अवसर पर शारापोवा ने कहा, ''आपके आसपास किसी ऐसे खिलाड़ी का होना वरदान से कम नहीं है जो आपको चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करे। सेरेना ने मुझे हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं।''

विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाली रूस की पहली महिला खिलाड़ी और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाली दस महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा को अमेरिका के जुड़वा भाइयों माइक और बॉब ब्रायन के साथ टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

इस मौके पर हॉल ऑफ फेमर्स मार्टिना नवरातिलोवा, जिम कूरियर, स्टेन स्मिथ और एंडी रॉडिक भी अपने नीले हॉल ऑफ फेम ब्लेजर पहने हुए दर्शकों में शामिल थे। शारापोवा और ब्रायन बंधुओं को एक कास्ट टेनिस रैकेट भी दिया गया, जो हॉल ऑफ फेम की ओर से शामिल होने वालों के लिए नया उपहार है। (अनंत ज्ञान)

**अनऑफिशियल टेस्ट मैच** दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के 3 खिलाड़ियों ने लगाए अर्द्धशतक

# ऑस्ट्रेलिया-ए वुमंस टीम ने भारत को 6 विकेट से हराया

एजेंसी, नई दिल्ली

टॉप ऑर्डर के दमदार खेल और ऑफ स्पिनर एमी एडगर की शानदार गेंदबाजी के बूते ऑस्ट्रेलिया-ए महिला क्रिकेट टीम ने इंडिया-ए टीम को अनऑफिशियल टेस्ट मैच में छह विकेट से हरा दिया। ब्रिस्बेन में खेले गए मैच में मेजबान टीम को आखिरी दिन रविवार को जीत के लिए 281 रनों की जरूरत थी जो उसने चार विकेट खोकर आसानी से बना लिए।



**राघवी और शेफाली की मेहनत पर फिरा पानी**

ऑस्ट्रेलिया के लिए एनिका लेरॉयड ने 72, मैडी डेक ने 68 और रेचल ट्रेनमैन ने 64 की अर्द्धशतकीय पारियां खेल टीम को जीत दिलाई। इस जीत की बुनियाद एडगर ने भारतीय टीम की बल्लेबाजों को सस्ते में पवेलियन भेज रख दी दी थी। एनिका ने 125 गेंदों का सामना कर नौ चौके मारे। मैडी ने 116 गेंदों की पारी में छह चौके बरसाए और रेचल ने 143 गेंदों का सामना कर छह बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। भारत ने दिन की शुरुआत आठ विकेट के नुकसान पर 260 रनों के साथ की थी। मेहमान टीम को उम्मीद थी कि वीजे जोशिता और तितास साधु कुछ रनों का इजाफा करेंगी जो हो नहीं सका। एडगर ने दिन के दूसरे ओवर में जोशिता को आउट कर अपना पांचवां विकेट लिया और भारत का नौवां विकेट गिरा दिया। जॉर्जिया प्रेस्टविज ने साइमा ठाकुर को बोल्ड कर भारत की दूसरी पारी 286 रनों पर सिमटा दी। भारत ने इस मैच की पहली पारी खेलते हुए 299 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 305 रन बनाते हुए छह रनों की बढ़त ली थी। भारत के लिए दूसरी पारी में राघवी विष्ट ने 86 और शेफाली वर्मा ने 52 रन बनाए थे। राघवी ने पहली पारी में भी 93 रन बनाए थे। (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया ने की तेज शुरुआत

मैच का रविवार को आखिरी दिन था और लक्ष्य हासिल करने के लिए मेजबान टीम को तेज शुरुआत की जरूरत थी। ओपनर ट्रेनमैन और कप्तान ताहलिया विल्सन (46) ने मेजबानों को तेज शुरुआत दी भी। इन दोनों ने भारतीय गेंदबाजी को मौका नहीं दिया और पहले विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी की। जब ऐसा लग रहा था कि यह जोड़ी भारत को मैच से बाहर कर देगी तभी तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने लगातार दो ओवरों में दो विकेट लेकर भारत की वापसी की उम्मीद जगाई। उन्होंने पहले विल्सन को आउट किया और फिर ट्रेनमैन को विकेटकीपर नंदिनी कश्यप के हाथों कैच कराया। फिर डेक और लेरॉयड ने विकेट पर पैर जमाए और तीसरे विकेट के लिए 136 रनों की शानदार साझेदारी कर अपनी टीम को दोबारा मैच में ला दिया। भारत ने इन दोनों को आउट तो किया लेकिन तब तक काफी देर चुकी थी। ऑस्ट्रेलिया की जीत की औपचारिकताओं को निकोल फाल्टम और हेवार्ड ने पूरा किया। निकोल 16 और हेवार्ड चार रन बनाकर नाबाद रहीं।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में सेन और पीवी सिंधू के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी, पेरिस

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सोमवार से यहां शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पहले दौर में शीर्ष वरीय शि यू का सामना करना होगा, जबकि पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू खराब प्रदर्शन से उबरकर कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी। भारत के प्रमुख खिलाड़ियों के लिए यह साल मुश्किल रहा है। चोटों और खराब फॉर्म ने उनकी तैयारी में बाधा डाली है। एक साल पहले ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में फ्रांस की राजधानी में वापसी कर रहे हैं।




अल्मोड़ा का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इसके बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और अगर उन्हें विश्व चैंपियनशिप में आगे बढ़ना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह ली शि फेंग, कोडाई नाराओका और शी के खिलाफ कड़े मुकाबलों में अक्सर लड़खड़ाते रहे हैं। शी का उनके खिलाफ रिकॉर्ड 3-1 है। महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 2019 की विश्व चैंपियन सिंधू को चाइना ओपन में साथी भारतीय उन्नति हुड्डा से मिली हार से उबरना होगा। पांच विश्व चैंपियनशिप पदकों के साथ सबसे सफल भारतीय सिंधू अपने अभियान की शुरुआत बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ करेंगी। विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने वाले एचएस प्रणय का पहला मुकाबला फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से होगा। अगर वह पहली बाधा पार कर लेते हैं तो उन्हें दूसरे दौर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन का सामना करना पड़ सकता है। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी दूसरे दौर में हमवतन हरिहरन अम्साकरुनन और रुबेन कुमार या चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से खेलेंगे। (अनंत ज्ञान)